हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची • गुरुवार • 17.10.2024 • वर्ष : 15 • अंक : 86 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## एक नजर

### तेजस्वी यादव कल आएंगे रांची

**रांची :** झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव ने कहा कि बिहार विधासभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव 18 अक्टूबर को रांची आएंगे। वे रांची में राजद के सभी नेताओं, कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। साथ ही चुनाव से संबंधित सभी से बातचीत करेंगे। राजद के मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने कहा कि तेजस्वी प्रसाद यादव सड़क मार्ग से रांची पहुंचेंगे। तेजस्वी वर्तमान राजनीतिक स्थिति एवं राष्ट्रीय जनता दल कितने सीटों पर चुनाव लड़ेगी इस पर भी अपने दल के सभी नेताओं एवं कार्यकताओं के साथ गंभीरता पूर्वक विचार-विमर्श करेंगे।

### सिविल सर्जन 70 हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

**देवघर :** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने बुधवार को देवघर के सिविल सर्जन डॉ. रंजन सिन्हा को 70 हजार घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। नर्सिंग होम का लाइसेंस रेन्युअल कराने के नाम पर सिविल सर्जन अपने बेलाबगान स्थित आवास नवजीवन हास्पीटल एण्ड रिसर्च सेन्टर पर घूस ले रहा था। गिरफ्तारी के बाद टीम उसे दुमका ले गई। एसीबी के अनुसार बंगाल के नार्थ आसनसोल निवासी मो महफुज आलम ने लिखित आवेदन दिया था कि कॉलेज रोड मधुपुर में आवेदक ने वर्ष 2020 में बंगाल नर्सिंग होम के नाम से एक दस बेड के हॉस्पीटल की शुरूआत किया था। इनके नर्सिंग होम का 9 जून तक का प्रोविजनल प्रमाण पत्र का रेनुवल कराना था। इस बीच इनके गॉल ब्लाडर का ऑपरेशन होने के कारण आवेदक ने 24 दिन की देरी से 3 जुलाई को प्रमाण पत्र रेनुवल का आवेदन देवघर सिविल सर्जन कार्यालय को दिया था। काफी दिन के बाद भी जब इनके आवेदन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई तो वे सिविल सर्जन डॉ रंजन सिन्हा से मिले। सिविल सर्जन देवघर डॉ रंजन सिन्हा ने आवेदक के नर्सिंग होम का प्रमाण पत्र रेनुवल के लिए एक लाख रुपये की मांग की। आवेदक के आरजू विनती करने पर डॉ रंजन सिन्हा बोले कि तीन-चार बार में उक्त राशि दे देना रेनुवल हो जायेगा।

# मोदी सरकार का किसानों को बड़ा तोहफा

# रबी फसलों की एमएसपी में की बढ़ोतरी



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार ने दिवाली से पहले किसानों के लिए एक बड़ा तोहफा दिया है। सरकार ने सरसों की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को 300 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाने का निर्णय लिया है। यह कदम किसानों की आय बढ़ाने और रबी सीजन में प्रमुख फसलों की खेती को बढ़ावा देने के लिए उठाया गया है।

सरसों और गेहूं का नया एमएसपी केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मीडिया को जानकारी दी कि सरसों का नया टरढ अब 5950 रुपये प्रति क्विंटल हो गया है। इसके अलावा, गेहूं का टरढ भी 150 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाकर 2425 रुपये कर दिया गया है। इस निर्णय से देशभर के कई किसानों को फायदा होगा और उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

#### किसानों के कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मोदी कैबिनेट में लिए गए फैसलों की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार किसानों के कल्याण के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने पंजाब-हरियाणा बॉर्डर पर बैठे किसानों का भी जिक्र किया और कहा कि सरकार ने किसानों को लाभ पहुंचाने वाले कई महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं। उन्हें उम्मीद है कि किसान सरकार द्वारा किए गए प्रयासों को देखेंगे और उचित निर्णय लेंगे।

इस प्रकार, एमएसपी और सरकार की नीतियां मिलकर किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

#### किसानों के लिए लाभ

इन बढ़ोतरी के माध्यम से किसानों को उनके फसलों के लिए बेहतर मूल्य मिल सकेगा, जिससे उनकी आय में सुधार होगा और आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित होगी। यह कदम फसल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बीच किसानों को स्थिरता प्रदान करेगा, खासकर दिवाली जैसे महत्वपूर्ण समय में।

### केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के डीए-डीआर में तीन प्रतिशत की वृद्धि

**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार ने 01 जुलाई से अपने कर्मचारियों के महंगाई भत्ते (डीए) और पेंशनभोगियों की महंगाई राहत (डीआर) में तीन प्रतिशत का इजाफा किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में महंगाई की भरपाई के लिए मूल वेतन या पेंशन की 50 प्रतिशत की मौजूदा दर से तीन प्रतिशत की अतिरिक्त वृद्धि को मंजूरी दी गयी। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्वनी वैष्णव ने राष्ट्रीय मीडिया सेंटर में पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी दी।




सरकार के अनुसार यह वृद्धि 7वें केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित स्वीकृत फॉर्मूले के अनुसार है। डीए और डीआर के चलते सरकारी खजाने पर प्रति वर्ष 9,448.35 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। इससे करीब 49.18 लाख कर्मचारियों और 64.89 लाख पेंशनभोगियों को फायदा होगा।

### मार्केटिंग सीजन 25-26 के लिए प्रमुख फसलों के नये एमएसपी निर्धारित

**गेहूं :**
पुराना एमएसपी : 2,275 रुपये प्रति क्विंटल
नया एमएसपी : 2,425 रुपये प्रति क्विंटल (150 रुपये की बढ़ोतरी)

**सरसों :**
पुराना एमएसपी : 5,650 रुपये प्रति क्विंटल
नया एमएसपी : 5,950 रुपये प्रति क्विंटल (300 रुपये की बढ़ोतरी)

**चना :**
पुराना एमएसपी : 5,440 रुपये प्रति क्विंटल
नया एमएसपी : 5,650 रुपये प्रति क्विंटल (210 रुपये की बढ़ोतरी)

**मसूर :**
पुराना एमएसपी : 6,425 रुपये प्रति क्विंटल
नया एमएसपी : 6,700 रुपये प्रति क्विंटल (275 रुपये की बढ़ोतरी)

**सैफ्लॉवर :**
पुराना एमएसपी : 5,800 रुपये प्रति क्विंटल
नया एमएसपी : 5,940 रुपये प्रति क्विंटल (140 रुपये की बढ़ोतरी)

## उमर अब्दुल्ला ने ली जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री पद की शपथ



एजेंसी

**श्रीनगर :** नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के पहले मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (एसकेआईसीसी) में उन्हें और उनके चुने हुए सदस्यों को पद की शपथ दिलाई। वरिष्ठ एनसी नेता सुरिंदर चौधरी ने उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली है।गठबंधन करके चुनाव में उतरी कांग्रेस ने सरकार में न शामिल होने का फैसला लिया है, इसलिए कांग्रेस के किसी भी विधायक को शपथ नहीं दिलाई गई है।

केंद्र सरकार की ओर से 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और जम्मू-कश्मीर को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के बाद उमर अब्दुल्ला का मुख्यमंत्री के रूप में पहला कार्यकाल होगा। मुख्यमंत्री के तौर पर उमर अब्दुल्ला के अलावा नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता सकीना इट्ट, जावेद राणा, जावेद अहमद डार और सतीश शर्मा ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। सुरिंदर चौधरी ने उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली।

इस अवसर पर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा, जेकेएनसी प्रमुख फारूक अब्दुल्ला, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव, पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती, राज्यसभा सदस्य संजय सिंह, सीपीआई नेता डी राजा सहित इंडिया गठबंधन के अन्य नेता भी मौजूद रहे।

जम्मू-कश्मीर के उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद सुरिंदर कुमार चौधरी ने कहा कि इतना बड़ा पद देने के लिए फारूक अब्दुल्ला और उमर अब्दुल्ला को धन्यवाद देने के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं। मुझे उपमुख्यमंत्री बनाने के अपने फैसले से उमर अब्दुल्ला ने साबित कर दिया है कि जम्मू भी कश्मीर जितना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि संसद में गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर में राज्य का दर्जा बहाल किया जाएगा। आज जब हमें यहां की जनता ने चुना है, तो हमें उम्मीद है कि जल्द ही राज्य का दर्जा बहाल किया जायेगा। प्राथमिकता के तौर पर पिछले 10 वर्षों में आई बेरोजगारी, बिजली, पानी, अस्पताल, स्कूल और पर्यटन के मुद्दों को हल करना होगा। हम दरबार मूव को फिर से शुरू करने के लिए भी काम करेंगे।

## देवघर क्यू कॉम्प्लेक्स के मामले में हाई कोर्ट ने कहा, आदेश का अनुपालन करे राज्य सरकार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** देवघर में बाबा बैजनाथ मंदिर के निकट क्यू कॉम्प्लेक्स के फेज दो का निर्माण कार्य शुरू नहीं होने को लेकर सांसद निशिकांत दुबे की अवमानना याचिका की सुनवाई हाई कोर्ट में हुई।

मामले में राज्य सरकार की ओर से खंडपीठ को बताया गया कि इससे संबंधित जनहित याचिका में दिसंबर 2023 को हाई कोर्ट द्वारा पारित आदेश के खिलाफ राज्य सरकार ने रिव्यू पिटिशन हाई कोर्ट में दायर किया है, जिसपर कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा कि कि इतनी विलंब से 9 माह बाद रिव्यू पिटिशन




क्यों दाखिल किया गया जबकि कोर्ट ने जनहित याचिका में देवघर में बाबा बैजनाथ मंदिर के क्यू कॉम्प्लेक्स का निर्माण जल्द करने का आदेश राज्य सरकार को दिया था। हाई कोर्ट की खंडपीठ ने जनहित याचिका में पारित आदेश का अनुपालन करने का राज्य सरकार को निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 18 अक्टूबर निर्धारित की। सुनवाई के दौरान पर्यटन सचिव कोर्ट में सशरीर उपस्थित थे। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता शिवानी जालूका ने पैरवी की।

पिछली सुनवाई में हाई कोर्ट की खंडपीठ ने राज्य सरकार द्वारा दायर किए गए शो काज को रद्द कर दिया था। इसमें राज्य सरकार की ओर से कहा गया था कि सीएसआर फंड से देवघर में क्यू कॉम्प्लेक्स के फेज दो का निर्माण नहीं कराया जा सकता है।

## लातेहार में छह बदमाश गिरफ्तार, पांच हथियार बरामद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**लातेहार :** एसपी कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर अपराधियों के एक गैंग का उद्भेदन कर दिया। पुलिस ने गैंग के 6 अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से चार देशी राइफल एक देसी रिवाल्वर कई गोलियां और नक्सलियों का वर्दी बरामद हुआ है। गिरफ्तार अपराधियों में मनिका के जूंगुर निवासी अपराधी अनिल यादव तथा जावेद अंसारी, सदर थाना के मानिकपुर निवासी सागर यादव, शिवनंदन यादव, लातेहार स्टेशन निवासी अखिलेश यादव तथा बालूमाथ रजवार निवासी मिथिलेश यादव शामिल हैं।



डीएसपी भरत राम ने बुधवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि एसपी कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि मनिका थाना क्षेत्र के जूंगुर गांव का रहने वाला अपराधी अनिल यादव एक अलग प्रतिबंधित क्रियावादी उग्रवादी संगठन बनाकर क्षेत्र में दहशत फैला रहा है। अपराधियों के द्वारा लोगों को डरा-धमकाकर रंगदारी वसूली जा रही है। इस सूचना के बाद एसपी के निर्देश पर पुलिस की एक टीम बनाकर अपराधियों के खिलाफ छापेमारी की गयी।

इस दौरान पुलिस ने जूंगुर गांव के पास जंगल से अनिल यादव को गिरफ्तार कर लिया। अनिल यादव से जब पूछताछ की गई तो उसने अपने संगठन के अन्य सहयोगियों का भी नाम बताया। इसके बाद पुलिस ने अलग-अलग जगहों पर छापेमारी कर गिरोह के सभी 6 अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अपराधियों की निशानदेही पर लातेहार सदर थाना क्षेत्र के मानिकपुरा गांव में छापेमारी कर अपराधियों के द्वारा छुपाए गए चार देशी राइफल, एक देसी रिवाल्वर, चार गोली, चितकबरा वर्दी समेत कई अन्य समान भी बरामद किया। डीएसपी ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों से जब पूछताछ की गई तो अपराधियों ने पुलिस को बताया कि इन लोगों के द्वारा प्रतिबंध प्रतिवादी नक्सली संगठन बनाया गया था और नक्सली के नाम पर रंगदारी वसूलते थे। डीएसपी ने कहा कि अपराधियों का आपराधिक इतिहास भी रहा है। छापेमारी में मनिका थाना प्रभारी शशि कुमार, सत्येंद्र कुमार रंजन पासवान समिति की भी भूमिका महत्वपूर्ण रही।

### विधानसभा निर्वाचन की घोषणा के उपरांत मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने की सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक

# सुविधा एप्प के इस्तेमाल से प्रत्याशियों को नामांकन प्रक्रिया में मिलेगी मदद : रवि कुमार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि विधानसभा आम निर्वाचन की घोषणा के साथ ही राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। इस दौरान सभी राजनीतिक दलों एवं निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्याशियों के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कुछ आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। इसका अनुपालन कर स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित होगा। निर्वाचन प्रक्रिया में सभी के लिए समान अवसर प्राप्त हो, इस उद्देश्य से प्रत्येक प्रत्याशियों द्वारा निर्वाचन के दौरान 40 लाख रुपए की खर्च सीमा तय की गई है। प्रत्याशियों के खर्च में पारदर्शिता लाने के लिए खर्च के ब्योरा की पंजी जिला निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय



में जमा करानी होती है। इस पंजी का जिला निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा उनके कार्यालय की वेबसाईट पर सार्वजनिक की जाती है। वह बुधवार को विधानसभा निर्वाचन हेतु आदर्श आचार संहिता लागू होने के उपरांत सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक कर रहे थे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा सुविधा एप्प बनाया गया है, जिसके इस्तेमाल से प्रत्याशियों द्वारा नामांकन प्रक्रिया में उपयोग होने वाले सभी आवेदनों को भरा जा सकता है। साथ ही नामांकन के दिन के लिए आरओ ऑफिस में अपॉइंटमेंट भी ली जा सकती है। इसके साथ इस माध्यम से अपना ब्योरा भरने एवं एफिडेविट बनाने में भी सहायता प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि सी-वीजिल एप्प के माध्यम से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन मामलों पर त्वरित शिकायत भी दर्ज कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि सभी प्रत्याशियों से अपेक्षा की जाती है कि निर्वाचन संबंधित सभी निदेर्शों को समझते हुए इससे अपने कार्यकर्ताओं को भी अवगत कराएं, जिससे निर्वाचन संबंधी व्यय की गणना में किसी प्रकार की कठिनाई उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के दौरान प्रत्याशियों द्वारा प्रचार-प्रसार, निर्वाचन प्रक्रिया, स्टार कैंपेनर, राजनीतिक दल आदि के लिए राज्य द्वारा कुछ नियम बनाए गए हैं, साथ ही भारत निर्वाचन आयोग द्वारा भी "क्या करे, क्या नहीं करें" की निर्देशिका जारी की गई है। निर्वाचन के दौरान इनका अनुपालन एवं भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अनुपालन कर किसी प्रकार के संशय से बचा जा सकता है।

इस अवसर पर सिस्टम एनालिस्ट एस एन जमील द्वारा निर्वाचन में उपयोग आने वाले ऑनलाइन एप्लीकेशन जैसे सी-विजिल, सुविधा एप्प, केवाईसी आदि प्रत्याशियों के उपयोग में आने वाले विभिन्न एप्लिकेशनों के इस्तेमाल के विषय में बिंदुवार जानकारी दी गई। इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा, ओएसडी गीता चौबे, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता सहित विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## बिहार के सीवान में जहरीली शराब पीने से चार की मौत, 11 बीमार

एजेंसी

**पटना/सीवान :** बिहार में सीवान जिले के भगवानपुर थाना क्षेत्रान्तर्गत कौड़ियां पंचायत और आसपास के गांवों में संदिग्ध परिस्थितियों में चार लोगों की मौत हो गई है। ग्यारह बीमार व्यक्तियों को समुचित इलाज के लिए सदर अस्पताल सीवान और पीएमसीएच पटना भेजा गया है। इनमें से सदर अस्पताल में आठ व्यक्तियों का इलाज जारी है।

इस घटना के बाद से जिला प्रशासन में हड़कंप मचा हुआ है। मृतकों के परिजनों के अनुसार 12 से ज्यादा लोगों की जहरीली शराब पीने से मौत हुई है। महाराजगंज के एसडीएम अनिल कुमार ने इस घटना पर दुख जताते हुए कहा कि प्रथम द्दष्टया शराब पीने से मौत लग रही है। दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मृतकों में कौड़िया वैश्य टोला के अरविंद सिंह (40), रामेंद्र सिंह (30), माघर पोखरा के संतोष महतो (35) और




मुन्ना कुमार (32) हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कौड़िया वैश्य टोला के अरविंद सिंह की रात में ही परिजनों ने अंत्येष्टि कर दी। दो लोगों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है।

इस घटना को लेकर सीवान के डीएम मुकुल कुमार गुप्ता और एसपी अमितेश कुमार घटनास्थल के लिए रवाना हो गए हैं। सीवान के सदर अस्पताल में सदर एसडीएम सुनील कुमार और सदर एसडीपीओ अजय कुमार सिंह पुलिस बल के साथ तैनात हैं। डीएम ने मीडिया से बातचीत में बताया कि 15 लोगों की बीती रात स्थिति गंभीर हुई, जिसमें से तीन लोगों की मौत पहले ही हो चुकी थी जबकि एक की मौत पटना ले जाने के क्रम में हो गई। सदर अस्पताल सीवान में अभी आठ लोग इलाजरत हैं जबकि तीन लोगों को पटना पीएमसीएच भेजा गया है। सदर अस्पताल में इलाजरत आठ में से एक की स्थिति गंभीर है। हमने दो चौकीदारों को निलंबित कर दिया है। साथ ही वहां के एसआई और एएसआई के विरुद्ध विभागीय जांच के आदेश दिये गए हैं।

# विस चुनाव की तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी की अध्यक्षता हुई बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** आगामी विधानसभा आम चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में बुधवार को गठित सभी कोषांगो के नोडल पदाधिकारीयों के साथ सभाकक्ष में बैठक की गईं। बैठक में कार्मिक कोषांग, प्रशिक्षण कार्यक्रम, ईवीएम प्रबंधन, मीडिया मॉनीटरिंग, कम्युनिकेशन प्लान, स्वीप प्लानिंग, आदर्श आचार संहिता, विधि व्यवस्था, एसएमएस मॉनिटरिंग एंड कम्युनिकेशन प्लान, परिवहन कोषांग, पोस्टल बैलेट कोषांग, मीडिया सेल समेत अन्य कोषांगों के दायित्व के निर्वहन और कर्तव्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। उपायुक्त ने आगामी विधानसभा चुनाव 2024 के तहत



सभी चुनावी प्रक्रियाओं को साफ-स्वच्छ, निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर संपन्न कराने की बात कही। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी से अपेक्षा की जाती है कि उन्हें मतदान केंद्र तक पहुंच मार्ग, मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन, चुनावी प्रबंधन, मतदान प्रक्रिया, ईवीएम, वीवीपैट की कार्य प्रणाली,आदर्श आचार संहिता, मीडिया कोषांग की भूमिका, कानून व्यवस्था आदि का ज्ञान रहे। इसलिए सभी बातों को अच्छी तरह से समझ ले। बैठक में उपायुक्त ने चुनाव के मद्देनजर गठित विभिन्न कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों से विचार विमर्श किया तथा चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कार्मिक कोषांग को चुनाव के दौरान कार्य करने वाले पदाधिकारियों एवं कर्मियों से संबंधित डाटा बेस तैयार करने का निर्देश दिया। चुनाव के दौरान इस्तेमाल की जाने वाली सामग्रियों से संबंधित सूची जल्द से जल्द सामग्री कोषांग को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। इसके अलावे बैठक में उपायुक्त ने मतदान के समय मतदान कर्मियों को सेक्टर व बूथ तक पहुंचाने के लिए छोटी-बड़ी वाहनों का आकलन करते हुए वाहन की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित कोषांग पदाधिकारी को दिया। उपायुक्त ने कहा कि आगामी चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु यह बहुत जरूरी है कि चुनाव में कार्य कर रहे अधिकारियों व कर्मियों को विभिन्न चरणों में प्रशिक्षण दिया जाए। इसके लिए उपायुक्त ने वरीय पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग को कार्य योजना तैयार करते हुए प्रशिक्षण संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में कोषांगों के गठन व पदाधिकारियों-कर्मियों की प्रतिनियुक्ति, मतदान दल-सेक्टर मजिस्ट्रेट को सामग्री वितरण, मतपेटी की उपलब्धता, पंजी संधारण, मतदान कर्मियों के आवागमन के लिए वाहन की सुविधाएं, मतदाता जागरूकता संबंधी कार्य समेत कई अन्य मुद्दों पर विचार-विमर्श कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद,उप निर्वाचन पदाधिकारी मां देव प्रिया, प्रशिक्षु आईएएस लोकेश बारंगे, समेत कार्यपालक दंडाधिकारी एवं सहायक नोडल पदाधिकारी पदाधिकारी मौजूद रहें।

## एक नजर

### झारखंड में नए नेतृत्व के लिए संजय मेहता को चुनाव लड़ना चाहिए : अमित यादव

**हजारीबाग :** स्थानीयता और झारखंडी मुद्दो की लड़ाई लड़ रहे क्रांतिकारी योद्धा सह जेबीकेएसएस के केन्द्रीय अध्यक्ष संजय मेहता से उनके समर्थकों और आमजनों ने चुनाव लड़ने हेतु अपील किया है। चुनाव की घोषणा होते ही समर्थकों का हुजूम उनके कार्यालय में उमड़ पड़ा। सभी ने जल्द से जल्द उम्मीदवारों की सूची जारी करने की मांग की। जिसमें केन्द्रीय अध्यक्ष संजय मेहता का नाम होना जरूरी बताया। रांची के कांके में आयोजित केंद्रीय समिति की बैठक में भी केंद्रीय समिति के सदस्यों ने संजय मेहता से चुनाव लड़ने की अपील की। केंद्रीय समिति ने साफ तौर पर कहा कि संजय मेहता संगठन के चेहरा हैं और उन्हें चुनाव लडना ही होगा। स्थानीय निवासी सौरभ कुमार ने कहा कि झारखंड आदूरदर्शी नेताओं के दंश को झेल रहा है। ऐसे में एक पढे-लिखे नेता की जरूरत है जो झारखंड को सही दिशा दिखा कर यहाँ की दशा को बदलने की काबिलियत रखता है। उन्होंने कहा कि झारखंड में एक भी ऐसा नेता नहीं है जो झारखंड कि नीतियों को बनाने कि सलाहियत रखता हो। एकमात्र संजय मेहता जी हैं जो नीतियों पर अपने विजन को लोगों तक पहुँचा रहे हैं। पुनर्वास, विस्थापन, स्थानीयता, नियोजन जैसे मुद्दों पर अच्छी जानकारी रखते हैं और उसके संदर्भ में कानून बनाने में सक्षम हैं। उनकी कानूनी जानकारी विषय पर अच्छी पकड़ एवं झारखंडी मान सम्मान के खातिर उनका समर्पण उन्हें सबसे अलग बनाता है। झारखंड को ऐसे योद्धाओं की जरूरत है। वहीं स्थानीय निवासी सानिया ने कहा कि यदि वो चुनावी मैदान में नहीं उतरेंगे तो झारखंड का नेतृत्व एक बार फिर गलत हाथों में चला जाएगा। झारखंड को बचाने के लिए संजय जी को चुनाव लड़ना ही होगा, हम सब मिलकर उन्हें जिताएंगे।

### भूमि विवाद में महिला के साथ मारपीट व गाली गलौज का आरोप

**बरकट्ठा :** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम झुरझुरी में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में लड़ाई में महिला के साथ मारपीट और गाली गलौज का आरोप का मामला सामने आया है। इस संबध में कौशल्या देवी ने बरकट्ठा थाना को लिखित शिकायत दी है। जिसमें उन्होंने कहा है कि हम अपने भूमि में खड़ी थी, इसी बीच डुगी महतों समेत अन्य लोग आए और जमीन घर के सामने घेरने लगे। पूछने के बाद गाली गलौज करते हुए कुल्हाड़ी से मार दिया। जिसके बाद हम खून से लथपथ हो गई। आसपास के लोगों ने मेरी जान बचाते हुए सीएचसी में भर्ती कराया। जिसके बाद सदर रेफर कर दिया।

### पेट्रोल पंपों पर चलाया मतदाता जागरुकता अभियान

**खूंटी :** विधानसभा चुनाव की घोषणा होते ही खूंटी जिले में राजनीतिक गतिविधि तेज हो गई है। जिला प्रशासन भी स्वीप कार्यक्रम के तहत प्रतिदिन विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाता जागरुकता कार्यक्रम चला रहा हैं। इसी कड़ी में बुधवार को जिले के कई पेट्रोल पंपों पर मतदाता जागरुकता कार्यक्रम चलाया गया। इस दौरान पेट्रोल पंप पर आने वाले ग्राहकों और पंप पर कार्यरत कर्मियों को खूंटी और तोरपा विधानसभा क्षेत्र में 13 नवंबर को होने वाले मतदान के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करने के लिए प्रेरित किया गया। मौके पर जागरूक मतदाता के रूप में पहचान पत्र दिखाने वाले ग्राहकों को पुरस्कृत भी किया गया। साथ ही सभी कर्मियों एवं ग्राहकों को मतदाता प्रतिज्ञा दिलाते हुए लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा गया।

## वार्ता के लिए कंपनी गई विधायक सुरक्षा कर्मियों ने नहीं दिया घुसने



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** विधायक अंबा प्रसाद गारमेंट सेंटर को खुलवाने की मांग को लेकर बुधवार 12:00 बजे महिलाओं के संग त्रिवेणी सैनिक माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के अधिकारियों के साथ वार्ता के लिए पहुंची थी। परंतु भारी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति एवं सुरक्षा को ख्याल में रखते हुए कंपनी में तैनात सुरक्षा कर्मियों ने लोगों को गेट के अंदर घुसने नहीं दिया, और गेट को बंद कर दिया गया। जिसके कारण गुस्साए विधायक अंबा प्रसाद ने महिलाओं के संग गेट के पास जमीन पर ही बैठ गई और कंपनी के वरीय पाधिकारियों के साथ वार्ता करने पर अड़ गई। लगभग 2 घंटे बाद कंपनी के अधिकारियों की उपस्थिति में सकारात्मक वार्ता हुई। जिसमें कंपनी के अधिकारियों ने 23 अक्टूबर सुबह 10:00 बजे वार्ता करने का समय निर्धारित किया । मामले को लेकर विधायक ने कहा कि गारमेंट सेंटर बंद होने से दर्जनों महिलाये बेरोजगार हो गई है। राज्य सचिव एवं उपायुक्त के निर्देश के बावजूद गारमेंट सेंटर नहीं खोला गया है। गारमेंट सेंटर पिछले वर्ष से हीं बंद पड़ा है जिसे लेकर वार्ता के लिए पहुंचे थे। गेट बंद कर देने के कारण हम लोग जमीन पर ही बैठ गए थे। बेरोजगार महिलाओं की स्थिति काफी दयनीय है, कंपनी को इसे गंभीरता से लेने की जरूरत है। ताकि इन्हें रोजगार से जोड़ा जा सके।

## विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर एसडीओ ने निषेधाज्ञा आदेश किया जारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन-2024 की घोषणा के साथ ही बरही अनुमंडल क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। अनुमंडल दंडाधिकारी जोहन टुडू ने शांति व्यवस्था बनाए रखने और आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के लिए कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसके अंतर्गत प्रमुख निषेधाज्ञाओ में राजनीतिक दलों और व्यक्तियों को जातीय या धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाले कार्यों से सख्त रूप से प्रतिबंधित किया गया है। राजनीतिक आलोचनाएं केवल नीतियों और कार्यक्रमों तक सीमित रहेंगी, निजी जीवन पर कोई टिप्पणी नहीं होगी। मतदाताओं से जाति या धर्म के आधार पर समर्थन मांगने पर



प्रतिबंध रहेगा। प्रत्याशियों द्वारा रिश्वत, धमकी, या मुफ्त परिवहन जैसी चुनावी धांधलियों की अनुमति नहीं होगी। मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व से किसी प्रकार की सार्वजनिक सभा या प्रचार-प्रसार पर रोक रहेगी। सार्वजनिक जीवन और नागरिकों के दैनंदिन कार्यों में किसी भी प्रकार का विघ्न नहीं उत्पन्न किया जा सकेगा। बिना लिखित अनुमति के किसी की निजी संपत्ति पर प्रचार सामग्री लगाने पर प्रतिबंध होगा। इसके अलावा बिना पूर्व अनुमति के जुलूस, सभा, या प्रचार कार्यों का आयोजन नहीं किया जा सकेगा। ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग रात 10 बजे से सुबह 6 बजे के बीच पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। सरकारी गेस्ट हाउस या परिसर का राजनीतिक उद्देश्यों के लिए उपयोग नहीं किया जाएगा। प्लास्टिक या प्रतिबंधित सामग्रियों का चुनाव प्रचार में उपयोग वर्जित रहेगा। अस्त्र-शस्त्रों का प्रदर्शन भी पूरी तरह से निषिद्ध रहेगा। यह आदेश बरही अनुमंडल क्षेत्र में अगले आदेश तक लागू रहेगा। हालांकि, शादी-विवाह, छठ पर्व और शव यात्राओं पर यह निषेधाज्ञा लागू नहीं होगी। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है और इसका उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## प्रकाश यादव ने कुलपति से मुलाकात कर की विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** युवा कांग्रेस के हजारीबाग जिलाध्यक्ष प्रकाश यादव ने विनोबा भावे विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति डॉ पवन कुमार पोद्दार से बुधवार को औपचारिक मुलाकात किया। इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय से जुड़े विभिन्न शैक्षणिक एवं प्रशासनिक मुद्दों पर चर्चा की। प्रकाश यादव ने कुलपति को अवगत कराया कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने आचार संहिता उल्लंघन करते हुए, पांच शिक्षकों का अचानक स्थानांतरण करने का आदेश जारी कर दिया जो उचित नहीं है। तीन पीजी विभाग के विभागाध्यक्ष राजनीति शास्त्र के विभागाध्यक्ष के डॉ सुकल्याण



मोइत्रा, इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ विकास कुमार, हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष सह शिक्षक संघ के अध्यक्ष के के गुप्ता, सहायक प्राध्यापक डॉ सुबोध सिंह शिव गीत, सहायक प्राध्यापक डॉ गंगा नाथ झा, का स्थानांतरण होने से विश्वविद्यालय की शैक्षणिक माहौल पर असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि यह स्थानांतरण न केवल आचार संहिता का उल्लंघन है, बल्कि इससे शैक्षणिक व्यवस्था पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसकी शिकायत युवा कांग्रेस द्वारा चुनाव आयोग से की जाएगी। यादव ने विश्वविद्यालय के कुछ पदाधिकारियों पर भ्रष्टाचार में लिप्त होने के गंभीर आरोप लगाए। पदाधिकारियों की मिलीभगत से विश्वविद्यालय को लूटा जा रहा है। कुलपति से इन आरोपों की गहन जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की। विश्वविद्यालय प्रशासन और गार्ड सेवाओं पर कई गंभीर सवाल खड़े किये हैं। गार्ड सर्विस के नाम पर विश्वविद्यालय में छल किया जा रहा है।

## बस से भारी मात्रा में नगद ले जाते व्यक्ति को पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** प्रखंड में आदर्श आचार संहिता लगते ही चौपारण पुलिस हाय अलर्ट मोड में है। चुनाव की तारीख की घोषणा होते ही हर तरफ प्रशासन चका चौंध है। प्रखंड के जीटी रोड से बुधवार को सभी तरह के पोस्टरों को निकाल दिया गया है। प्रत्याशी पैसे की जुगाड़ में लग गए हैं। इसी कड़ी में बुधवार को थाना प्रभारी की सक्रियता से भारी मात्रा में अवैध कैश बरामद किया गया। थानेदार अनुपम प्रकाश ने बताया कि बुधवार को करीब 08.30 बजे चौपारण थाना गेट के सामने अंचल अधिकारी संजय कुमार यादव एंव पु०अ०नि० बिन्देश्वर महतो एंव अन्य बलो के साथ सयुंक्त वाहन चेकिंग के दौरान महारानी बस सं0 बीआर02पीसी-0351 में एक व्यक्ति के पास से एक बैग में रखे थैला से कुल नगद राशि कुल 6,22,970 बरामद हुआ। जिसका जाँच करने पर पकड़ाये व्यक्ति कमलेश प्रसाद शर्मा, पिता- गया प्रसाद शर्मा, पता-बरन्डी थाना-बाराचट्टी जिला गया बिहार सही जानकारी एंव कैश से संबधित कोई कागजात प्रस्तुत नही किया गया। तत्पश्चात वरीय पदाधिकारी एंव एफ० एस० टी० टीम के दण्डाधिकारी प्रदीप कुमार पासवान सूचित किया गया। जिनके द्वारा विधिवत बरामद राशि का जप्ती सूची बनाकर जप्त किया गया। जप्त रुपये एंव पकड़े गये व्यक्ति को अग्रतर कार्रवाई हेतु एफ० एस० टी० टीम के दण्डाधिकारी को सौंपा गया।

## खोड़ाहर रेलवे हॉल्ट क्षेत्र के लोगों के लिए वरदान साबित होगा : रंजीत चंद्रवंशी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता


**बरही :** खोड़ाहर में रेलवे हॉल्ट निर्माण की मांग पर पूर्व मध्य रेलवे ने कार्रवाई शुरू कर दिया है। रेलवे के कॉमर्शियल इंस्पेक्टर बच्चा सिंह और राहुल कुमार ने खोड़ाहर संघर्ष समिति के सदस्यों से मुलाकात कर रेलवे हॉल्ट निर्माण की माँग को लेकर स्थल निरीक्षण किया साथ ही ग्रामीणों और भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के निदेशक से भी मुलाकात कर हॉल्ट से संबंधित जानकारी लिए। खोड़ाहर संघर्ष समिति के सदस्यों के साथ कमर्शियल इंस्पेक्टर ने स्थल निरीक्षण किया और समिति की मांगों और सुझावों को ध्यानपूर्वक सुना। निरीक्षण के दौरान रेलवे हॉल्ट के निर्माण की



जरूरत और इसके लाभों पर गहन चर्चा की गई। खोड़ाहर हॉल्ट निर्माण संघर्ष समिति व भाजपा नेता रंजीत चंद्रवंशी ने कहा कि रेलवे हॉल्ट के निर्माण से ग्रामीणों को बेहतर परिवहन सुविधाएं मिलेंगी, जिससे न केवल क्षेत्रीय विकास को गति मिलेगी बल्कि स्थानीय व्यापार और रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि होगी। इस हॉल्ट का विशेष रूप से भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, पशुपालन और ग्रामीणों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जो इससे सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि रेलवे हॉल्ट निर्माण से गौरिया करमा क्षेत्र के दर्जनों गांव के साथ साथ चतरा जिले के मयूरहंड प्रखंड के दर्जनों गांव के लोगों के लिए वरदान साबित होगा। निरीक्षण के दौरान रेलवे अधिकारियों ने हॉल्ट निर्माण के संबंध में सभी आवश्यक जानकारियों को इकट्ठा किया। उन्होंने मौके पर समिति के सदस्यों को आश्वासन दिया कि उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। साथ ही, रेलवे हॉल्ट की संभावनाओं और इससे संबंधित औपचारिकताओं का भी जायजा लिया गया। इसके अलावा, रेलवे अधिकारियों ने आईसीएआर (भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद) के निदेशक डॉ विशालनाथ पाण्डेय से मुलाकात कर रेलवे हॉल्ट निर्माण से संबंधित जानकारियां प्राप्त कीं। ग्रामीणों और विभिन्न कृषि संगठनों की मांग को देखते हुए, यह हॉल्ट स्थानीय कृषि और पशुपालन के क्षेत्र में भी मददगार साबित हो सकता है। बताते चलें कि पशुपालन विभाग, बिरसा एग्रीकल्चर ने भी रेलवे हॉल्ट की मांग की है। जबकि रंजीत चंद्रवंशी के नेतृत्व में ग्रामीण वर्ष 2015 से रेलवे हॉल्ट की माँग को लेकर संघर्षरत हैं। मौके पर संगठन के संरक्षक भोला सिंह, उमेश कुमार सिंह, उपाध्यक्ष ऋतुराज सिंह, हरिताभ यादव, अरविंद कुमार विक्की, गणेश यादव टेंट, देव कुमार यादव, संतोष यादव, विकाश सिंह, राहुल कुमार समेत दर्जनों संगठन के सदस्य व ग्रामीण उपस्थित थें।

## संक्षिप्त खबरें

### आइस्मा के कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों के समर्थन में शुरू की भूख हड़ताल



**बरही :** भारतीय रेलवे के कर्मचारी अपनी मांगों के समर्थन में आज देशभर में भूख हड़ताल पर चले गए हैं। दिल्ली के जंतर मंतर पर आइस्मा (ऑल इंडिया स्टेशन मास्टर्स एसोसिएशन) के कार्यकताओं द्वारा एक बड़ी भूख हड़ताल शुरू की गई है। इस हड़ताल में बरही रेलवे स्टेशन के स्टेशन अधीक्षक चंदन केशरी और स्टेशन मास्टर गुनिंद्र कुमार भी शामिल हैं। आइस्मा के कर्मचारी अपनी लंबित मांगों को लेकर नाराज हैं और इसके समाधान की दिशा में सरकार से जल्द कार्रवाई की उम्मीद कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार, न केवल जंतर मंतर पर बल्कि देश के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर भी स्टेशन मास्टर और अधीक्षक ड्यूटी के दौरान भूख हड़ताल कर रहे हैं। इस प्रदर्शन का उद्देश्य रेलवे कर्मचारियों की मांगों को सरकार तक पहुँचाना और उनके अधिकारों की रक्षा करना है।

### बैंक ऑफ इंडिया नेग्राहकों के लिए किया ग्राम सभा का आयोजन

**हजारीबाग :** बैंक ऑफ इंडिया सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत ग्राहकों को जागरूक करने के लिए लगातार ग्राम सभा आयोजन कर रही है। इसी क्रम में बैंक ऑफ इंडिया प्रधान कार्यालय सतर्कता विभाग के दिशानिर्देश पर 14.10.2024 को हजारीबाग अंचल में आंचलिक प्रबंधक नरेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में विभिन्न शाखाओं में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। उन्होंने ग्राहकों को संबोधित करते हुए कहा कि, बैंक ऑफ इंडिया ग्राहकों को बेहतर सेवा देने के लिए कटिबद्ध है। साथ ही अंचल के विभिन्न शाखाओं के द्वारा ग्राहकों के लिए सतर्कता एवं जागरूकता से जुड़ा अभियान समय-समय पर चलाया जाता रहेगा। इसी क्रम में हजारीबाग अंचल के सतर्कता अधिकारी मुकुन्द झा ने मंगुरा शाखा का दौरा किया। शाखा प्रबंधक विवेक दीक्षित एंव मुकुन्द झा ने ग्राम पंचायत मंगुरा में ग्राहकों को संबोधित किया और ग्राहकों को धोखाधड़ी से बचने के उपायों के उपर विस्तृत जानकारी दी। साथ ही लुन्दरू मध्य विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए भ्रष्टाचार: समस्या एवं निदान के उपर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं विजेताओं को बैंक ऑफ इंडिया के अधिकारियों के द्वारा पुरस्कृत किया गया। अंचल के विभिन्न शाखाओं के द्वारा ग्राहकों को वर्तमान में बैंकिंग क्षेत्र के धोखाधड़ी से बचने के लिए अपनाई जाने वाली सावधानियों एंव बैंक के योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया।उम्मीद है कि, बैंक ऑफ इंडिया द्वारा चलाए जा रहे सतर्कता कार्यक्रमों के कारण आम ग्राहकों के बीच विश्वास एंव जागरूकता बढ़ेगी एंव बैंकिंग धोखाधड़ी में कमी आएगी।

### निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देश का पालन करना अनिवार्य : जिला निर्वाचन पदाधिकारी

**हजारीबाग :** समाहरणालय सभागर में जिला निर्वाचन पदाधिकारी नैन्सी सहाय ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ 16 अक्तुबर को बैठक की। मौके पर उन्होंने कहा कि आसन्न विधानसभा चुनाव को स्वच्छ, निष्पक्ष एवं सुगम बनाने के निमित निर्वाचन आयोग के द्वारा चुनाव की घोषणा के उपरांत जिले के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। अधिसूचना के 72 घंटे के अंदर राजनीतिक दलों के साथ बैठक कर उन्हें आदर्श आचार संहिता के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी दिया जाना आवश्यक है। मौके पर आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के पश्चात राजनीतिक दलों/अभ्यर्थियों के मार्गदर्शन के लिए विभिन्न अवयवों की जानकारी दी गई जिनमें सामान्य आचरण के तहत कोई भी व्यक्ति अथवा राजनैतिक दल या संगठन, उम्मीदवार/अभ्यर्थी किसी व्यक्ति विशेष के विरूद्व ऐसे किसी आपत्तिजनक टिप्पणी, विधि-विरूद्व संदेश, का प्रयोग व्हाटसएप/ फेसबुक/ एक्स/ इंस्टाग्राम/ अथवा सोशल मीडिया पर या किसी भी तंत्र पर नहीं करेंगे, जिससे किसी की व्यक्तिगत/ मानसिक/धार्मिक/जातीय भावनाएँ आहत होती हो तथा जिससे चुनाव संबंधी आदर्श आचार संहिता का उल्लंधन होता हो। उक्त का उल्लंधन करने की स्थिति में संबंधितों पर सुसंगत प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जायेगी। साथ ही किसी भी व्यक्ति/राजनैतिक दल/ संगठन/ उम्मीदवार/ अभ्यर्थी के द्वारा राजनैतिक प्रयोजन से संबंधित किसी भी प्रकार की सभा, जुलूस, धरना, या किसी भी प्रकार का प्रदर्शन बिना सक्षम पदाधिकारी के पूवार्नुमति के आयोजित नहीं किया जाएगा। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभाओं के संदर्भ में बताया कि किसी भी प्रस्तावित चुनावी सभा, जुलूस मार्ग, कार्यक्रम आदि के संचालन हेतु केवल और केवल ऑनलाइन सुविधा ऐप के माध्यम से सक्षम प्राधिकार के द्वारा अनुमति प्राप्त कर ही दी जायेगी। साथ ही चुनावी रैली में केवल दस वाहनों के प्रयोग किये जाने की अनुमति दी जाएगी। बताया गया कि कोई भी व्यक्ति/राजनैतिक दल/संगठन/उम्मीदवार/अभ्यर्थी किसी धार्मिक स्थल का प्रयोग राजनैतिक प्रचार के लिए नहीं करेंगें एवं साम्प्रदायिक भावना को भड़काने का कार्य नहीं करेंगें। उक्त प्रतिबंध का उल्लंघन करने पर संबंधित व्यक्तियों पर रिलीजियस इंस्टिटयूशन एक्ट-1988 के सुसंगत प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जायगी। साथ ही कोई भी व्यक्ति/राजनैतिक दल/संगठन/उम्मीदवार/अभ्यर्थी मतदाताओं को डराने, धमकाने का कार्य नहीं करेंगें और न ही किसी भी मतदाता को प्रलोभन में लाने का प्रयास करेंगें। वहीं सरकारी स्वामित्व वाले गेस्ट हाउस, किसी भी सरकारी भवन का कोई भी हिस्सा किसी भी राजनीतिक गतिविधियों/सभा/बैठक के लिए उपयोग नहीं किया जाऐगा। इस क्रम में झारखण्ड कंट्रोल ऑफ द यूज एण्ड प्ले ऑफ लाउडस्पीकर एक्ट-1955 अन्तर्गत ध्वनि विस्तारक यंत्र या किसी भी प्रकार के ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग रात्रि 10.00 बजे से प्रातः 6.00 बजे तक वर्जित रहेगा। प्रदुषण फैलाने वाले प्रचार सामाग्रियों यथा-प्लास्टिक/पॉलीथीन से बने पोस्टर, बैनर का इस्तेमाल राजनैतिक प्रचार-प्रसार के लिए नहीं किया जाऐगा।

### जापानीज इन्सेफलाइटिस से संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ आयोजन



**हजारीबाग :** जिला भी.बी.डी. पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार सुबोध की अध्यक्षता में जापानीज इन्सेफलाइटिस से संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन ए.एन.एम.टी. स्कूल, हजारीबाग में किया गया। प्रशिक्षण में जिला भी.बी.डी. पदाधिकारी द्वारा बताया गया जे.ई. एक वायरल बीमारी है जो मादा क्युलेक्स मच्छर के काटने से होता है। यह बीमारी अधिकांशतः बच्चों में पायी जाती है। जे.ई. बीमारी फैलाने का मुख्य कारण जलीय पक्षी, सुअर होते हैं। मच्छरो के द्वारा संक्रमण का विस्तार होता है। बैठक में डब्ल्यू.एच.ओ. के निगरानी विशेषज्ञ डॉ. कुमार दीपक द्वारा इस बीमारी के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। उनके द्वारा बताया गया कि वैसे ग्रामीण क्षेत्र जहाँ जलीय पक्षी पाये जाते हैं तथा सुअर पालन होता है उन्हें अपने आवास से दूर रखना चाहिए। उक्त प्रशिक्षण में हजारीबाग जिले के सभी सा.स्वा. केन्द्रों से आयुष चिकित्सक, सी. एच.ओ., एम.पी. डब्ल्यू, एवं शहरी प्रा.स्वा.केन्द्रों से चिकित्सक, ए.एन.एम. लोक स्वास्थ्य प्रबंधक ने भाग लिया। जिला मलेरिया कार्यालय से भी.बी.डी. सलाहकार, मलेरिया निरीक्षक एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

एक नजर

## आईएएस अलका तिवारी बन सकती हैं झारखंड की मुख्य सचिव

**रांची** : आईएएस अलका तिवारी को झारखंड का अगला मुख्य सचिव बनाया जा सकता है। केंद्र सरकार ने आईएएस अलका तिवारी को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से उनके मूल कैडर झारखंड में वापस करने का आदेश जारी किया है। सूत्रों का कहना है कि उन्हें मुख्य सचिव के पद पर पदस्थापित किया जा सकता है। अलका तिवारी 1988 बैच की आईएएस हैं। वह झारखंड के कई जिलों में डीसी के पद पर भी काम कर चुकी हैं। वर्तमान में झारखंड में मुख्य सचिव के पद पर आईएएस एल ख्यांग्ते पदस्थापित हैं। एल ख्यांगते इसी माह 31 अक्टूबर को सेवानिवृत होंगे। झारखंड में अचार संहिता लागू हो गया है। इस कारण मुख्य सचिव के पद पर पदस्थापन का फैसला चुनाव आयोग को ही लेना है।

## आरपीएफ ने नाबालिग लड़की को बचाया

**रांची** : रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने एक नाबालिग लड़की को एक व्यक्ति से बचाया है। रांची के मण्डल सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार को लोकल पुलिस चान्हो से सूचना मिली कि एक व्यक्ति एक नाबालिक लड़की को लेकर भाग गया है, जिसका केस थाने में दर्ज हुआ है। उसका लोकेशन हटिया के पास दिखा रहा है। जानकारी मिलते ही उन्होंने तत्काल आरपीएफ हटिया को रेलवे स्टेशन पर मिले फोटो के अनुसार तलाशी अभियान चलाने के लिए निर्देश दिया। आरपीएफ हटिया के जरिये तलाशी अभियान दौरान देखा गया कि प्लेटफॉर्म संख्या दो पर एक नाबालिग लड़की के साथ एक पुरुष बैठा था, फिर दोनों को लोकल पूलिस चान्हो के जरिये उपलब्ध कराए गए फोटो से मिलान किया गया और उनसे नाम पता पूछने पर उसने अपना रवि मुंडा बताया। वह चान्हो का रहने वाला है। मामले की सूचना लोकल पुलिस चान्हो को दी गई। पकड़े गए व्यक्ति और पीड़ित दोनों को सुरक्षित चान्हो पुलिस को सौंप दिया गया।

## झारखंड ताइक्वांडो की टीम पुडुचेरी रवाना

**रांची** : पुडुचेरी ताइक्वांडो स्पोर्ट्स एसोसिएशन और भारतीय ताइक्वांडो महासंघ द्वारा आयोजित 40वीं सीनियर राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप 18 से 20 अक्टूबर को पुडुचेरी के राजीव गांधी इंदौर स्टेडियम में आयोजित होने वाली चैंपियनशिप के लिए झारखंड ताइक्वांडो की टीम रवाना हुई। टीम झारखंड ताइक्वांडो के वरीय सदस्य व रांची जिला के सचिव सैयद फारुक नदीम कोच के नेतृत्व में धनबाद अल्लपुजा एक्सप्रेस से रवाना हुई। देवघर, हजारीबाग, रांची, धनबाद जमशेदपुर, गोड्डा के खिलाड़ियों का चयन देवघर में आयोजित स्टेट चैंपियनशिप में किया गया था। खिलाड़ियों, जो झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे, उनमें अविनाश नारायण सिंह,आदित्य नारायण सिंह, रोशन कुमार चौहान, उत्कर्ष सिंह, हर्षित राज, चेतन कुमार, दीपक कुमार, मनजीत सिंह, अकीब जावेद। महिला खिलाड़ीयों में बुधेश्वरी कुमारी, राजनंदिनी, नीरा कुमारी, अंजली केशरी शामिल है। सभी खिलाड़ियों को झारखंड ताइक्वांडो के सचिव नीरज कुमार, उपाध्यक्ष मनोज कुमार, कोषाध्यक्ष बमबम कुमार देव, संयुक्त सचिव रबीउल हुसैन, दिलीप कुमार, राजीव रंजन, देवघर ताइक्वांडो के अध्यक्ष अनूप कुमार, संरक्षक जेसी राज ने खिलाड़ियों को बधाई दी। साथ ही जीत के लिए शुभकामनाएं भी दी।

# विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राजधानी रांची में 23 नवंबर तक निषेधाज्ञा लागू

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : झारखंड में विधानसभा चुनाव के ऐलान के साथ ही प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गयी है। इसी क्रम में राजधानी रांची विधानसभा क्षेत्र में निष्पक्ष चुनाव और शांतिपूर्ण माहौल बनाये रखने के लिए निषेधाज्ञा जारी की गयी है। चुनाव प्रक्रिया की समाप्ति होने तक भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए रांची सदर अनुमंडल अंतर्गत सभी विधान सभा क्षेत्रों में निषेधाज्ञा जारी कर दिया गया है।



रांची के सदर अनुमंडल दंडाधिकारी उत्कर्ष कुमार के जरिये राजधानी में निषेधाज्ञा जारी कर दिया गया है। डीसी कार्यालय से मंगलवार देर रात जारी सूचना में बताया गया है कि निषेधाज्ञा 23 नवंबर रात 11.00 बजे तक लागू रहेगा। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। आदेश में बताया गया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधान सभा निर्वाचन 2024 की घोषणा कर दी गई है और घोषणा की तिथि से ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी है।

इस अवधि में विभिन्न राजनीतिक दलों तथा प्रत्याशियों के द्वारा चुनाव प्रचार के लिए जनसभा, जुलूस का आयोजन किया जाएगा। जनसभा और जुलूस में राजनितिक प्रतिद्वंदिता एवं प्रतिस्पर्धा के कारण शस्त्र एवं शक्ति प्रदर्शन कर मतदाताओं को प्रभावित और आंतकित किये जाने तथा विधि-व्यवस्था भंग होने की प्रबल संभावना बनी रहती है। इसके अतिरिक्त मतदाताओं को डराने, धमकाने जातीय, साम्प्रदायिक तथा धार्मिक विद्वेष की भावना फैलाने के लिए असामाजिक तत्वों के सक्रिय होने के कारण विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हो सकती है। इससे लोक शांति भंग हो सकती है।

इसको लेकर अनुमंडल दंडाधिकारी, सदर, उत्कर्ष कुमार के द्वारा निष्पक्ष चुनाव और शांतिपूर्ण माहौल बनाये रखने के लिए चुनाव प्रक्रिया की समाप्ति होने तक भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा-163 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए रांची सदर अनुमंडल अंतर्गत सभी विधान सभा क्षेत्रों में निषेधाज्ञा जारी करते हुए निम्नांकित आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार, किसी भी व्यक्ति, राजनितिक दल, संगठन, उम्मीदवार और अभ्यर्थी के जरिये राजनीतिक प्रयोजन से संबंधित किसी भी प्रकार की सभा, जुलूस, धरना-प्रदर्शन बिना सक्षम पदाधिकारी के पुवार्नुमति के आयोजित नहीं किया जाएगा। जुलूस में किसी भी व्यक्ति के पास किसी भी प्रकार का धारदार हथियार (अस्त्र एवं शस्त्र) जो मानव शरीर के लिए घातक हो को लेकर चलने पर प्रतिबंध लगाया जाता है। साथ ही ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग रात्रि 10.00 बजे से प्रातः 6.00 बजे तक वर्जित रहेगा। इसके अलावा भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) में परिभाषित किसी भी अपराध करने तथा शांति भंग करने के उद्देश्य से पांच या उससे अधिक व्यक्ति किसी भी स्थान पर एकत्रित नहीं होंगे। यह आदेश पूवार्नुमति प्राप्त सभा, जुलूस, शादी, बारात पार्टी, शव-यात्रा, हाट-बाजार और अस्पताल जा रहे मरीज के साथ-साथ जा रहे व्यक्तियों एवं विद्यालय तथा महाविद्यालय जाने वाले छात्र-छात्राओं एवं कर्त्तव्य पर तैनात सरकारी कर्मचारी, पुलिस बल पर लागू नहीं रहेगा।

## दिशोम गुरु शिबू सोरेन से मिले मंत्री हफिजुल हसन



**रांची** : नगर विकास एवं आवास विभाग मंत्री हफिजुल हसन ने आज झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन से मुलाकात की। इस बीच विधानसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा हुई और सोरेन ने मंत्री हफिजुल को चुनाव के लिए शुभकामनाएं दीं। सोरेन से मिलने के बाद हफिजुल ने मीडिया, कार्यकताओं और साथियों से कहा कि यह चुनाव हमारा है। पूरी मेहनत और दिल से काम करें। हमारे किए गए कामों को हर घर तक पहुंचाएं, ताकि सभी जानें कि हेमंत सरकार ने क्या किया और आगे क्या करने की योजना है।

# एनयूएसआरएल के छात्रों की टीम ने की एफडीआई अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थता मूट में शानदार प्रदर्शन, बर्लिन जाने का मिला अवसर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ (एनयूएसआरएल) के छात्रों की एक उत्कृष्ट टीम ने एफडीआई अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थता मूट 2024 (दक्षिण एशिया राउंड) में सेमी-फाइनलिस्ट के रूप में शानदार प्रदर्शन किया है। इस टीम में सार्थक कुमार, लीजा गुप्ता, सूर्यांश सिंह, एयलाह सिंह, और अभिनव शुक्ला शामिल हैं। इनकी मेहनत और प्रतिभा के बल पर अब उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए बर्लिन जाने का अवसर मिला है।

टीम ने अपनी उत्कृष्टता के चलते प्रतियोगिता के टॉप चार में जगह बनाई है और उन्हें 1-4 नवंबर, 2024 को होने वाले अंतरराष्ट्रीय राउंड में हिस्सा लेना है।



एनयूएसआरएल के छात्रों ने न केवल अपने विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया, बल्कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से देश का गौरव भी बढ़ाया है। टीम ने जटिल कानूनी मुद्दों जैसे क्रमिक स्पष्टीकरण, तृतीय-पक्ष फंडिंग, लागत की सुरक्षा, और प्रतिकूल निष्कर्ष निकालने की शक्तियों को सफलतापूर्वक संबोधित किया।

मूट कोर्ट की संयोजक सोनी भोला ने कहा, हमारी टीम ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी जगह बनाने के लिए कड़ी मेहनत की है। सभी सदस्यों ने एक साथ मिलकर रिसर्च किया और शिक्षकों के मार्गदर्शन से संदेहों का समाधान किया। उनका यह सफलता केवल व्यक्तिगत प्रतिभा का परिणाम नहीं है, बल्कि विश्वविद्यालय के बेहतरीन माहौल और सामूहिक प्रयास का भी प्रमाण है।

उपकुलपति डॉ. प्रो. अशोक आर. पाटिल ने कहा, हमारे छात्रों की प्रतिभा अब स्पष्ट रूप से सामने आ रही है। उनकी मेहनत के परिणाम देखने को मिल रहे हैं। मैं विश्वास करता हूं कि वे आगे भी बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे। पूरी विश्वविद्यालय परिवार की ओर से उन्हें ढेर सारी शुभकामनाएं कि वे इस प्रतियोगिता में सफल होकर लौटें।

इस प्रकार, एनयूएसआरएल के छात्रों की यह टीम न केवल शिक्षा के क्षेत्र में, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बना रही है।

# सब्जी मंडी में लगी आग, मची अफरा-तफरी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : राजधानी रांची के सुखदेव नगर थाना के समीप स्थित सब्जी मंडी में बुधवार की सुबह आग लग गई।। अगलगी की वजह से सब्जी मंडी में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस, दमकल कर्मी और स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। स्थानीय लोगों के मुताबिक, आग सब्जी के बॉक्स और कैरेट में लगी थी, जो धीरे धीरे पूरे मार्केट में फैल गई। आग की लपटें इतनी जल्दी से फैली की सब्जी मंडी के दोनो ही मालों पर आग फैल गई। आग की लपटें काफी तेज होने के कारण नजदीक से कोई पानी भी नही डाल पा रहा था। सुखदेवनगर थाने के द्वारा मामले की जानकारी अग्निशमन विभाग को दी गई जिसके बाद टीम किसी तरह मंडी पहुची और आग पर काबू पाया। सब्जी कारोबारियों का कहना था कि अगलगी की वजह से उन्हें भारी नुकसान हुआ है। किसी का आलू जल गया तो किसी का प्याज। आलू प्याज के साथ-साथ सबसे ज्यादा सब्जी रखने वाले कैरेट जले हैं। सब्जी कारोबारी को लाखों का नुकसान हुआ है। दुकानदारों ने कहा कि आग लगने की सबसे बड़ा कारण यहां नशेड़ियों का जमावड़ा है। आशंका जताई जा रही है कि सब्जी मंडी में नशा करने वाले लोग गांजा पीते हैं। इसी क्रम में माचिस की तिल्ली जहां-तहां फेंकने के क्रम में चिंगारी से आग लग गई हो। कुछ लोगों का कहना है कि शॉर्ट सर्किट से भी आग लग सकती है। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। आग को बुझा लिया गया है। पूरे मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

# ध्वनि प्रदूषण की रोकथाम को लेकर सख्ती से करें आदेश का पालन : एचसी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : झारखंड हाईकोर्ट में बुधवार को राजधानी रांची में बढ़ रहे ध्वनि प्रदूषण को लेकर सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट के स्वतः संज्ञान और शहर में बैंकवेट हॉल, धर्मशाला, मैरेज हॉल में लाउडस्पीकर व डीजे के साथ रात 10:30 बजे के बाद बारात लगने से होने वाली ध्वनि प्रदूषण रूल के उल्लंघन को लेकर दाखिल झारखंड सिविल सोसाइटी की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। इस दौरान हाईकोर्ट की खंडपीठ ने रांची में ध्वनि प्रदूषण को लेकर राज्य सरकार को कोर्ट के 19 सितंबर 2023 के आदेश का सख्ती से अनुपालन करने का निर्देश दिया।

इस मामले में सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट की खंडपीठ ने कहा है कि अगर ध्वनि प्रदूषण को लेकर कोई भी शिकायत करता है, तो उसके नाम का खुलासा न किया जाए। इससे उसे किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि ध्वनि प्रदूषण को लेकर कोर्ट ने 19 दिसंबर 2023 को विस्तृत आदेश पारित किया था, लेकिन इसे लेकर राज्य सरकार गंभीर नहीं है। कहा गया कि ध्वनि प्रदूषण को रोकने के लिए साल 2019 में गठित टास्क फोर्स कोर्ट के आदेश का सही तरीके से अनुपालन नहीं कर पा रही है।

इस सुनवाई में खंडपीठ को यह भी बताया गया कि कई साइलेंट जोन, जिनमें सीसीएल के गांधीनगर अस्पताल शामिल हैं। इसके आसपास भी ध्वनि प्रदूषण हो रहे हैं। जबकि साइलेंट जोन में ध्वनि प्रदूषण नहीं होना चाहिए।

# राज्य के 804 विद्यालयों में मॉडल लैब्स की तर्ज पर व्यावसायिक शिक्षण प्रयोगशालाएं बनाने की तैयारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : राज्य के 804 सरकारी विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा को उन्नता प्रदान करने एवं विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण और व्यवहारिक व्यावसायिक शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से मॉडल प्रयोगशालाएं बनाई जाएंगी। इन उन्नत प्रयोगशालाओं में विद्यार्थियों को 11 व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की व्यवहारिक शिक्षा दी जायेगी। इन उन्नत लैब्स की अधिष्ठापना से पहले झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, रांची में छह मॉडल प्रयोगशालाएं बनाई गयी है। इन छह मॉडल प्रयोगशालाओं में परिधान एवं फैशन, ऑटोमोटिव, हेल्थकेयर, ब्यूटी एंड वैलनेस,



इलेक्ट्रॉनिक्स एंड हार्डवेयर, टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी शामिल है।

वर्तमान में छह प्रयोगशालाओं की स्थापना की गयी है। आने वाले कुछ दिनों में रिटेल, एग्रीकल्चर, आईटी, मीडिया एंड एंटरटेनमेंट और मल्टीस्किल से जुडी प्रयोगशालाएं भी स्थापित की जाएंगी। इन्हीं प्रयोगशालाओं की तर्ज पर राज्य के 804 सरकारी विद्यालयों में प्रयोगशालाएं बनाई जाएंगी, जिससे बच्चो को व्यवहारिक व्यावसायिक शिक्षा में सहयोग मिलेगा।

### जेसीईआरटी में शिक्षकों को मिलेगा प्रशिक्षण

झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद में आने वाले व्यावसायिक प्रशिक्षक भी इन प्रयोगशालाओं के माध्यम से व्यवहारिक व्यावसायिक शिक्षा का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। इसके बाद वे अपने विद्यालयों में जाकर स्कूली बच्चों को बेहतर प्रशिक्षण दे सकें। इन प्रयोगशालाओं में उन्नत तकनीकों के माध्यम से व्यावसायिक प्रशिक्षक शिक्षा में नवाचार से अवगत रहेंगे। व्यावसायिक शिक्षा के प्रभाग प्रभारी श्री स्वप्निल हेमंत कुजूर ने बताया कि विद्यार्थियों को उन्नत व्यावसायिक शिक्षा प्रदान करने के लिए 2086 वोकेशनल प्रशिक्षक को प्रशिक्षण दिया जायेगा। वर्तमान में विद्यालयों में 11 प्रकार की व्यावसायिक शिक्षा दी जा रही है। इसमें गुणवत्ता सुनिश्चित करने और शिक्षकों को विशेष प्रशिक्षण देने के मकसद से राज्य स्तर पर झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, रांची में प्रयोगशालाएं बनाई गयी है। व्यावसायिक प्रशिक्षको के कार्यो का निरंतर मूल्यांकन किया जायेगा। साथ ही समय समय पर उन्हें व्यावसायिक शिक्षा में नवाचार से अवगत कराने के लिए जेसीआरटी में प्रशिक्षण भी मिलेगा। इन प्रयोगशालाओं का निरिक्षण किया गया है। जांच के दौरान जो कमियां पायी गयी, उन्हें त्वरित निष्पादित करते हुए नवीन उपकरणों एवं सामग्रियों के साथ 804 विद्यालयों में भी प्रयोगशालाएं अधिष्ठापित करने का निर्णय लिया गया है।

संक्षिप्त खबरें

## विस चुनाव में प्री-पोल ड्यूटी के लिए राज्य को मिली अर्धसैनिक बलों की 100 कंपनी



**रांची** : विधानसभा चुनाव के मद्देनजर झारखंड को चुनाव आयोग के निर्देश पर 100 कंपनी अर्द्धसैनिक बल प्राप्त हुआ है। इनमें सीआरपीएफ, सीआइएसएफ, बीएसएफ, एसएसबी और आइटीबीपी शामिल हैं। इन बलों को राज्य के सभी 24 जिलों में तैनात किया जाएगा। प्रत्येक जिले में 3 से 5 कंपनी अर्द्धसैनिक बल तैनात किए जाएंगे। ये बल फ्लैग मार्च, क्षेत्रीय डोमिनेशन, और चेकिंग जैसे कार्यों में लगाए जाएंगे, ताकि आम जनता में सुरक्षा का विश्वास बढ़े और चुनाव के समय व्यवस्था चाक-चौबंद रहे। झारखंड में 13 और 20 नवंबर को दो चरणों में मतदान होगा जबकि मतगणना 23 नवंबर को होगी। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए झारखंड पुलिस ने चुनाव आयोग से 590 कंपनी अर्द्धसैनिक बल की मांग की है। हालांकि, अभी तक अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है कि झारखंड को कितनी और कंपनी मिलेगी। उल्लेखनीय है कि पिछले लोकसभा चुनाव में झारखंड को 230 कंपनी अर्द्धसैनिक बल मिले थे।

## नव प्रोन्नत 464 एएसआई को बैज पहनाकर किया गया सम्मानित



**रांची** : रांची के कांके रोड स्थित पुलिस लाइन में बुधवार को पीपिंग सेरेमनी आयोजित की गई। इसमें नव प्रोन्नत 464 एएसआई को बैज पहनाकर सम्मानित किया गया। मौके पर एसएसपी ने कहा कि नवप्रोन्नत एएसआई ऐसा बदलाव लायें, जिससे खुद के साथ-साथ रांची पुलिस की एक अच्छी छवि बन सके। सम्मानित किये गये नवप्रोन्नत पुलिसकर्मियों में खुशी साफ झलक रही थी। इस मौके पर एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा, सिटी एसपी राजकुमार मेहता, कोतवाली डीसीपी प्रकाश सोय और सदर डीएसपी संजीव बेसरा सहित कई अधिकारी मौजूद थे।

## हटिया रेलवे स्टेशन से भारी मात्रा में गांजा जब्त



**रांची** : रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने हटिया रेलवे स्टेशन से भारी मात्रा में गांजा जब्त किया है। आरपीएफ रांची के सहायक सुरक्षा आयुक्त अशोक कुमार सिंह ने बुधवार को बताया कि ऑपरेशन नारकोस के तहत हटिया स्टेशन पर आरपीएफ पोस्ट हटिया, आरपीएफ रांची की फ्लाइंग टीम और जीआरपी हटिया की ओर से संयुक्त जांच की गई। चेकिंग के दौरान प्लेटफॉर्म संख्या दो पर दो ट्रॉली बैग, दो पिट्ठू बैग और एक बैग कुछ भारी चीज पड़ी हुई दिखाई पड़ी। इसका कोई वारिस आसपास नहीं था। यात्रियों और रेलवे कर्मचारियों से उक्त बैग के बारे में पूछा गया लेकिन कोई भी दावेदार के रूप में सामने नहीं आया। संदेह होने पर, सभी पांच बैग को एक-एक करके खोला गया। बैग से मिले 20 पैकेटों का डीडी किट से परीक्षण किया गया जो पॉजिटिव पाया गया। जब्त गांजा का वजन कुल 41 किलोग्राम पाया गया, जिसका अनुमानित कीमत 4,10,000 रुपये आंका गया।

## श्रीश्याम मंदिर में शरद पूर्णिमा उत्सव मनाया गया



**रांची** : श्रीश्याम मित्र मण्डल द्वारा बुधवार को शरद पूर्णिमा के अवसर पर विराट रूप में शरद पूर्णिमा उत्सव आयोजित किया गया। श्री खाटूधाम की परम्परा के अनुसार ही हरमू रोड़ के श्रीश्याम मंदिर में शरद पूर्णिमा उत्सव मनाया गया। श्रीश्याम मित्र मण्डल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि वर्ष में मात्र एक दिन ही खाटूनरेश का श्वेत श्रृंगार होता है जिसमें फूल, पोशाक, आभूषण, प्रसाद, लाईट सभी कुछ श्वेत रहता है। खाटूनरेश के गर्भगृह का चन्दवा - परदा भी लगाया था। मंदिर के सभी गर्भगृह सफेदी से जगमग - जगमग हो रहें थे। सायंकाल को सभी गर्भगृहो को दर्शन -पूजन के खोल दिया गया। श्वेत श्रृंगार का दर्शन वन्दन करने के लिए भक्त उमड़ पड़े ।पूरा श्याम मंदिर खाटूनरेश की जय-जयकारो से गूंज उठा। भक्तजन दर्शन कर भाव विभोर हो रहे थे। रात्रि 7 बजे व 8.30 बजे ग्वाल आरती, रात्रि आरती की गयी। मुख्य समारोह रात्रि 9 बजे मण्डल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी व महामंत्री विश्वनाथ मंदिर नारसरिया के नेतृत्व में प्रारंभ हुआ। खाटूनरेश की अखण्ड ज्योति प्रज्ज्वलित की गयी। प्रसाद का भोग लगाया गया। मण्डल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने भक्तजनों से ज्योति प्रज्ज्वलित अनुष्ठान विधिवत करवाया। सुगंधित इत्र गुलाब का बाबा को अर्पित किया गया। अखण्ड ज्योति में आहुति देने के लिए भक्तजनों की लम्बी- लम्बी कतारें लग गयी। तीन घंटे का अनवरत भजनों का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। मण्डल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने भजन - संकीर्तन का संचालन किया। भजनों की श्रृंखला में श्रवण ढाढ़ंनिया, साकेत ढाढ़ंनिया, गौरव अग्रवाल मोनू, पंकज गाड़ोदिया, वेदभूषण जैन पप्पू, संजय सराफ आदि ने भजनों का गायन करके भजन श्रृंखला को प्रारंभ किया। धनबाद के प्रसिद्ध भजन गायक परितोष एवं श्रीमती मिनी प्रीतम ने एक से बढ़कर एक भजनों का गायन कर खाटूनरेश को रिझाया व भक्तों को झुमाया। ढोलक, ढफली, आरगन, पेड़, डंक के धुन बजाने वालों ने सुंदरतम भक्ति भावना से बजाया सुनाया जिससे शरद पूर्णिमा उत्सव में चार चांद लग गए। स अवसर पर रात्रि 12 बजे बाबा की विशेष शयन आरती की गयी। भक्तजनों को खीर- पुड़ी -लुजी का प्रसाद बाटा गया। विशेष केक भी काटा गया। सभी प्रसाद श्रीश्याम मंदिर में ही निर्मित किया गया था। संजय सराफ, अभिषेक सरावगी, रौनक पौदार, वेदभूषण जैन, अरविन्द सोमनी आदि ने भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया।

## एक नजर

### देसी कट्टा के साथ युवक गिरफ्तार

**बोकारो** : को-ऑपरेटिव कॉलोनी मोड़ के समीप शराब दुकान के पास मंगलवार की शाम करीब 6.40 एक काले रंग की टी-शर्ट पहने एक युवक देसी कट्टा लेकर घूम रहा है इसकी गुप्त सूचना जब गश्ती टीम के एसआई वीरेन्द्र खाखा को मिली। इसके बाद सीटी डीएसपी अलोक रंजन के नेतृत्व में टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई करते टीम शराब दुकान के पास पहुंची। पुलिस को देख सेक्टर दो की तरफ भागने लगा। टीम ने उसे खदेड़कर पकड़ लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम प्रमोद शर्मा बताया। वह सेक्टर 2/बी आवास संख्या 2-412 में रहता है। तलाशी लेने पर उसकी कमर से एक लोडेड देसी कट्टा मिला। उसकी जेब से 8 एमएम की दो जिन्दा गोली बरामद की गई। कागजी प्रक्रिया के बाद बुधवार को उसे जेल भेज दिया गया। छापेमारी टीम में एसआई वीरेन्द्र खाखा, गुलटन मिश्री, एएसआई उमेश कुमार सिंह, विगावन सिंह, आरक्षी जीतेन्द्र कुमार, सद्दाम हुसैन अंसारी, मदन प्रसाद, राजीव कुमार, विजय कुमार सिंह व दिलीप मुर्मू शामिल थे।

### उत्पाद विभाग ने अवैध देसी शराब निर्माण स्थल पर की छापेमारी

**बोकारो** : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर बुधवार को सहायक आयुक्त उत्पाद बोकारो के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक उत्पाद के पर्यवेक्षण में जिला उत्पाद टीम ने पेटरवार थाना अंतर्गत चांदो ग्राम में संचालित अवैध शराब निर्माण स्थल पर छापेमारी की। मौके से उत्पाद टीम ने 3,000 केजी जावा महुआ शराब एवं 150 लीटर अवैध चुलाई शराब को जब्त किया। वहीं, अवैध शराब निर्माण में इस्तेमाल किए जाने वाले वस्तुओं को नष्ट किया। छापेमारी के क्रम में फरार अभियुक्तों पर उत्पाद अधिनियम की सूसंगत धाराओं के तहत अभियोग दर्ज किया जा रहा है। छापेमारी दल में अवर निरीक्षक सदर श्री सन्नी विवेक तिर्की, अवर निरीक्षक उत्पाद तेनुघाट श्री महेश दास उपस्थित थे। जानकारी हो कि, विधानसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर बोकारो जिला प्रशासन अलर्ट मोड* पर है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त बोकारो ने सहायक आयुक्त उत्पाद को लगातार अभियान चलाकर अवैध शराब के निर्माण बिक्री पर प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

### एमजीएम के खिलाड़ियों को दी गई 3,60,000 रुपये की छात्रवृत्ति

**बोकारो** : एमजीएम स्कूल बोकारो के खिलाड़ियों ने पिछले साल छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में में हुए एस जी एफ आई नेशनल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर एक सिल्वर पदक के साथ 6 ब्रोंज पदक अपने नाम किया, जिसमें झारखंड की नई खेल नीति 2022 के तहत खिलाड़ियों को झारखंड सरकार के द्वारा स्कॉलरशिप प्रदान की गई। स्कॉलरशिप प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों के नाम है-साक्षी श्रीवास्तव कक्षा 12वीं छात्रवृत्ति की राशि 60,000, जेबा नाज कक्षा 12वीं छात्रवृत्ति की राशि 50,000 , प्रियांशु राज सिंह कक्षा 11वीं छात्रवृत्ति की राशि 50,000 ,हर्षित कुमार कक्षा 12वीं छात्रवृत्ति की राशि 50,000, वेदांत भरद्वाज कक्षा दसवीं छात्रवृत्ति की राशि 50,000, तृप्ति झा कक्षा दसवीं छात्रवृत्ति की राशि 50,000 एवं एंजेल रानी कक्षा दसवीं छात्रवृत्ति की राशि 50,000 स्कॉलरशिप के रूप में दी गई । स्कॉलरशिप मिलने पर खिलाड़ियों ने झारखंड सरकार के प्रति प्रसन्नता जाहिर करते हुए इसे एक सराहनीय कदम एवं खिलाड़ियों के मनोबल को बढ़ाने के लिए सही बताया। एम जी एम स्कूल के खेल शिक्षक राजीव सिंह ने बताया कि इस बार भी एम जी एम स्कूल से जुडो एवं गतका खेल में 21 खिलाड़ियों का चयन एस जी एफ आई नेशनल चैंपियनशिप के लिए हुआ है।

# विधानसभा चुनाव को लेकर नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक ने सभी थानेदारों के साथ की बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक, बोकारो मनोज स्वर्गियारी की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गयी। उक्त आहूत बैठक में जिले के सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी पुलिस उपाधीक्षक, सभी अंचल पुलिस निरीक्षक, सभी थाना/ओ०पी० प्रभारी शामिल हुए। बैठक के क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा एक-एक कर सभी से परिचय लिया गया, तदोपरांत आगामी विधानसभा आम निर्वाचन-2024 के मद्देनजर चुनाव के शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं स्वच्छ वातावरण में संपन्न कराने से संबंधित विचार-विमर्श किया गया एवं निम्नांकित बिन्दुओं पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। चुनाव संबंधी लॉ एवं ऑर्डर रिपोर्ट -क, बी-8, बी-9 & बी-10 दैनिक प्रतिवेदन को उच्च प्राथमिकता के साथ सुबह 5.00 बजे तक चुनाव कोषांग को उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। अपने-अपने थाना/ओ०पी० में लंबित जमानतीय तथा गैर-जमानतीय वारण्ट, ईश्तेहार एवं कुर्की का त्वरित निष्पादन हेतु निर्देशित किया गया। फिरारी/वांछित अभियुक्तों गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया। जिलान्तर्गत शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों का सत्यापन व शस्त्रों का ससमय जमा करना सुनिश्चित करने। बीएनएसएस, 2023 की सुसंगत धाराओं 126, 127, 128, 129, आर /डबल्यू 170 , 2023 एवं आर /डबल्यू 135 ,2023 के तहत वैसे व्यक्ति जो चुनाव कार्य को बाधित कर सकते हैं, के विरूद्ध निरोधात्मक कार्रवाई करने। बी सक्रिय अपराधियों के विरूद्ध सीसीए प्रस्ताव भेजने, शांति भंग करने वाले व्यक्तियों का पहचान कर गुण्डा पंजी में नाम प्रविष्टि करने, संपत्ति मूलक कांडों में संलिप्त अभियुक्तों का निगरानी प्रस्ताव भेजना, दागियों का भौतिक सत्यापन कर निरोधात्मक कार्रवाई करने इत्यादि विषयों पर निर्देशित किया गया। एमसीसी का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध कांड दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई करने। मतदान भवनों, सी०ए०पी०एफ० एवं अन्य बाह्य बलों के आवासन स्थलों का भौतिक निरीक्षण करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही इन भवनों में आवश्यकता का आकलन कर अग्रतर कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया। जिलान्तर्गत अवस्थित 8 अन्तरर्राज्यीय चेकनाका व 6 अन्तरजिला चेकनाका को सक्रिय कर कैश, अवैध शराब, ड्रग्स, नारकोटिक्स एवं अन्य अवैध वस्तुओं तस्करी के रोकथाम व जप्ती करने व अवैध शराब एवं अवैध आग्नेयास्त्र के विरूद्ध लगातार छापामारी कर जप्ती / बरामदगी सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। इसके अलावे अन्य बिन्दुओं पर विचार-विमर्श व आवश्यक निर्देश दिया गया।

## ईसीआरकेयू की चुनाव प्रचार समिति की हुई बैठक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद** : ईस्ट सेंटर रेलवे कर्मचारी यूनियन का चुनाव प्रचार समिति का बैठक धनबाद शाखा एक में सम्पन हुया जिसमे यूनियन का मान्यता प्राप्त के लिए होने आगामी 4,5,ओर 6 दिसंबर को होने वाला चुनाव पर चर्चा हुआ जिसमें यह निर्णय लिया गया कि तीनों शाखा मिलकर धनबाद क्षेत्र में चुनाव का प्रचार प्रसार करेंगे यूनियन के मीडिया प्रभारी एनके खवास में बताया कि जिसके तहत 17 अक्टूबर बृहस्पतिवार को सुबह 8:30 बजे -1 धनबाद में और 18 तारीख शुक्रवार शाम 6:00 बजे क्रू लॉबी धनबाद में ईसीआरकेयू द्वारा जनसंपर्क अभियान शुरू किया जाएगा। आज का इस बैठक में राजेश कुमार सिंह, राकेश कुमार, नेताजी सुभाष, एन के खवास, जे के साव, बी के दुबे, विश्वजीत मुखर्जी, रीतलाल गोप, प्रभाकर कुमार, संभुनाथ, एम.के.मुकेश, पिंटू नंदन, रंजीत कुमार यादव, शिव कुमार, कुमार आजाद, अशोक कुमार, बीपी आजाद और राजकुमार उपस्थित थे।

## कर्मचारियों के लिए प्रोक्यूर्मेंट रूल्स पर हुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद** : आईआईटी धनबाद के सीवीओ कार्यालय ने संस्थान के कर्मचारियों के लिए प्रोक्यूर्मेंट रूल्स पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसके दौरान सुबोध कांत, जीईएम ट्रेनर, झारखंड और बिहार क्षेत्र, मिनिस्ट्री ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी ने प्रशिक्षुओं को पब्लिक प्रोक्यूर्मेंट के लीगल, प्रोसीजरल एवं रेगुलेटरी फ्रेमवर्क और सार्वजनिक खरीद पर सामान्य वित्तीय नियमों के बारे में अवगत कराया। आईआईटी धनबाद के कार्यकारी विकास केंद्र लाउंज में कल शाम आयोजित प्रशिक्षण, जिसके दौरान आईआईटी धनबाद के रजिस्ट्रार प्रबोध पांडे और अन्य, जिनमें गरीब नाथ सिंह, मुख्य सतर्कता अधिकारी, आईआईटी और सत्येंद्र कुमार, सहायक रजिस्ट्रार उपस्थित थे, सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 के तीन महीने के अभियान के तहत संस्थान के सीवीओ कार्यालय द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों की श्रृंखला का हिस्सा थे। एक घंटे तक चलने वाले प्रशिक्षण के दौरान सुबोध कांत ने गवर्नमेंट फण्ड के माध्यम से वस्तुओं की खरीद, गवर्नमेंट फण्ड के माध्यम से कार्यों की खरीद और कंसल्टेंसी सर्विसेज की खरीद के संबंध में सामान्य वित्तीय नियमों और भारत सरकार के दिशानिदेर्शों के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने भुगतान, पीवीसी आदि सहित कॉन्ट्रैक्ट मैनेजमेंट के विभिन्न पहलुओं पर भी प्रकाश डाला। प्रशिक्षण कार्यक्रमों की श्रृंखला के हिस्से के रूप में, वित्तीय बाजारों से संबंधित संगठन और साइबर अपराध की प्रणाली और प्रक्रिया पर एक सत्र की अध्यक्षता 30 सितंबर को आईआईटी के रजिस्ट्रार प्रबोध पांडे ने की, जिसके बाद 1 अक्टूबर को केंद्रीय खनन और ईंधन अनुसंधान संस्थान के सीओए आलोक शर्मा द्वारा संचालन नियमों पर प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

## आर्या फ्यूल्स प्राइवेट लिमिटेड में खनन विभाग ने मारा छापा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : उपायुक्त के निदेर्शानुसार बोकारो जिला के पेक नारायणपुर थानांतर्गत बरई में अवस्थित आर्या फ्यूल्स प्राइवेट लिमिटेड में औचक निरीक्षण किया गया, जांच के क्रम में उक्त स्थल पर अवैध रूप से कच्चा कोयला खनिज लगभग 290 टन, पोडा कोयला लगभग 125 टन एवं कोयला डस्ट लगभग 10 टन भंडारित किया हुआ पाया गया, स्थल पर उपस्थित मुंशी से स्टॉक पंजी की मांग की गई, जिसे प्रस्तुत करने में वे असमर्थ रहे। जिम्स पोर्टल से आर्या फ्यूल्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा अप्रैल माह में दाखिल मासिक विवरणी की जांच की गई। उक्त मासिक विवरणी में कच्चा कोयला 159 टन दशार्या गया हैं मासिक विवरणी एवं जांच के दौरान पाई गई खनिज की मात्रा में अंतर के कारण उपरोक्त खनिज को विधिवत जप्त करते हुए पेक नारायणपुर थाना में सुपुर्द किया गया। उक्त स्थल पर अवैध रूप से खनिज को लोडिंग करते हुए 2 ट्रक को पकड़ा गया। जिसे जप्त कर पेक नारायणपुर थाना को सुपुर्द किया गया एवं थाना में प्लांट के संचालक। वाहन के मलिक, चालक एवं अन्य संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। उक्त अभियान में खान निरीक्षक, सीताराम टुडू एवम स्थानीय पुलिस बल मोजूद थे।

### इंडिया गठबंधन में राजद को मिले बोकारो सीट : युवा राजद

**बोकारो** : झारखंड में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज गया है कुल दो चरणों में चुनाव संपन्न होना है ऐसे में इंडिया गठबंधन में जल्द से जल्द सीटों का बंटवारा हो जाना चाहिए युवा राजद प्रदेश महासचिव ने कहा कि गठबंधन में राजद को सम्मानजनक सीटे मिलनी चाहिए साथ ही बोकारो विधानसभा सीट भी राजद के कोटे में मिलनी चाहिए क्योंकि राजद ने पूर्व में बोकारो विधानसभा का प्रतिनिधित्व किया है बोकारो क्षेत्र में लालू जी के विचारधारा को मानने वालों की संख्या लाखों में है। जिला अध्यक्ष संतोष गिरी ने कहा कि सामाजिक न्याय की सोच बोकारो के मतदाताओं की है गौरतलब है कि हर बार राजद ने गठबंधन धर्म का पालन करते हुए त्याग किया है ऐसे में गठबंधन में बोकारो सीट राजद को मिलना चाहिए और लड़ना चाहिए।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की राजनीतिक दलों के साथ बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद** : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने आज समाहरणालय में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस दौरान आदर्श आचार संहिता, चुनावी खर्च सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त ने कहा कि विधानसभा चुनाव 2024 की घोषणा होने के साथ ही आदर्श आचार संहिता के साथ-साथ जिले में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा भी लागू है। उन्होंने कहा अब हर कार्यक्रम के आयोजन के लिए राजनीतिक दल को सुविधा पोर्टल पर अनुमति लेना अनिवार्य है। इसके लिए सुविधा पोर्टल पर आसानी से ऑनलाइन आवेदन देकर अनुमति प्राप्त कर सकते हैं। हर कार्यक्रम में वीडियो सर्विलेंस टीम मौजूद रहेगी। उपायुक्त ने कहा कि चुनाव के दौरान किए गए खर्च की सही जानकारी सभी प्रत्याशी व्यय कोषांग को उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने सभी से आदर्श आचार संहिता को लेकर सतर्क रहने और भारतीय चुनाव आयोग के निदेर्शों का पालन सुनिश्चित करने का अनुरोध किया। उपायुक्त ने भारतीय चुनाव आयोग के दिशा निदेर्शों से भी राजनीतिक दलों को अवगत कराया। वहीं एडीएम लॉ एंड आर्डर श्री पियूष सिन्हा ने कहा कि कोई भी व्यक्ति या राजनीतिक दल अपने वाहन या मोटरसाइकिल, आवास या कार्यालय के बाहर पार्टी का झंडा या चिन्ह अनुमति लेकर लगाए। वाहनों में लगे विभिन्न पद के बोर्ड हटा लें। किसी आयोजन के लिए समय पर सुविधा पोर्टल पर आवेदन दें।

# हिंदी विभाग के द्वारा शिक्षक-अभिभावक मिलन कार्यक्रम का किया गया आयोजन


प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**धनबाद** : बुधवार को गुरु नानक कॉलेज, धनबाद के हिंदी- विभाग द्वारा कॉलेज के भूदा कैंपस के रुसा सेमिनार कक्ष में शिक्षक-अभिभावक मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में हिंदी विभाग में अध्ययनरत साठ की संख्या में छात्रों एवं उनके अभिभावकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. सोनू प्रसाद यादव ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कक्षाओं में छात्रों की उपस्थिति के साथ ही कॉलेज लाइब्रेरी , एनएसएस, एनसीसी, स्पोर्ट्स एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में उनकी सक्रिय सहभागिता को आवश्यक एवं महत्वपूर्ण बताया। प्रो. इन चार्ज भूदा परिसर प्रो. डॉ. अमरजीत सिंह ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों के कौशल विकास प्रबंधन पर विशेष बल दिया। प्रो. इन चार्ज महिला शाखा, प्रो. डॉ. रंजना दास ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, उनके शैक्षणिक प्रगति और बहुमुखी प्रतिभा के विकास की दिशा में पहल करने पर विशेष बल दिया। इस कार्यक्रम में सम्मिलित अभिभावकों एवं छात्रों ने विभाग द्वारा उपलब्ध फीडबैक प्रपत्र पर शैक्षणिक एवं छात्र हित संबंधित सुझाव दर्ज किए। प्रो. सिमरन श्रीवास्तव ने अतिथियों का स्वागत किया एवं अपने संबोधन में विभाग के द्वारा शैक्षणिक एवं अन्य क्रियाकलापों से संबंधित विषयों पर नीतिगत जानकारी दी। समारोह में उपस्थित अभिभावक की ओर से विभाग के द्वारा किए गए, इस कार्यक्रम को सराहा गया। कार्यक्रम का संपूर्ण क्रियान्वयन प्राचार्य महोदय प्रो. डॉ. संजय प्रसाद के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का समापन हिंदी-विभाग के अध्यक्ष महोदय ने धन्यवाद ज्ञापन से किया। इस अवसर पर कॉलेज के बैंक मोड़ शाखा की प्रोफेसर इंचार्ज डॉ. प्रो. रंजना दास तथा प्रोफेसर इंचार्ज प्रो. अमरजीत सिंह, प्रो. मनीषा, प्रो. मुकेश सहित अन्य शिक्षकेत्तर कर्मी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### पीके रॉय कॉलेज के संस्थापक भोला नाथ रॉय के बेटे की निधन पर जताया गया शोक



**धनबाद**: धनबाद के जनप्रिय पी.के. रॉय कॉलेज के संस्थापक भोला नाथ रॉय के इकलौते बेटे प्रोफेसर बिद्युत कुमार रॉय का बुधवार को निधन हो गया। उनके निधन पर जिले में लोगों ने शोक जताया है। उन्होंने अपना अंतिम सांस अपने धनबाद के 99 साल पुराने पैतृक निवास रॉय विला में ली। आज उनकी अंतिम यात्रा हिरापुर के पी.के. रॉय रोड से शुरू हुई। प्रो. बी.के. रॉय, पी.के. रॉय कॉलेज में जूलॉजी के प्रोफेसर थे। अपने जीवनकाल में उन्होंने कभी किसी छात्र से ट्यूशन फीस नहीं लिया और हमेशा से छात्रों के सबसे चहेते प्रोफेसर रहे। आज उनके छात्र पूरे भारत के उच्च संस्थानों में देश के लिए सेवा कर रहे हैं। उनका इलाज भी उनके छात्रों ने ही किया। प्रो. रॉय अपनी अर्धांगिनी और दो पुत्रों को छोड़ गए। उनके छोटे बेटे 36 देशों में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं और वर्तमान में डिजिटल इंडिया के साइंटिफिक एडवाइजर हैं। वहीं उनके परिवारजनों में भी शोक व्याप्त है।

### डबल इंजन की सरकार रहने से तेजी से बढ़ता है विकास, आता है गुड गवर्नेन्स : मेघवाल



**धनबाद**: भारत के कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की बैठक एवं प्रबुद्ध नागरिक सम्मेलन में शामिल होने बुधवार को धनबाद पहुंचे। जहां उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि गुड गवर्नेन्स और विकास यह दो एजेंडे के साथ भाजपा चुनाव में जाती है। उन्होंने कहा कि जहां भी डबल इंजन की सरकार है वहां विकास की गति बढ़ती है और गुड गवर्नेन्स भी तेजी से आता है। अभी महाराष्ट्र के साथ-साथ झारखण्ड में भी चुनाव है और जनता से यही कहा है कि अगर सही मायने में विकास चाहिए तो डबल इंजन की सरकार को चुने। उन्होंने बताया यह महसूस किया गया है कि जहां भी डबल इंजन की सरकार नहीं है वहां विकास रुक जाता है और केंद्र से मिलने वाले फंड का डायवर्सन शुरू हो जाता है। अभी झारखण्ड सरकार पेंशन की सारी योजनाओं को बंद करके मंइयां सम्मान योजना लेकर आ गई है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि हो सकता है कि मंइयां सम्मान योजना में फंड का डायवर्सन हुआ हो। उन्होंने कहा भाजपा के गोगो दीदी योजना में फंड का डायवर्सन नहीं होगा।हमारी सरकार आने के बाद इस योजना के लिए प्रॉपर फंड की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने एक बाद और कही कि हमारी सरकार झारखण्ड में बनती है तो निश्चित तौर पर कोयला चोरी पर लगाम कसी जाएगी साथ ही कोयले का उत्पादन भी बढ़ेगा।

### झारखंड राज्य ऊर्जा मित्र संघ की महाप्रबंधक सह मुख्य अभियंता से हुई सकारात्मक वार्ता



**धनबाद**: महाप्रबंधक सह मुख्य अभियंता, बिजली आपूर्ति क्षेत्र धनबाद के कार्यालय में झारखंड राज्य ऊर्जा मित्र संघ कि वार्ता हुई। इस वार्ता का मुख्य उद्देश्य ऊर्जा मित्रों के बकाया भुगतान, पहचान पत्र, रेट कॉन्ट्रैक्ट समेत अन्य संबंधित मुद्दों पर चर्चा करना था। वार्ता में ऊर्जा मित्र संघ के संरक्षक बैभव सिन्हा और संतोष कुशवाहा ने कहा कि दो दिनो के अन्दर बकाया मानदेय का भुगतान, बिलिंग एजेंसी द्वारा पहचान पत्र निर्गत करने, सभी ऊर्जा मित्रों को रेट कॉन्ट्रैक्ट उपलब्ध कराने मुख्यतः मांग हुए। इसके साथ ही उन्होंने कार्य की स्थिरता और बेहतर कार्य स्थितियों पर भी चर्चा की। वार्ता में महाप्रबंधक सह मुख्य अभियंता, बिजली आपूर्ति क्षेत्र धनबाद के समक्ष यह सहमति बनी की दिनांक 16 अक्टूबर 2024 तक सभी ऊर्जा मित्रों के मानदेय का भुगतान कर दिया जायेगा और अगले 15 दिनों में सभी ऊर्जा मित्रों को पहचान पत्र तथा रेट कॉन्ट्रैक्ट उपलब्ध करा दिया जाएगा। साथ ही वर्क कॉन्ट्रैक्ट में लिखित सभी सुविधा को भी बिलिंग एजेंसी द्वारा अगले महीने तक प्रदान कर दिया जाएगा। मौके पर वैभव सिन्हा ने कहा की उर्जा मित्रों का हक हम हर कीमत दिला कर रहेंगे। बिलिंग एजेंसी द्वारा ऊर्जा मित्रों का शोषण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।संतोष कुशवाहा ने कहा की अगर कल तक बिलिंग कंपनी द्वारा ऊर्जा मित्रों के मानदेय का भुगतान नहीं किया गया तो हड़ताल जारी रहेगा।महाप्रबंधक सह मुख्य अभियंता ने सहयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाते हुए सभी ऊर्जा मित्रों के हितों की रक्षा के लिए आवश्यक कार्यवाही करवाने और संघ की सभी मांगों को पूरा करने का लिखित आश्वाशन दिया।

### डीपीएस के विद्यार्थियों ने लहराया कामयाबी का परचम



**बोकारो**: अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता की कड़ी में डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों ने एक बार फिर कामयाबी का परचम लहराया है। राष्ट्रीय स्तर की लब्ध-प्रतिष्ठित गणितीय परीक्षा इंडियन ओलंपियाड क्वालीफायर इन मैथेमेटिक्स में लगातार दूसरे वर्ष विद्यालय का पूरे राज्य में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। परीक्षा की कैटेगरी ए में नौवीं कक्षा के विद्यार्थी श्लोक आनंद ने झारखंड में सर्वाधिक 59 अंक हासिल कर स्टेट टॉपर होने का गौरव पाया है। वहीं, कैटेगरी बी में आरुष बनर्जी ने 54 अंक प्राप्त कर सूबे में दूसरा स्थान प्राप्त किया और जिले में अव्वल रहा। विद्यालय के कुल 15 छात्र-छात्राओं ने इस परीक्षा में शानदार सफलता पाई है। विद्यालय में कैटेगरी ए में कक्षा 9 के छात्र श्लोक आनंद 59, शिवम ओझा 51 और कक्षा 11 के अनुज 44 अंक लाकर क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। इसके बाद क्रमशः कक्षा 11 के आयुष राज (42), कुमार अनमोल (41), कक्षा 10 के आरुष रंजन (41), आयुष लच्छीरामका (40), शीर्ष क्रेजिया (33), कक्षा 9 के सुधांशु कुमार (32), 11वीं कक्षा से मालविन परीरा (29) तथा 10वीं के जय सात्विक मेदिरेड्डी (27) ने सफलता प्राप्त की। इसी प्रकार, कैटेगरी बी में 12वीं कक्षा के छात्र आरुष बनर्जी 54 अंक लाकर पहले, नितिन कुमार सिंह 41 अंक के साथ दूसरे तथा आदित्य राज चौहान 35 अंक लाकर तीसरे स्थान पर रहे।

# बीएसएनएल : कहीं भीतरघात का शिकार तो नहीं?

निर्मल रानी

**यदि बी एस एन एल में ही सर्वोच्च पदों पर बैठे अधिकारियों की साजिश के चलते और उनकी उद्योगपतियों व कॉर्पोरेट घरानों से मिली भगत के परिणाम स्वरूप इस पीएसयू की इतनी दयनीय हालत हो रही है तो ऐसे 'विभीषणों ' का भी बेनकाब होना बेहद जरूरी है। न केवल सरकार बल्कि स्वयं बीएसएनएल कर्मियों को भी इस बात पर नजर रखनी होगी कि भारत सरकार का यह लोकप्रिय केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम बी एस एन एल किन कारणों से अपने उपभोक्ताओं को समुचित सेवायें नहीं दे पा रहा है? बी एस एन एल, कहीं भीतरघात का शिकार तो नहीं?**

भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) भारत सरकार के केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (पीएसयू) का एक प्रमुख एवं लोकप्रिय उपक्रम है। बीएसएनएल का स्वामित्व दूरसंचार विभाग के पास है और दूरसंचार विभाग संचार मंत्रालय का एक हिस्सा है। भारत सरकार ही बीएसएनएल की 100% शेयर पूंजी का मालिक भी है। इस समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्रिमंडल में संचार मंत्रालय का कामकाज अश्विनी वैष्णव देख रहे हैं जोकि भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री हैं। हालाँकि भारतीय संचार क्षेत्र में रिलायंस जियो, भारती एयरटेल तथा वोडाफोन आइडिया जैसे और भी कई छोटी व क्षेत्रीय निजी कम्पनीज सक्रिय हैं परन्तु इन सबसे प्रतिस्पर्धा होने के बावजूद आज भी बीएसएनएल को देश में सबसे अधिक उपभोक्ता रखने का गौरव हासिल है।




आंकड़ों के मुताबिक जुलाई 2024 तक बीएसएनएल के पास देश में लगभग 88.512 मिलियन मोबाइल फोन के ग्राहक थे। इसका मुख्य कारण यह भी था कि देश की प्रमुख टेलीकॉम कंपनियों ने जून 24 में ही अपने अपने मोबाइल टैरिफ बढ़ा दिये थे। इनमें रिलायंस जियो ने जहां 27 जून को अपने टैरिफ में 12 से 27 प्रतिशत की बढ़ोतरी की थी वहीं भारती एयरटेल ने 8 जून को अपना टैरिफ 11 से 21 प्रतिशत तक बढ़ा दिया था। इसी तरह वोडाफोन आइडिया ने भी 29 जून, 24 को अपना टैरिफ 10 से 24 प्रतिशत तक बढ़ा दिया। इसी बढ़ोतरी के फौरन बाद ही बीएसएनएल में 2.93 मिलियन ग्राहकों की वृद्धि हुई। जबकि निजी दूरसंचार कंपनियों को अपने करोड़ों ग्राहकों से हाथ धोना पड़ा। उस समय बीएसएनएल ने पहली बार ग्राहकों की इतनी वृद्धि दर्ज की थी। जून- जुलाई 24 में बीएसएनएल ने लगभग 2.9 मिलियन उपयोगकर्ता अपने साथ जोड़े।

बीएसएनएल को ऐसा ही एक अवसर उस समय भी हाथ लगा था जबकि 2020-2021 में हुये किसान आंदोलन के समय पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश के किसानों द्वारा 2020 में भारतीय संसद द्वारा पारित तीन कृषि अधिनियमों के विरुद्ध आंदोलन चलाया जा रहा था। उस समय किसान, अंबानी-अडानी द्वारा संचालित उद्यमों व उपक्रमों का भी विरोध कर रहे थे। किसानों का कहना था कि मोदी सरकार अंबानी-अडानी जैसे निजी उद्योगपतियों को फायदा पहुँचाने के लिये ही तीन कृषि अधिनियम लाई है। इसलिये किसानों द्वारा पंजाब, हरियाणा में रिलायंस जियो का भी बड़े पैमाने पर विरोध यहां तक कि बहिष्कार किया जा रहा था। रिलायंस जियो के तो कई मोबाईल टावर्स में भी उस समय तोड़ फोड़ की खबरें आई थीं। बहरहाल जिन उपभोक्ताओं को लुभाने के लिए निजी कम्पनीज सैकड़ों हजारों करोड़ रुपए विज्ञापन या प्रलोभन में खर्च करती हैं वही उपभोक्ता बिना किसी प्रयास के बीएसएनएल को स्वयं ही मिल रहे थे इससे बड़ी लोकप्रियता की बात बीएसएनएल के लिये और क्या हो सकती है?

परन्तु चिंता का विषय है कि देश का सबसे बड़ा संचार नेटवर्क होने के बावजूद नेटवर्क और स्पीड दोनों ही मामलों में बीएसएनएल अपने में सुधार नहीं कर पा रहा है। उत्तर प्रदेश, उत्तरांचल व हरियाणा यहाँ तक कि चंडीगढ़ में तो इसकी गति नाममात्र है। सवाल यह है कि देश का सबसे बड़ा व सबसे साधन संपन्न नेटवर्क व सबसे अधिक टावर्स रखने के बावजूद आखिर क्या वजह है कि गांव में तो दूर शहरों तक में इसके पूरे मोबाईल सिग्नल नहीं आ पाते? आज के युग में जबकि 5 -10 रुपये से लेकर लाखों रुपए तक की लेनदेन मोबाईल गूगल या पे फोन जैसे माध्यमों से की जा रही हो, ऐसे में अन्य निजी कम्पनीज की ही तरह बीएसएनएल का भी राष्ट्रव्यापी नेटवर्क तीव्र गति के साथ उपलब्ध होना बेहद जरूरी है। परन्तु एक तरफ तो देशभक्ति का जज्बा रखने वाले ग्राहकों का बीएसएनएल की ओर आकर्षित होना और दूसरी तरफ बीएसएनएल द्वारा अपने ग्राहकों की जरूरतों और नेटवर्क व स्पीड की कमी के चलते उन्हें होने वाली परेशानियों की अनदेखी करना या इसका तत्काल समाधान न करना बीएसएनएल के ग्राहकों के मन में संदेह जरूर पैदा करता है।

दरअसल पिछले एक दशक से ऐसी तमाम खबरें आ रही हैं जिनसे यह पता चलता है कि सरकारें उद्योगपतियों व कॉर्पोरेट घरानों की हितैषी के रूप में काम कर रही हैं। जिसतरह विद्युत, रेल, बंदरगाह, इन्शुरन्स, बैंकिंग, तेल, गैस, कोयला, सैन्य सामग्री, विमानन व संचार जैसे अनेक क्षेत्रों में सरकारों की सरपरस्ती में उद्योगपतियों व कॉर्पोरेट घरानों का दखल बढ़ा है और देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी इन उद्योगपतियों के लिये व्यवसायिक आधार तैयार कर कई देशों में इन्हें माइनिंग, बिजली व निर्माण आदि के ठेके दिलवाये गये हैं उन्हें देखकर यह संदेह होना भी स्वभाविक है कि कहीं बीएसएनएल को बदनाम करने व इसे कमजोर करने के लिये ही तो यह षड्यंत्र किसी बड़ी व सत्ता संरक्षित साजिश के तहत तो नहीं किया जा रहा?

यदि बीएसएनएल ईमानदारी से चाहे तो कम से कम समय में अपने उपभोक्ताओं को हो रही इन परेशानियों से निजात दिला सकता है। और यदि बीएसएनएल की ओर से पूरे देश के हर कोने तक अपना नेटवर्क व पूरा सिग्नल पहुंचा दिया जाये और उसकी गति में सुधार कर दिया जाये तो निश्चित रूप से निजी कम्पनीज की तरफ से अभी और भी करोड़ों उपभोक्ता अपना मुंह फेर लेंगे। परन्तु सत्ता में बैठे उद्योगपतियों के वे शुभचिंतक जो वास्तव में सरकार में उद्योगपतियों व कॉर्पोरेट घरानों के हितों के न केवल पैरोकार हैं बल्कि सच पूछिए तो उन्हीं के सीधे प्रतिनिधि के रूप में सत्ता में अहम पदों पर बैठे हुये हैं। ऐसे लोगों के सत्ता के शीर्ष पदों पर रहते क्या बीएसएनएल, प्रमुख निजी टेलीकॉम कंपनियों से कड़ी प्रतिस्पर्धा कर सकेगा? बीएसएनएल मोबाइल के मौजूदा नेटवर्क तथा उसकी मंद गति को देखकर इस बात पर संदेह होना स्वाभाविक है। और यदि बी एस एन एल में ही सर्वोच्च पदों पर बैठे अधिकारियों की साजिश के चलते और उनकी उद्योगपतियों व कॉर्पोरेट घरानों से मिली भगत के परिणाम स्वरूप इस पीएसयू की इतनी दयनीय हालत हो रही है तो ऐसे 'विभीषणों ' का भी बेनकाब होना बेहद जरूरी है। न केवल सरकार बल्कि स्वयं बीएसएनएल कर्मियों को भी इस बात पर नजर रखनी होगी कि भारत सरकार का यह लोकप्रिय केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम बी एस एन एल किन कारणों से अपने उपभोक्ताओं को समुचित सेवायें नहीं दे पा रहा है? बी एस एन एल, कहीं भीतरघात का शिकार तो नहीं?

## संपादकीय

# सरकार का सख्त रुख

भारत और कनाड़ा के बीच कूटनीतिक टकराव ने नया मोड़.ले लिया है। सिख अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या से जुड़े. आरोपों के कारण भारत ने कनाड़ा के छह राजनयिकों को निष्कासित करने से पहले उच्चायुक्त और कुछ अधिकारियों को कनाड़ा से वापस बुलाने का फैसला किया। विदेश मंत्रालय ने कनाड़ा के प्रभारी राजदूत स्टीवर्ट वीलर को तलब किया और स्पष्ट रूप से चेताया कि भारतीय उच्चायुक्त संजय वर्मा और अन्य राजनयिकों एवं अधिकारियों को निराधार तरीके से निशाना बनाया गया जो नई दिल्ली को पूरी तरह से अस्वीकार्य है। हाल के वर्षों में दूसरा अवसर है जब किसी पश्चिमी देश के राजनयिक को इस तरह की फटकार लगाई गई है। इससे पहले दिसम्बर, 2020 में भी कनाड़ा के राजदूत को विदेश मंत्रालय ने फटकार लगाई थी। उस दौरान कनाड़ा ने भारत के किसान आंदोलन को लेकर मानवाधिकारों के हनन की बात कही थी। इस बार भारत के सख्त रुख को लेकर विदेश नीति के जानकारों का नजरिया अलग-अलग है। एक मत यह है कि भारत ने कनाड़ा ही नहीं, बल्कि अमेरिका को भी संदेश दिया है। वस्तुतः खालिस्तानी अलगाववादी निज्जर को लेकर कनाड़ा और अमेरिका दोनों आरोप लगाते रहे हैं कि निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंसियों का हाथ है। इस संबंध में भारत ने कनाड़ा से सबूत मांगे हैं, लेकिन उसने कोई सबूत नहीं दिया। प्रधानमंत्री ट्रूडो सिखों के वोट के लिए इस तरह के बेबुनियाद आरोप लगाते रहते हैं। जाहिराना तौर पर कनाड़ा के नेताओं के बयानों को भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप के रूप में देखा गया था और विदेश मंत्रालय ने इस पर कड़ी आपत्ति दर्ज की थी। हालांकि भारत और कनाड़ा के बीच व्यापक रिश्ते रहे हैं, लेकिन खालिस्तानी आंदोलन से जुड़े.सिखों द्वारा भारत में स्वतंत्र सिख राष्ट्र-राज्य की मांग के कारण दोनों देशों के रिश्ते तनावपूर्ण रहे हैं। कनाड़ा में सिख आबादी खासी है। ट्रूडो राजनीतिक फायदे के लिए सिखों का समर्थन करते रहते हैं। इस बार मोदी सरकार के सख्त रुख से दोनों देशों के कूटनीतिक रिश्ते खत्म होने के कगार पर हैं। वास्तव में पश्चिमी देशों का सत्ता प्रतिष्ठान, सिविल सोसाइटी और मीड़िया का रुख भारत की राष्ट्रवादी मोदी सरकार के प्रति अनुकूल नहीं रहा है। वे किसी न किसी मुद्दे को लेकर मोदी सरकार को निशाना बनाने की कोशिश करते रहते हैं। अब मोदी सरकार ने ऐने लोगों के प्रति 'भय बिन होए न प्रीति' की नीति अपनाई है।




## चिंतन-मनन

# भक्त के भीतर रहते हैं कृष्ण

जब भगवान चैतन्य बनारस में हरे कृष्ण महामंत्र के कीर्तन का प्रवर्तन कर रहे थे, तो हजारों लोग उनका अनुसरण कर रहे थे।

तत्कालीन बनारस के अत्यंत प्रभावशाली और विद्वान प्रकाशानंद सरस्वती उनको भावुक कहकर उनका उपहास करते थे। कभी-कभी भक्तों की आलोचना दार्शनिक यह सोचकर करते हैं कि भक्तगण अंधकार में हैं और दार्शनिक दृष्टि से भोले-भाले भावुक हैं, किंतु यह तथ्य नहीं है। ऐसे अनेक बड़े-बड़े विद्वान पुरुष हैं, जिन्होंने भक्ति का दर्शन प्रस्तुत किया है। किंतु यदि कोई भक्त उनके इस साहित्य का या अपने गुरु का लाभ न भी उठाए और यदि वह अपनी भक्ति में एकनिष्ठ रहे, तो उसके अंतर से कृष्ण स्वयं उसकी सहायता करते हैं।अतः कृष्णभावनामृत में रत एकनिष्ठ भक्त ज्ञानरहित नहीं हो सकता। इसके लिए इतनी ही योग्यता चाहिए कि वह पूर्ण कृष्णभावनामृत में रहकर भक्ति संपन्न करता रहे। आधुनिक दार्शनिकों का विचार है कि बिना विवेक के शुद्ध ज्ञान प्राप्त नहीं किया जा सकता। उनके लिए भगवान का उत्तर है- जो लोग शुद्धभक्ति में रत हैं, भले ही वे पर्याप्त शिक्षित न हों तथा वैदिक नियमों से पूर्णतया अवगत न हों, किंतु भगवान उनकी सहायता करते ही हैं। भगवान अजरुन को बताते हैं कि मात्र चिंतन से परम सत्य भगवान को समझ पाना असंभव है, क्योंकि भगवान इतने महान हैं कि कोरे मानसिक प्रयास से उन्हें न तो जाना जा सकता है, न ही प्राप्त किया जा सकता है। भले ही कोई लाखों वर्षो तक चिंतन करता रहे, किंतु यदि भक्ति नहीं करता, यदि वह परम सत्य का प्रेमी नहीं है, तो उसे कभी भी कृष्ण या परम सत्य समझ में नहीं आएंगे।परम सत्य, कृष्ण, केवल भक्ति से प्रसन्न होते हैं और अपनी अचिंत्य शक्ति से वे शुद्ध भक्त के हृदय में स्वयं प्रकट हो सकते हैं।शुद्धभक्त के हृदय में तो कृष्ण निरंतर रहते हैं और कृष्ण की उपस्थिति सूर्य के समान है, जिसके द्वारा अज्ञान का अंधकार तुरंत दूर हो जाता है।

# संघ प्रमुख के अनुसार शील संपन्न शक्ति ही शांति का आधार



कृष्णमोहन झा




राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लिए इस बार विजयादशमी के पुनीत अवसर पर होने वाले परंपरागत शस्त्र पूजन समारोह का विशेष महत्व था। 99 वर्ष पूर्व विजयादशमी को ही महान देशभक्त स्व.डा. केशव बलीराम हेडगेवार ने मुट्ठी भर स्वयंसेवकों के साथ मिलकर संघ की नींव रखी थी।वह नन्हा पौधा अब विशाल वट वृक्ष का रूप ले चुका है। अगले वर्ष विजयादशमी को संघ अपना शताब्दी समारोह मना रहा होगा अतः शताब्दी वर्ष के शुभारंभ के अवसर पर इस बार विजयादशमी को आयोजित शस्त्र पूजन समारोह के बाद संघ प्रमुख मोहन भागवत अपने वार्षिक उद्बोधन में क्या बोलने जा रहे हैं यह उत्सुकता सभी के मन में थी। देश यह जानना चाहता था कि देश - दुनिया में जो महत्वपूर्ण घटनाएं आकार ले रही हैं उनके प्रति संघ का दृष्टिकोण क्या है, इसके साथ ही ज्वलंत राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय समस्याओं के समाधान की दिशा में संघ प्रमुख मोहन भागवत के महत्वपूर्ण सुझावों की भी प्रतीक्षा की जा रही थी। मोहन भागवत जब ने बोलना प्रारंभ किया तो उन्होंने अपने बहुप्रतीक्षित वार्षिक व्याख्यान में बड़ी साफगोई के साथ सिलसिलेवार तरीके से उन सभी विषयों को शामिल किया जिन पर संघ की राय अहम साबित होती है। मोहन भागवत ने बंगला देश में हिन्दुओं के प्रति अत्याचार की घटनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि सामाजिक सद्भाव और एकता के लिए जाति और धर्म से ऊपर उठकर व्यक्तियों और परिवारों के बीच मैत्री का होना जरूरी है। संघ इस बात पर विशेष जोर दिया कि दुर्बल होना अपराध है यह बात हिंदू समाज को समझना चाहिए। भागवत ने सचेत किया कि संगठित और व्यवस्थित नहीं होने से मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। संघ प्रमुख ने दो टूक शब्दों में कहा कि बंगला देश में जब कट्टरपन की मानसिकता रहेगी तब हिंदुओं ही नहीं, अन्य अल्पसंख्यक समुदायों के लोगों पर हमले का खतरा बना रहेगा। संघ प्रमुख ने कहा कि बंगला देश की घटनाओं में विश्व के हिंदू समुदाय के लिए यह संदेश छिपा हुआ है कि असंगठित रहना अत्याचारों को निमंत्रण देना है। संघ प्रमुख ने कहा कि जब बंगला देश में हिन्दू अल्पसंख्यकों ने एक होकर प्रतिकार किया तो वहां हमले रुक गये इसलिए हिन्दू समाज को संगठित होने की आवश्यकता है। संघ प्रमुख ने कहा कि पूरी दुनिया के हिंदुओं से बंगला देश के हिंदू अल्पसंख्यकों को मदद की जरूरत है भारत सरकार से भी उन्हें मदद की जरूरत है। मोहन भागवत ने अपनी इस बात को रेखांकित किया कि भारत आगे बढ़ रहा है , दुनिया में भारत की साख और स्वीकार्यता बढ रही है परंतु कुछ ऐसी शक्तियां हैं जो चाहती हैं कि भारत आगे न बढ़े। वे भारत को आगे बढ़ता हुए नहीं देख सकती। इस सबके बावजूद हम सबकी मदद करते हैं ।हमसे शत्रुता रखने वालों की भी हम मदद करते हैं इसीलिए भारत बढ़ रहा है। हमें निरंतर सशक्त बनने की दिशा में आगे बढ़ना है।

मोहन भागवत ने कहा कि अपने घर के अंदर हमारी भाषा, भोजन और वेषभूषा अपनी होना चाहिए। इसके साथ ही हमें देश के अंदर विभिन्न स्थानों के भ्रमण पर जाना चाहिए। भ्रमण करने से हमें दूसरों को जानने समझने का मौका मिलेगा। हमारा देश विविधताओं वाला देश है लेकिन विविधताओं का मतलब अलगाव नहीं है। यह विविधता हमारी संस्कृति की विशेषता है। हमें इन विविधताओं का सम्मान करना चाहिए। भागवत ने कहा कि सामाजिक समरसता और परस्पर सद्भाव से ही स्वस्थ और सबल समाज का निर्माण होता है। कुछ संकेतात्मक कार्य मात्र करने से हम अपने इस उद्देश्य में सफल नहीं हो सकते । सरसंघचालक ने सद्भाव और संयम पूर्ण वातावरण के निर्माण हेतु सज्जनों की शक्तिसंपन्नता पर जोर देते हुए कहा कि शक्ति जब शील संपन्न होकर आती है तो वह शांति का आधार बनती है। भागवत ने कहा कि सज्जन सबके प्रति सद्भाव तो रखते हैं परंतु एकत्र होना नहीं जानते।उनको संगठित सामर्थ्य के निर्माण की कला सीखनी पड़ेगी। सरसंघचालक ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को हिंदू समाज की शील संपन्न शक्ति साधना का पर्याय बताते हुए कहा कि शील संपन्न व्यवहार के साथ शक्ति साधना भी जरूरी है। हम सबकी यही साधना हमें अपनी पवित्र मातृभूमि को परमवैभव संपन्न बनाने की शक्ति प्रदान करेगी।

(लेखक राजनैतिक विश्लेषक है)


# साइबर ठगी का बढ़ता दायरा, सज्जनों पर संकट



विजय कुमार जैन

आधुनिक संचार क्रांति के युग में मोबाइल एवं इंटरनेट जितने लाभदायक हैं उससे ज्यादा हानिकारक भी हैं। मोबाइल एवं इंटरनेट के माध्यम से भारत ही नहीं दुनिया में आए दिन साइबर ठगी की घटनाएं सुनने में आ रही है साइबर अपराध करने वालों की गैंग जानबूझकर ऐसे समय संबंधित को निशाना बनाते हैं जब वह विचार ही नहीं कर पाता और उनके द्वारा जितनी राशि की मांग की जाती है तत्काल उनके खाते में डाल देते हैं। इसके बाद पछतावा ही हाथ रहता है। मैं साइबर ठगी की कुछ घटनाओं का यहां पर उल्लेख करना चाहूंगा गुना जिले में श्री द्वारका प्रसाद शर्मा महिला बाल विकास विभाग में लिपिक हैं, इनको अपरिचित मोबाइल से फोन आया और मोबाइल नंबर का केवाईसी करने की बात कही ओटीपी पूछा और बैंक खाते से रू.16000 निकल लिये ।श्री बलवीर सिंह गुर्जर निवासी साडा कॉलोनी राघौगढ़ सेवानिवृत्त गुना तहसीलदार रीडर इनके पंजाब नेशनल बैंक शाखा साडा कॉलोनी राघौगढ़ के खाते में किसी ने रू.1 जमा किया उन्होंने जैसे ही मोबाइल खोलकर बैंक अकाउंट देखा उनके बैंक खाते से पहली बार रुपए 9970, दूसरे बार 9999 कट गए।

उन्होंने तत्काल बैंक शाखा में जाकर अपना खाता ब्लॉक कराया। रुठियाई तहसील राघौगढ़ निवासी रविंद्र सिंह परिहार के पास फोन आया और बताया कि आपका बेटा पुलिस थाने में बैठा है उन्होंने कहा कि मेरा बेटा तो नौकरी पर है उधर से कहा आपका बेटा एक लड़की के साथ होटल में अनैतिक कार्य करते हुए पकड़ा गया है। अपने बेटे को बचाना है तो तत्काल तीन लाख रुपए खाते में डालो। उन्होंने अपनी पत्नी से कहा बेटे को फोन लगाओ। उन्होंने बेटे से पूछा कहां हो बेटे कहा कि मैं तो ऑफिस में हूं फिर उन्होंने जिनका फोन आया था बेटा का फोन कनेक्ट कर बात करवायी। बेटे ने उनसे भला बुरा कहा तब फोन काट दिया।एक सेवानिवृत अधिकारी जिनकी लड़की इंदौर में पढ़ती है घटना चार माह पुरानी है उनके पास फोन आया आपकी बेटी थाने में बैठी है अनैतिक स्थिति में होटल में पकड़ी है उन्होंने दूसरे नंबर से बेटी को फोन लगाया बेटी कॉलेज में थी फोन बंद था इस कारण बात नहीं हो सकी। जिनका फोन आया था उन्होंने कहा अपनी बेटी को बचाना चाहते हो तो तत्काल रू 6 लाख रुपए खाते में डालो घबराहट में उन्होंने तीन लाख रुपये खाते में भेज दिये ।फिर लड़की का फोन आया कि पापा जी फोन क्यों किया। तब उन्होंने सारी घटना बतायी। उनके साथ साइबर ठगी हो गई ।मैं स्वयं भी साइबर ठगी से होते-होते बचा फोन आया मेरे से कहा कि आपके मोबाइल नंबर की केवाईसी होना है मैंने उनसे कहा मेरा नंबर तो एयरटेल का है अब बी एस एन एल में केवाईसी क्यों हो रही है तो उधर से जवाब आया आपकी सिम पुरानी है पहले बी एस एन एल की थी इसलिए आपको 24 घंटे के अंदर केवाईसी करना आवश्यक है अन्यथा सिम बंद हो जाएगी ।मैंने उनसे पूछा कि मुझे क्या करना है उन्होंने कहा कि हम आपको एक प्रोफार्मा भेज रहे हैं उसमें हम जो जानकारी पूछे उनका आप मोबाइल चालू रखकर हमें जवाब देते जाएं। मैंने उनके कुछ प्रश्नों के उत्तर दिए थोड़ी देर बाद मेरी पौत्री 14 वर्षीय तन्वी जैन मेरे पास आई और बोली दादाजी मुझे ऐसा लग रहा है आप साइबर ठगी के शिकार होने वाले हैं। आप तत्काल इस नंबर को काट दें और इस नंबर को ब्लॉक कर दें। इस प्रकार मैं साइबर ठगी से बच पाया । साइबर ठगी की ही यह घटना मेरे मित्र श्री राघवेंद्र सिंह परिहार सेवानिवृत्ति कृषि अधिकारी राघौगढ़ ने मुझे बताया मैं ऑनलाइन दवाइयां मंगाता था। उनके लिए अपरिचित नंबर से फोन आया और कहा कि आप जिस कंपनी से दवाइयां ऑनलाइन मांगते हैं उस कंपनी ने ड्रा निकाला है ड्रा में आपके नाम कार निकली है आपको बधाईयां।परिहार जी ने उनसे पूछा मुझे क्या करना है उन्होंने कहा कार तो हम आपके लिए कोलकाता में डिलीवरी दे देंगे या फिर आप कहेंगे तो आपके निवास पर पहुंचा देंगे। आपको मात्र इतना करना है आप रजिस्ट्रेशन के पैसे हमारे खाते में डाल दो ।उन्होंने कहा मेरा भतीजा कोलकाता में ही सर्विस में है वह आपसे मिलेगा कहां मिलना है पता आप मुझे भेजिए दूसरी ओर से पता नहीं आया और वह साइबर ठगी से बच गये। पिछले माह एसिया



के बड़े उद्योग पति ओसवाल ग्रुप लुधियाना के मालिक की भारत की संभवतः अभी तक की सबसे बड़ी सायबर ठगी हुई। यह ठगी साढ़े सात करोड़ रुपये की थी। इस सायबर ठगी का समाचार देश के अनेक समाचार पत्रों में प्रमुखता से प्रकाशित हुआ। वर्तमान में साइबर ठगी की घटनाओं में निरंतर वृद्धि हो रही है आम भोले भाले नागरिक उनके जाल में फंसकर अपना नुकसान कर रहे हैं। मोबाइल एवं इंटरनेट का उपयोग करते समय हर व्यक्ति की जागरूकता आवश्यक है के वाई सी के झांसे में ना आए ओटीपी ना भेजें।

(लेखक वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार एवं भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष हैं)

## एक नजर

### थाना या गन हाउस में शस्त्रों को जमा करने का निर्देश

**खूंटी :** जरियागढ़ थाने में हुई शस्त्रों की जांच कर्रा। खूंटी की कार्यपालक दंडाधिकारी अनुराधा कुमारी लाइसेंसी हथियार धारियों के लाइसेंस की जांच करने जरियागढ थाना पहुंची। सभी आर्म्स धारियों को बुलाकर इन्होंने आर्म्स लाइसेंस और आर्म्स की जांच की। कार्यपालक दंडाधिकारी ने सभी लाइसेंस धारियों से आदर्श चुनाव संहिता लागू होने के कारण निकटतम थाने या गन हाउस में शस्त्र को जमा करने और रसीद लेने का निर्देश दिया। मौके पर थाना प्रभारी राजू कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

### खूंटी में फंदे पर लटकता मिला महिला का शव

**खूंटी :** कर्रा थाना क्षेत्र के कांटी पोड़ाटोली से मंगलवार की देर रात फंदे पर लटका महिला का शव मिला। मृतक महिला बुधन देवी (21) है। सदर अस्पताल में बुधवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया। बुधन देवी के मायके वाले इसे हत्या का मामला बता रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि पति सहित सांस-ससुर और जेठ बुधनी को बराबर प्रताड़ित करते थे। ससुराल में उसके साथ हमेशा मारपीट की जाती थी। उन्होने कहा कि बुधन देवी ने आत्महत्या नहीं की है, उसकी हत्या की गई है। घटनास्थल पर जमीन पर खून के निशान हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### रामगढ़ डीसी ने राजनीतिक दलों के साथ की बैठक

**रामगढ़ :** झारखंड विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद डीसी चंदन कुमार ने बुधवार को राजनीतिक दलों के साथ आवश्यक बैठक की। इस दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को आचार संहिता का पाठ पढ़ाया गया। डीसी चंदन कुमार ने कहा कि अधिसूचना जारी किए जाने के उपरांत से आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। उन्होंने रामगढ़ जिले में बड़कागांव, रामगढ़ एवं मांडू विधानसभा क्षेत्रों के बारे में जानकारी दी। साथ ही पेड न्यूज मॉनिटरिंग, एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग आदि के तहत किए जाने वाले कार्यों की भी जानकारी दी। उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को पीपीटी के माध्यम से आदर्श आचार संहिता के दौरान क्या करें और क्या ना करें इस संबंध में विस्तार से बताया। उन्हें बताया गया कि अब वे बिना आरओ की अनुमति के अपनी गाड़ी में ना तो पार्टी का झंडा लगा पाएंगे और ना ही बैनर। वाहनों और बैठकों में लाउडस्पीकर का प्रयोग करने की अनुमति सुबह 6 बजे से लेकर रात 10 बजे तक ही दी जाएगी। बताया गया कि निर्वाचन के समय मे कोई भी सरकारी कर्मचारी पॉलिटिकल एक्टिविटी में शामिल नहीं हो सकता है। यदि ऐसा होता है तो इसे भी अचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा और कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मंत्रियों द्वारा ऑफिशियल वाहनों का प्रयोग राजनैतिक कार्यों के लिए रोक लगा दी गई है। किसी भी दशा में बिना अनुमति के लाउडस्पीकर का प्रयोग निषेध किया गया है। साथ ही किसी भी जुलूस व रैली के लिए जगह, समय और रुट का निर्धारण पहले से करके पुलिस प्रशासन से अनुमति लेना अनिवार्य है। बिना पूर्व सूचना के किसी भी जुलूस व रैली को अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके अलावा पोलिंग स्टेशनों के 200मीटर दायरे के अंदर किसी भी प्रकार की चुनावी मीटिंग, कन्वेंसिंग, कोई भी आपत्तिजनक कार्य या कोई भी कैम्पेनिंग करने की अनुमति नहीं होगी। निर्वाचन के दौरान शराब का वितरण नहीं किया जा सकेगा।

# बीडी प्रसाद की गाड़ी में ट्रक ने मारी टक्कर चालक की मौत, बीडी प्रसाद की हालत नाजुक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**मेदिनीनगर (पलामू) :** मंगलवार की रात को ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष और बिश्रामपुर विधानसभा प्रत्याशी ब्रह्मदेव प्रसाद उर्फ बी.डी. प्रसाद की इनोवा गाड़ी का एक भीषण हादसा हो गया। यह दुर्घटना तब घटी जब ब्रह्मदेव प्रसाद, मंतोष ठाकुर और विजय शर्मा रांची से गया जा रहे थे। रात लगभग 01:00 बजे, बाराचट्टी थाना (गया) के पास उनकी गाड़ी को एक ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में गाड़ी के ड्राइवर विजय शर्मा की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। ब्रह्मदेव प्रसाद और मंतोष ठाकुर गंभीर रूप से घायल हो गए। इन्हें तुरंत गया के रिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें पटना रेफर कर दिया गया है। उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है, और उनके समर्थक व परिवारजन उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहे हैं। ब्रह्मदेव प्रसाद, जो ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष होने के साथ-साथ बिश्रामपुर विधानसभा के विधायक प्रत्याशी भी हैं, का इस क्षेत्र में बड़ा जनाधार है। उनकी लोकप्रियता को देखते हुए इस हादसे ने पूरे क्षेत्र को गहरे शोक में डाल दिया है। उनके समर्थक और स्थानीय लोग इस दुखद घटना के बाद उनके स्वास्थ्य को लेकर बेहद चिंतित हैं और उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं। इस दुर्घटना ने पूरे क्षेत्र में शोक और चिंता की लहर दौड़ा दी है। उनके परिवार और समर्थकों ने सरकार से इस हादसे की गहन जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। विधायक प्रत्याशी के रूप में ब्रह्मदेव प्रसाद की कर्मठता और ओबीसी समुदाय के अधिकारों के लिए उनकी लगातार की गई आवाज ने उन्हें एक मजबूत नेता बनाया है, और इस हादसे ने उनके प्रति लोगों की सहानुभूति और समर्थन को और भी बढ़ा दिया है।

## उपवास पर रहे पलामू स्टेशन मास्टर डिमांड बैज लगाकर किया कार्य

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू :** विभिन्न मांगों के समर्थन में ऑल इंडिया स्टेशन मास्टर्स एसोसिएशन के केंद्रीय पदाधिकारियों के आह्वान पर बरवाडीह से गढ़वा रोड स्टेशन के सभी स्टेशन मास्टरों ने बुधवार को सुबह 10 बजे से उपवास में रहकर ड्युटी को अंजाम दिया। डालटनगंज स्टेशन पर स्टेशन मैनेजर ने डिमांड बैज लगा कर काम किया। इसके साथ मांगों से संबंधित ज्ञापन पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम के नाम सौंपा और उनसे मांगों को पूरा कराने की दिशा में पहल करने का आग्रह किया है। उपवास पर रहकर कार्य करने वालों में स्टेशन अधीक्षक अनिल कुमार द्विवेदी, लक्ष्मण ऊरांव, श्रवण सिंह, अमृतेश कुमार, भीम कुमार, मनीष केरकेट्टा, अजय कुमार एक्का, उमेश कुमार, शशांक शेखर, सुधीर कुमार, जयंत कुमार, बेंजामिन लकड़ा, नमंती सोसन कुजुर, संजीव कुमार सिंह, सबीर, इंद्रजीत राम, संजय कुमार, आशीष रंजन, बिनोद कुमार, मिथुन कुमार पासवान, सतीश कुमार, सुमन बैठा, उदय प्रसाद गुप्ता, उमा शंकर सिंह आदि स्टेशन मास्टर शामिल हैं। स्टेशन प्रबंधक अनिल कुमार द्विवेदी ने कहा कि स्टेशन मास्टर सदैव भारतीय रेलवे के जरिए देश के लिए काम करता है लेकिन उनकी कुछ ऐसी समस्याएं हैं, जो अब तक लंबित पड़ी हैं। इसपर रेलवे बोर्ड द्वारा समाधान करने का प्रयास नहीं किया जा सका है। उन्होंने कहा कि इसी वजह से विवश होकर हंगर फास्ट का रास्ता अपनाना पड़ा है।

## विस चुनाव के मद्देनजर अवैध बीयर की बड़ी खेप बरामद, पुलिस की छापेमारी जारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**मेदिनीनगर (पलामू) :** झारखण्ड विधानसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर, पुलिस अधीक्षक महोदया पलामू के निदेर्शानुसार, दिनांक 16.10.2024 को हरिहरगंज थाना क्षेत्र में विशेष छापामारी अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत हरिहरगंज थाना के पुलिस पदाधिकारी एवं बल ने सघन वाहन चेकिंग और छापेमारी की। छापामारी के दौरान बोलेरो वाहन (संख्या इफ26अ-7477) से अवैध रूप से ले जाई जा रही बड़ी मात्रा में बीयर की खेप बरामद की गई। इस संबंध में हरिहरगंज थाना काण्ड सं0-141/2024, दिनांक 16.10.2024 के तहत मामला दर्ज कर विधिवत कानूनी कार्रवाई की जा रही है। जिसमें गोड फादर बीयर (650 मिली.)- 216 बोतल, अनुमानित मूल्य 37,000/ और गोड फादर केन बीयर (500 मिली.) - 48 केन, अनुमानित मूल्य 7,000/ की बरामद की गई। जिसकी कुल अनुमानित लगभग मूल्य 44,000 है। इस सघन अभियान पु०अ०नि० सतीश कुमार गुप्ता, पु०अ०नि० धनंजय कुमार गोप, म०पु०अ०नि० हेमन्ती बास्की, पु०अ०नि० राकेश कुमार सिंह शामिल रहे। आगामी विधानसभा चुनाव 2024 को ध्यान में रखते हुए, पलामू पुलिस लगातार जिले में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए अवैध गतिविधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रही है। चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधि को रोकने के लिए यह अभियान चलाया गया है, जिससे चुनाव निष्पक्ष और सुरक्षित तरीके से संपन्न हो सके।

## अपनी किस्त की भुगतान के लिए दर-दर की ठोकरे खा रहे हैं पीएम आवास के लाभुक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**छतरपुर :** नगर पंचायत छतरपुर के दर्जनों लाभुकों ने अपना आवास का कार्य पूरा कर लिया है बावजूद उनके अंतिम किस्त का भुगतान नहीं किया जा रहा है। जिसके कारण उन्हें खासे परेशानी का सामना करना पड़ रहा है हैं। खास कर जिन्होंने कर्ज लेकर अपना घर बनाया है उनके लिए उनका पीएम आवास ही सरदर्द बन चुका है। यही नहीं कई ऐसे लाभुक हैं जिन्हें आवास आवंटन होने के बाद भी किसी भी किस्त का भुगतान अब तक नहीं हो पाया है। यह बातें नगर पंचायत के सामाजिक कार्यकर्ता सह नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरविंद गुप्ता चुनमुन ने पत्रकारों से कहीं उन्होंने इस आशय का ज्ञापन भी कार्यपालक अधिकारी और सिटी मैनेजर को सोशल मीडिया के माध्यम से प्रेषित किया है। जिसमें उन्होंने मांग किया है कि आवास पूर्ण कर चुके लाभुकों को अविलम्ब किस्तों का भुगतान किया जाए। सिंगल विंडो सिस्टम की व्यवस्था कर पीएम आवास के लाभुकों की समस्याओं का समाधान किया जाए। पीएम आवास के कई लाभुकों का भुगतान विगत दो तीन सालों से पेंडिंग है, जांच कर उनका भुगतान सुनिश्चित करवाई जाए। पहला, दूसरा और तीसरा किस्त के लिए लाभुक नगर कार्यालय का चक्कर लगा कर परेशान हैं लेकिन नगर पंचायत की उदासीनता से उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। अरविंद ने कहा है कि उन्होंने कई दफा इस संबंध में नगर पंचायत के ध्यान आकृष्ट कराया था और पीएम आवास के लाभुकों की समस्याओं के समाधान की मांग की थी लेकिन छतरपुर नगर पंचायत के द्वारा उदासीन रवैया अपनाया जा रहा है जिसके कारण लाभुक परेशान हैं उन्होंने कहा कि नगर पंचायत के लोहराही, सड़मा, बारा, मदनपुर, रामगढ़, मन्देया, हेसला, भेरवाडीह, बैरियाडीह, अर्जुनडीह सहित कई इलाकों के लाभुक नगर पंचायत कार्यालय का चक्कर लगा लगाकर परेशान हैं, उन्होंने पुनः नगर पंचायत से आग्रह किया है कि लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करे अन्यथा नगरवासी बाध्य होकर आंदोलन करने को विवश हो जाएंगे।

## मतदान केंद्रों पर सुविधाओं को दुरुस्त करने का निर्देश



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी :** विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर मतदान केंद्रों पर एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी-एएमएफ सुविधाओं को दुरुस्त करने को लेकर बुधवार को सभी छह प्रखंडों में स्थित स्कूलों के प्रधानाध्यापकों के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से मतदान केंद्रों एवं क्लस्टर पर एएमएफ सुविधा को दुरुस्त करने पर चर्चा की गई। एएमएफ सुविधा के तहत पेयजल, शौचालय, विद्युत, रैंप आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया, ताकि विधानसभा चुनाव में मतदान करने के लिए आनेवाले मतदाताओं एवं क्लस्टर पर मतदान कर्मियों और सुरक्षा बलों को कोई समस्या न हो और उन्हें मूलभूत सुविधा मुहैया कराई जा सके।

# हुसैनाबाद विधानसभा में झामुमो है टाइट, इंडिया गठबंधन में हो सकती है फ्रेंडली फाइट : उदय ओझ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हुसैनाबाद (पलामू) :** झारखंड की राजनीति में हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र हमेशा से ही एक अहम सीट रही है और इस बार के चुनावों में यहां की स्थिति और भी दिलचस्प हो गई है। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने इस क्षेत्र में अपनी पकड़ को मजबूत करने के लिए नई रणनीतियों पर काम किया है, जिससे यह कयास लगाया जा रहा है कि आगामी चुनावों में इंडिया गठबंधन के घटक दलों के बीच फ्रेंडली फाइट की संभावना काफी बढ़ गई है। हाल के दिनों में झामुमो के भीतर सशक्त नेतृत्व और संगठनात्मक बदलाव देखने को मिले हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी और झामुमो की वरिष्ठ नेता कल्पना मुर्मू सोरेन ने हुसैनाबाद में एक भव्य मिलन समारोह का आयोजन किया, जिसमें झारखंड के ज़िला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह समेत लगभग 750 लोगों को पार्टी में शामिल कराया गया। आलोक सिंह की झामुमो में एंट्री ने पार्टी की ताकत को बढ़ाया है, क्योंकि वे क्षेत्र के एक प्रभावशाली और युवा नेता माने जाते हैं। उनके साथ-साथ अन्य नेताओं और कार्यकर्ताओं के शामिल होने से पार्टी का कद हुसैनाबाद में बढ़ा है। झामुमो ने इस क्षेत्र में अपनी जड़ें और गहरी करने के लिए ₹मंईयां सम्मान यात्रा₹ के माध्यम से मतदाताओं के बीच अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। इस यात्रा के दौरान, पार्टी ने कई लोकलुभावन योजनाओं की घोषणा की, जैसे कि मंईयां सम्मान योजना की राशि बढ़ाकर 2500 रुपये करना, बिजली बिल माफी और पारा शिक्षकों के लिए ईपीएफ योजना लागू करना। इन घोषणाओं से ग्रामीण क्षेत्रों में झामुमो को भारी समर्थन मिलता दिख रहा है। बिजली बिल माफी से हर जाति और वर्ग को फायदा हुआ है, जिससे इस बार के चुनाव में झामुमो को एक नई ऊर्जा मिल सकती है।

हालांकि, झामुमो की यह बढ़त इंडिया गठबंधन के अन्य दलों, विशेष रूप से राजद के लिए चिंता का विषय बन गई है। राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव, जिन्होंने 2000 और 2009 के चुनावों में हुसैनाबाद से जीत हासिल की थी और 2019 में भी वे 31444 वोट लेकर दूसरे स्थान पर रहे थे, इस सीट को अपने लिए बहुत महत्वपूर्ण मानते हैं। राजद किसी भी कीमत पर इस सीट को झामुमो के लिए छोड़ने को तैयार नहीं है। यह स्थिति गठबंधन में एक अंदरूनी संघर्ष की ओर इशारा करती है, जहां झामुमो और राजद के बीच फ्रेंडली फाइट होने की संभावना काफी प्रबल है।

झामुमो ने हुसैनाबाद में अपना कुनबा बढ़ाने के लिए आलोक कुमार सिंह जैसे युवा और प्रभावशाली नेताओं को शामिल कर अपनी रणनीति को और मजबूत किया है। उनके साथ-साथ बशिष्ठ सिंह उर्फ बबलू सिंह और विवेकानंद सिंह जैसे स्थानीय नेताओं ने भी ₹मंईयां सम्मान यात्रा₹ को सफल बनाने में अपना अहम योगदान दिया। इन तीन नेताओं ने कार्यक्रम को अभूतपूर्व सफलता दिलाई, जिससे पार्टी नेतृत्व काफी खुश है। संभावना है कि इनमें से किसी एक को आगामी विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का उम्मीदवार घोषित किया जाएगा।

सूत्रों के अनुसार, इन तीनों नेताओं ने पार्टी के भीतर समन्वय और एकजुटता का प्रदर्शन किया है, जिससे यह भी संकेत मिलते हैं कि झामुमो के उम्मीदवार का चयन होने के बाद भी इन नेताओं के बीच कोई मतभेद नहीं होगा और वे एकजुट होकर चुनाव लड़ने के मूड में हैं। इस बार के चुनावों में झामुमो का आत्मविश्वास पहले से कहीं ज्यादा मजबूत दिख रहा है, क्योंकि पार्टी के पास अब मजबूत स्थानीय नेतृत्व और प्रभावशाली मुद्दे हैं, जो मतदाताओं को आकर्षित कर सकते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### डाल्टनगंज- भंडरिया विधानसभा मांग रहा बदलाव : रूचिर



**पांकी (पलामू) :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के पलामू जिला सचिव एवं राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी ने रामगढ़ प्रखंड के बेड़मा, बभंडी, चौपरिया, कोठी महुआ, पचलेवा, अंमवाही गांव में जनसंपर्क अभियान कर लोगों की जन समस्याओं से अवगत हुआ जहां यह पाया कि इस इलाके में में ट्रांसफार्मर खराब है लेकिन इस और ना तो विभाग का और नहीं जनप्रतिनिधियों का ध्यान है। वहीं जिला सचिव तिवारी ने कहा कि वर्तमान भाजपा के विधायक में विकास के नाम पर केवल अपना विकास कर अपनी गरीबी दूर कर लिया लेकिन जनता की जन समस्या और स्थिति वहीं के वहीं बनी हुई है वही हाल कांग्रेस के रहे पूर्व जन प्रतिनिधियों का भी रहा है। डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीण इलाकों में विकास का एक भी काम नहीं पूरा हुआ वहीं नल जल योजना के तहत लगा नल का निर्माण घटिया हुआ है। खेती भगवान भरोसे रह गया। कम्युनिस्ट नेता जमालुद्दीन अंसारी ने कहा कि कांग्रेस और भाजपा दोनों ने जनता को चलने का काम किया है इस बार कम्युनिस्ट पार्टी के युवा उम्मीदवार रुचिर कुमार तिवारी को जनता विकल्प के रूप में चुने। मौके पर निरंजन कमलापुरी ने कहा कि सभी बेस्ट समाज इस बार रुचिर तिवारी जुझारू एवं कर्मठ उम्मीदवार को जीतने का संकल्प ले। मौके पर नगर सचिव सुरेश ठाकुर ने कहा कि डाल्टनगंज भंडारिया विधानसभा में बदलाव जरूरी है। मौके पर राम जन्म भुइया, नसीम राइन, आयुष पांडे, अविनाश मिश्रा, आर्यन पांडे, सुषमा मुरमा, भीकम यादव विष्णु राम बालकिशन उरांव सहित कई लोग।

### पलामू की सभी पांच विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी हम पार्टी



**मेदिनीनगर (पलामू) :** बुधवार को हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा सेक्युलर के पलामू जिला अध्यक्ष आशुतोष कुमार तिवारी ने प्रेस बयान जारी कर कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव का बिगुल फूंका जा चुका है और हम पार्टी ने पलामू जिला की सभी पांच विधानसभा सीटों पर प्रत्याशी उतारने का निर्णय ले लिया है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पार्टी पलामू के डाल्टनगंज ,बिश्रामपुर पांकी ,हुसैनाबाद और छतरपुर विधानसभा सीटों पर उम्मीदवारों के नाम का पैनल बनाकर केंद्रीय नेतृत्व को भेज रहा है और आतिश शीघ्र प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रत्याशी चयन में जन आधार वाले और आम जनमानस के समस्याओं को लेकर संघर्ष करने वाले नेताओं को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने बताया कि पलामू जिला में हम पार्टी का संगठन काफी मजबूत स्थिति में है और सभी प्रखंडों में बूथ स्तर तक कमेटी गठित की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि कार्यकताओं की मांग पर पार्टी ने सभी सीटों पर प्रत्याशी उतारने का निर्णय ले लिया है और पूरे दम खम से विधानसभा का चुनाव लड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि हम पार्टी गरीबों के स्वाभिमान की रक्षा करने वाली पार्टी है और आज पूरे भारत में गरीबों के बुलंद आवाज बन चुकी है। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही पार्टी का घोषणा पत्र भी जारी कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बार आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि हम पार्टी पलामू से अपना खाता खोलने में कामयाब जरूर होगी।इस अवसर पर एससी एसटी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष चंदन कुमार भुईयां, पार्टी के जिला महासचिव अबू फैजल, जिला सचिव वारिस आलम, मोहम्मद फैज, सुशील कुमार चंद्रवंशी समेत अन्य लोगों उपस्थित थे।

### पांकी में युवाओं ने विधायक के खिलाफ किया प्रदर्शन



**पांकी (पलामू) :** पांकी विधानसभा क्षेत्र में युवाओं ने भाजपा विधायक कुशवाहा डॉ. शशिभूषण मेहता के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि विधायक ने 2019 के चुनाव के दौरान जो वादे किए थे, उनमें से कोई भी पूरा नहीं हुआ है। उन्होंने विधायक पर आरोप लगाया कि वे सिर्फ अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए काम कर रहे हैं और युवाओं के मुद्दों की अनदेखी कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि डॉ. शशिभूषण मेहता ने चुनावी वादों में 101 गरीब लड़कियों की शादी कराने, गांवों को मुख्य सड़कों से जोड़ने और किसानों के लिए डीप बोरिंग की सुविधा देने का वादा किया था। हालांकि, 5 वर्षों के बाद भी इनमें से एक भी वादा पूरा नहीं हो सका है, जिससे जनता में गहरा असंतोष फैल गया है। युवाओं ने तख्तियों और बैनरों के साथ विरोध करते हुए नारे लगाए, जिनमें प्रमुख रूप से विधायक शशिभूषण मेहता विकास विरोधी हैं₹ और ₹पांच साल का हिसाब दो जैसे नारों ने ध्यान खींचा। प्रदर्शनकारियों ने शांतिपूर्ण रैली निकाली और कहा कि उनका विरोध किसी राजनीतिक दल के खिलाफ नहीं, बल्कि विधायक की विफलताओं के खिलाफ है। उनका दावा है कि वे भाजपा के समर्थक हैं, लेकिन विधायक की वादाखिलाफी ने उन्हें मजबूर कर दिया है। लेस्लीगंज प्रखंड लगभग 500 युवाओं ने यह भी चेतावनी दी कि अगर भाजपा ने आगामी चुनावों में फिर से डॉ. शशिभूषण मेहता को टिकट दिया, तो वे पार्टी के खिलाफ मतदान करेंगे। उन्होंने पार्टी से अपेक्षा जताई कि क्षेत्र की जनता की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए टिकट वितरण पर पुनर्विचार किया जाए। इस विरोध ने क्षेत्र में राजनीतिक हलचल पैदा कर दी है। भाजपा नेतृत्व के लिए यह स्थिति चुनौतीपूर्ण हो सकती है, क्योंकि प्रदर्शनकारियों का गुस्सा विधायक के कामकाज और विकास योजनाओं में उनकी निष्क्रियता पर केंद्रित है। अब यह देखना होगा कि भाजपा नेतृत्व इस विरोध पर क्या रुख अपनाता है और क्या पार्टी विधायक के प्रति जनता के असंतोष को गंभीरता से लेती है। विधायक के खिलाफ युवाओं का यह विरोध शांतिपूर्ण तो था, लेकिन इसके पीछे की असंतोष की गहराई आगामी चुनावों में बड़ा प्रभाव डाल सकती है। जनता के बीच यह भावना मजबूत हो रही है कि उन्हें एक ऐसे नेता की आवश्यकता है जो वास्तव में क्षेत्र के विकास और उनकी समस्याओं के समाधान के प्रति प्रतिबद्ध हो।

## एक नजर

### आचार संहिता लगते ही सभी कोषांग हुए रेस

**साहिबगंज:** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त के निदेशानुसार गठित कोषांग में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा विधानसभा आम निर्वाचन-2024 निर्वाचन से संबंधित कार्यों को सुचारू रूप से करना प्रारंभ कर दिया है। निर्वाचन से संबंधित जिला में कुल 16 कोषांग बनाए गए हैं। जिनमें कार्मिक कोषांग, आईटी सूचना एवं तकनीकी कोषांग, ईवीएम, वीवीपीएडी-सह-मतपत्र कोषांग, सामग्री-सह-मतदाता सूची विखंडीकारण कोषांग, वाहन कोषांग, विधि व्यवस्था एवं आदर्श आचार संहिता-सह- सुविधा एप एवं सी-विजील कोषांग, मीडिया -सह- हेल्प डेक्स कोषांग, निर्वाचन कोषांग, लॉजिस्टिक कोषांग, प्रेक्षक कोषांग, स्वीप कोषांग, प्रशिक्षण कोषांग, पोस्टल बैलेट कोषांग, व्यय कोषांग आदि का गठन किया गया हैं।

### शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने उपायुक्त के समक्ष रखी अपनी समस्याएं

**साहिबगंज:** समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त हेमंत सती ने आमजनों की समस्याएं सुनी। जिला के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने अपनी समस्याओं से जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- उपायुक्त को अवगत कराया।उपायुक्त ने उपस्थित पवन कुमार साह, भोला यादव, खुशी देवी, शिल्पी कुमारी से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी। साथ ही उनके सामाधान को लेकर उन्हें आश्वस्त कराया। उपायुक्त ने संज्ञान में आए हुए शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान करने की बात कही।

### मोबाइल चोरी मामले में पुलिस का तीनपहाड में छापा

**साहिबगंज:** जिला के तीनपहाड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत मध्यप्रदेश के जबलपुर सरकारी रेल थाना पुलिस तीनपहाड़ पहुंची। जहां पुलिस सूत्रों के अनुसार जबलपुर सरकारी रेल थाना के हेड कांस्टेबल बिरेन महोबिया व अनिल यादव तीनपहाड़ थाना पहुंच कर स्थानीय पुलिस के सहयोग से बाबूपुर के बूंदा नोनिया, शिव कुमार नोनिया व बभनगामा के कुंदन रविदास की तलाश में छापामारी की। जहां रेल पुलिस के मुताबिक तीनों युवक घर पर नहीं मिले। इस मामले को लेकर हेड कांस्टेबल वीरेन महोबिया ने बताया की 2018 में जबलपुर रेल थाना में तीनों युवक पर मोबाइल चोरी करने का केस दर्ज है और पुलिस को लंबे समय से तीनों की तलाशी है।

### दुमका में महिला से चेन स्नैचिंग

**दुमका:** दिनदहाड़े अपराधियों ने शहर के बीचों-बीच एक बुजुर्ग महिला से चेन छीन ली। नगर थाना क्षेत्र के रसिकपुर चौक में बाइक सवार दो युवकों ने वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित महिला रसिकपुर, योगमाया मंदिर निवासी महिला स्वास्तिका देवी है। घटना की सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंच इलाके में लगे सीसीटीवी की मदद से छानबीन शुरू कर दी है।

### राजनीतिक दल के नेताओं के हटाये गये पोस्टर-बैनर

**चाईबासा :** चुनाव आयोग की ओर से झारखंड में विधानसभा चुनाव की घोषणा किये जाने व आदर्श आचार संहिता लगने पर बुधवार को चक्रधरपुर में जगह-जगह पर लगे राजनीतिक दलों के नेताओं के पोस्टर व बैनर हटाये गये। चक्रधरपुर के विभिन्न जगहों पर राजनीतिक दल के नेताओं की ओर से पर्व-त्योहार की शुभाकामना को लेकर लगाये गये बड़े-बड़े होर्डिंग, बैनर, पोस्टर, झंडा को नगर परिषद की ओर से हटाया गया। साथ ही राजनीतिक दल के नेताओं को आदर्श आचार संहित का पालन करने को कहा गया।

# अर्पण दीपावली पर बांटेगा पूजन सामग्री, नए कपड़े, पटाखे व मिठाईयां

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**जमशेदपुर :** शहर की सामाजिक संस्था अर्पण ने हर साल की तरह इस वर्ष भी आगामी त्योहारों पर अपने सेवा कार्यों को सफल बनाने के लिए मंगलवार को बैठक बुलाई। बैठक में संस्था के सदस्यों ने विभिन्न योजनाओं पर चर्चा की बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी दिनों में दीपावली के अवसर पर बोड़ाम प्रखंड के ब्रजपुर गांव के बागबेड़ा में जरूरतमंद परिवारों में दीपावली एवं काली पूजा के लिए पूजन सामग्री, बच्चों के बीच नए कपड़े, गर्म कपड़े, पटाखे, मिठाई एवं अनेक प्रकार के उपहार बांटे जाएंगे। छठ महापर्व के अवसर पर शहर के दर्जन भर घाटों पर छठ व्रत धारियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए शिविर लगाए जाएंगे। कार्तिक पूर्णिमा के दौरान स्वर्णरेखा नदी के घाट पर श्रद्धालुओं के बीच अन्न दान किया जाएगा। मुख्य संरक्षक अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि सामाजिक सेवा के इन कार्यों से न केवल जरूरतमंदों की मदद होती है, बल्कि यह हमें एकजुटता और सहानुभूति का अहसास भी कराता है। हमें मिलकर इन त्योहारों को और भी विशेष बनाना है। समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रयासरत रहना है अर्पण परिवार ऐसे नेक कार्य में अग्रसर है, जो समाज में सेवा और सहायता के भाव को बढ़ावा देता है। संगठन का लक्ष्य केवल त्यौहारों पर ही नहीं, बल्कि हर समय जरूरतमंदों की मदद करना है। उन्होंने कहा कि अर्पण परिवार के सभी सदस्यों, सहयोगियों और समाज के सभी लोगों से अपील करता हूं कि वे इस प्रकार के पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लें और समाज में एक सकारात्मक बदलाव लाने में भूमिका निभाएं। इस बैठक का संचालन जूगुन पांडे ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रिंस सिंह ने किया। इस बैठक में पप्पू राव, उपेन्द्र कुमार, विभाष मजूमदार, दीपक सिंह, मनीष सिंह, घनश्याम भिरभरिया, शेखर मुखी, सौरव चटर्जी, विवेक कामत, विक्रम ठाकुर, रवि गिल, त्रिनाथ मुखी, अभिषेक पांडे एवं अन्य सदस्यों ने सम्मिलित होकर सेवा कार्यों को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## पुलिस ने दो युवक को देसी कट्टा व कारतूस के साथ किया गिरफ्तार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला के राजमहल थाना क्षेत्र अंतर्गत एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान पुलिस ने दो युवक को एक देसी कट्टा व एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। यह जानकारी बुधवार को एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी ने पत्रकारों को दी है। उन्होंने बताया कि एसपी अमित कुमार सिंह के निर्देश पर मंगलवार की देर शाम को फुलवरिया चेक नाका के पास एंटी क्राइम वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान ई रिक्शा पर सवार दो व्यक्ति पुलिस को देख भागने का प्रयास किया पुलिस की नजर दोनों व्यक्ति पर पड़ते ही खदेड़ कर दबोच लिया। एसडीपीओ ने बताया कि धराया गया एक व्यक्ति राजमहल थाना क्षेत्र के नया बाजार का धनराज हजारीबाग 22 वह दूसरा व्यक्ति नया बाजार मोहम्मद रहमान शेख 19 को पकड़ा गया है। तलाशी लेने पर कमर से एक देसी कट्टा व एक जिंदा कारतूस एवं एक कीपैड मोबाइल मिला। दोनों के विरुद्ध थाना में आर्म एक्ट के तहत केस दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। वहीं मौके पर पुलिस निरीक्षक श्यामलाल हांसदा, थाना प्रभारी गुलाम सरवर, एसआई विक्रम कुमार, एसआई बिट्टू कुमार साहा, एसआई सालखु मुर्मू, एसआई महादेव उरांव, ए एसआई तस्लीम राजा, अरविंद कुमार दास, वीर सिंह महतो शामिल थे।

## राज्य में जल्द चुनाव कराने के लिए आयोग को बधाई व स्वागत : सहिस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पटमदा :** बुधवार को दोपहर 2 बजे आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस के आवासीय कार्यालय पर बैठक पूर्वी सिंहभूम जिला समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह ने कहा कि पूर्वी सिंहभूम जिला में जुगसलाई विधानसभा में आजसू पार्टी एनडीए प्रत्यासी के रूप में चुनाव लड़ेगी और इसके लिए क्षेत्र के सबसे लोकप्रिय नेता सह पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस जी उम्मीदवार होंगे इसके लिए आजसू पार्टी जल्द ही सभी घटक दलों से एक समन्वय समिति का गठन किया जाएगा और सभी वरीय नेतागण के साथ आपसी तालमेल के साथ कार्य करना है और जीत सुनिश्चित करना है इसके लिए है सभी अपने अपने क्षेत्र में जाए और वोटरों के साथ बेहतर संबंध स्थापित किया जाए ।बैठक में बतौर अतिथि रामचंद्र सहिस ने कहा कि चुनाव आयोग के द्वारा झारखंड विधानसभा हेतु की घोषणाओं का मै स्वागत करता हूं और बधाई देता हूँ। चुकी चुनावी सुगबुगाहट को देखते हुए राज्य सरकार के मंत्री और विधायक अंधाधुंध शिलान्यास और भूमिपूजन कर जनता के बीच में भ्रम फैलाकर लोगों के भावनाओ के साथ खिलवाड़ करने का कार्य कर रहे थे और ऐसे ढोंगी नेताओं का पदार्फाश करते हुए जनता के बीच जुगसलाई के विधायक द्वारा पिछड़ा अतिपिछड़ा दलित आदिवासी महिलाओं के जमीन पर जबरदस्ती दखल कर खरीद फरोख्त करने का काम किया है जिससे आम जनमानस में खासे नाराजगी है और वैसे लोग द्वारा लगाए गुहार पर कारवाई करने का आश्वाशन देते है आगामी दिनों में इन सारे विषयो पर आंदोलन के माध्यम से सभी बिक्री हुई जमीन उन असहाय पीड़ित परिवार को वापस दिलाने का कार्य करेंगे। रामचंद्र सहिस ने जुगसलाई विधानसभा स्तरीय प्रभारी और सह प्रभारी की घोषणा करते हुए उनके नेतृत्वत में चुनाव लड़ने का ऐलान किया जो इस प्रकार है। कन्हैया सिंह जुगसलाई मुख्य विधानसभा प्रभारी, सह प्रभारी के रूप में आदित्य महतो, और वन बिहारी महतो को बनाया गया है।



## साहिबगंज में अर्बनपेथी वोटर्स को लेकर कॉलेज में दिलाई गई शपथ



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** साहिबगंज महाविद्यालय, साहिबगंज में आगामी विधानसभा चुनाव 2024 में शहरी मतदाताओं को जागरूक करने एवं मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शहरी क्षेत्र अंतर्गत मतदान बूथ पर मतदाताओं की शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित हो सके। बी.एड विभाग के छात्र - छात्राओं को शपथ दिलवाकर उन्हें अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ- साथ वृद्ध महिला युवा दिव्यांग मतदाताओं को मतदान बूथ पर लाना है इसे तो समस्या शिकायत और सुझाव आमंत्रित किए गए। आगामी दिनों में महाविद्यालय के नंदन भवन में मतदाता जागरूकता के लिए कार्यक्रम आयोजित करने हेतु रूपरेखा तैयार की गई। जिसमें निर्वाचन विभाग के वरीय पदाधिकारी की भी भूमिका रहेगी। इन्हीं सब विषयों को लेकर के आज इस कार्यक्रम में परिचर्चा की गई। कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी- सह- नोडल पदाधिकारी चित्रा यादव, महाविद्यालय के प्रधानाचार्य एस०आर० आई० रिजवी, मॉडल कॉलेज राजमहल के प्रधानाचार्य डॉ० रणजीत कुमार सिंह, स्वीप कोषांग के कर्मी नवीन कुमार,अनंत कुमार, लुइस मुर्मू, रश्मी प्रियंबदा, जिला निर्वाचन कार्यालय एवं सहकर्मी तथा महाविद्यालय में कार्यरत एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## रौनियार वैश्य समाज का विजया दशमी सह पारिवारिक मिलन समारोह आज



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जमशेदपुर :** रौनियार वैश्य समाज का 17 अक्टूबर को विजया दशमी सह पारिवारिक मिलन समारोह आदित्यपुर 2 स्थित आनंद विहार सभागार में आयोजित होगा। हर साल रौनियार युवा मंच द्वारा धूमधाम से इसका आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम के संयोजक विनोद कुमार गुप्ता और अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद को बनाया गया है। संगठन सचिव प्रमोद गुप्ता इस कार्यक्रम के संयोजक हैं। कार्यक्रम में रौनियार समाज के सभी परिवार को आमंत्रित किया गया है। यह निर्णय बुधवार की सुबह हुई बैठक में लिया गया है। कार्यक्रम अपराह्न 3 बजे से रात 9 बजे तक चलेगा। इस दौरान अंतिम हिंदू सम्राट हेमचंद्र विक्रमादित्य रौनियार की याद में एक गोष्ठी होगी। रौनियार समाज इस अवसर पर महापुरुष सम्राट हेमू रौनियार, चाणक्य, चंद्रगुप्त, राजा टोडरमल, महात्मा गांधी आदि के योगदान पर विमर्श करेगा। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में शिक्षिका आशा गुप्ता, प्रो शालिनि कुमारी, समाजसेविका रजनी गुप्ता, शिक्षिका निशा कुमारी, समाजसेविका रश्मी साहू, पम्मी गुप्ता होंगी। साथ ही समाज के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा।

# पश्चिमी सिंहभूम जिले के सभी विस क्षेत्र में मतदान 13 नवंबर को

## जिला में चला जागरूकता अभियान, लोगों से की गई वोट करने की अपील

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चाईबासा :** पश्चिमी सिंहभूम जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कुलदीप चौधरी के निदेशानुसार विधानसभा आम चुनाव- 2024 के मद्देनजर जिला अंतर्गत स्वीप गतिविधि के तहत मतदाताओं की वृहद भागीदारी सुनिश्चित करने की मुहिम चलाई है। नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह सहायक समाहर्ता अर्णव मिश्रा द्वारा जागरूकता गतिविधि अंतर्गत बुधवार को बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम में खिलाड़ियों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पश्चिमी सिंहभूम जिले के सभी विधानसभा क्षेत्र में 13 नवंबर को मतदान है। इसमें बड़ी संख्या में सभी मतदान करें। इसके बाद उन्होंने जन वितरण प्रणाली दुकानदारों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली का नेतृत्व करते हुए लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। मौके पर उनके द्वारा ईवीएम मशीन की कार्य प्रणाली के बारे में डेमो के माध्यम से बताया गया कि ईवीएम और वीवीपीएटी दोनों ही मशीन कंट्रोल यूनिट के साथ जुड़ी होती है. जैसे ही आप ईवीएम मशीन में बटन दबाते हैं, एक बीप की आवाज आती है और साथ में लगी वीवीपैट मशीन में आपने जिस उम्मीदवार को वोट दिया है, उसकी एक पर्ची प्रिंट होकर दिखने लगती है। उन्होंने बताया कि जब भी कोई व्यक्ति वोट डालता है, तो वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल उर्फ वीवीपीएटी मशीन में स्लिप जेनरेट होती है। इस स्लिप को देखने से वोट देने वाले को एक तसल्ली हो जाती है कि उन्होंने जिस उम्मीदवार को वोट दिया है वोट उसी को गया है। कार्यक्रम में सदर प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी सदर, प्रभारी पदाधिकारी स्वीप कोषांग सहित अन्य मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस ने आरोपी के घर चिपकाया इस्तेहार



**पटमदा:** कमलपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गोपालपुर गांव निवासी करीब 8 साल पुराने मामले में फरार प्रकाश कुंभकार के घर में मंगलवार को कमलपुर थाना के सहायक अवर निरीक्षक कपिल देव महतो ने ग्रामीणों के समक्ष इश्तेहार चिपकाया। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी दीपक कुमार ठाकुर ने बताया कि कमलपुर थाना कांड संख्या 10 / 16 के नामजद आरोपी प्रकाश कुंभकार घटना के बाद से ही फरार चल रहा है। तीन बार नोटिस जारी होने के बाद भी कोर्ट में हाजिर नहीं हुआ है। मंगलवार को कोर्ट से निर्गत इश्तेहार को चिपकाते हुए अविलंब कोर्ट में सरेंडर करने को कहा गया। इस दौरान ग्राम प्रधान संदीप मिश्रा, संजय प्रमाणिक, चित्तरंजन कुंभकार व सशत्र बल शामिल थे।

### सदर अस्पताल एचआईवी एड्स से बचाव को लेकर चलाया जागरूकता अभियान



**साहिबगंज:** बुधवार को सिविल सर्जन के आदेशानुसार सदर अस्पताल साहिबगंज के प्रांगण मे स्टॉल लगाकर एचआईवी/एड्स से बचाव एवं नियंत्रण हेतु युवाओं एवं आम जनों को जागरूक करने के लिए इंटेन्शिफाइड आईइसी कैम्पेनिंग का आयोजन किया गया। जिसमे लोगों को एचआईवी/एड्स के बारे में जानकारी दिए और इससे बचाव के लिए भी कई महत्वपूर्ण उपाय बताए। विदित हो की यह कैंपेनिंग 16 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2024 तक किया जाना है। वहीं मौके पर डॉ. सत्तीबाबू डाबडा जिला वीबीडी सलाहकार, संजय राम एफपी काउंसेलर, स्वीट कुमारी, सुमन कुमार आदि सभी एआरटीसी स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।

### पुलिस ने दुकान में छापामारी कर अवैध शराब के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**साहिबगंज:** आज दिनांक-16 अक्टूबर 24 को समय 04.00 बजे सुबह गुप्त सुचना मिली की तीनपहाड़ थाना अंतर्गत ग्राम सुतियारपाड़ा में मनोहर राय नाम के व्यक्ति द्वारा अपने दुकान में अवैध रूप से शराब का बिक्री किया जाता है। इस सुचना का सत्यापन एवं आवश्यक कारवाई हेतु गस्ती अधिकारी सअनि पंचानंद दास, सशस्त्र बल के साथ मनोहर राय के दुकान पहुंचे। जहां सुबह करीब 05.00 बजे मनोहर राय से दुकान में पुछताछ कर दुकान की तलाशी लेना प्रारंभ किया गया। वहीं तलाशी के क्रम में मनोहर राय के दुकान के काउंटर के नीचे से बीयर एवं अंग्रजी शराब बरामद किया गया एवं अभियुक्त मनोहर राय 45 वर्षीय पिता स्वर्ग फेकू राय को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। इस संबंध में तीनपहाड़ थाना कांड सं 52/24, धारा 274/275 बीएनएस एवं 47 (ए) एक्साइज एक्ट के अंतर्गत कांड दर्ज किया गया है। वहीं पुलिस ने दुकान से 14 पीस केन बीयर, 9 बोतल अंग्रेजी शराब, जप्ती किया है। वहीं छापामारी दल में सअनि पंचानंद दास, आ 284 फिरोज खान, आ 395 सुरेंद्र मुर्मू सभी थाना तीनपहाड़ सामिल थे।

### आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका हड़ताल समाप्त कर अपने कार्यकाल में वापस लौटे



**साहिबगंज:** जिला अंतर्गत तालझारी प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी सेविका एवं सहियका 05 अक्टूबर 2024 दिन शनिवार से 14 अक्टूबर 2024 तक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर थे। वह मंगलवार को हड़ताल स्थगित करते हुए अपने कार्यालय में योगदान दे रहे हैं।इसकी सूचना बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को एक आवेदन देकर अवगत कराया कि हम सभी आंगनबाड़ी सेविका एवं सहियका हड़ताल स्थगित करते हुए अपने कार्यकाल में योगदान कर रहे हैं। जहां अध्यक्ष रीता प्रीतिवन्ती हेंब्रम, सचिव कल्पना देवी, कोषाध्यक्ष लुसी मरांडी, सेविका में सुमी हेंब्रम, राधा देवी, बेबी देवी, मरियम सोरेन, सुरजी पहाडिन, रेखा देवी, हेना अंजुम, सुनीता मुर्मू, शान्ति हेंब्रम, मरियम सोरेन, सहियका में गीता देवी, सोनी टुडू, चांदी पहाड़िया, अवेली पहाड़िन, सिमोती हांसदा, सुनीता देवी, अनीता देवी, सुशीला टुडू, पकु मुर्मू, मुनीरा बीबी सभी मिलकर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को एक आवेदन दिया।

### आदर्श आचार संहिता लागू होने से अवधेश कुमार को लगा झटका

**चाईबासा :** आदर्श आचार संहिता लागू होने से अवधेश कुमार का मुख्य अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष के रिक्त पद पर पदस्थापन का मामला लटक गया है। बैक डेट से अवधेश कुमार अधिसूचना जारी कराने के लिए देर रात तक विभाग में जमे रहे। विदित हो कि जल संसाधन विभाग ने पिछले सप्ताह कई अभियंताओं की सेवा ग्रामीण कार्य विभाग को दी है। विभाग ने नियम को ताक पर रखकर अधीक्षण अभियंता अवधेश कुमार को चालू स्वतंत्र मुख्य अभियंता बना कर ग्रामीण में सेवा दिया गया है, ताकि ग्रामीण विकास विशेष का पुनः पूर्ण रूप से मुख्य अभियंता के पद पर नियुक्त किया जा सके। अवधेश कुमार राज्य निर्वाचन आयोग में अपनी अधिसूचना के लिए सेटिंग गेटिंग भी करने में लगे हैं। अब सवाल उठता है कि क्या अवधेश कुमार को पुनः रांची और पलामू अंचल का अधीक्षण अभियन्ता के पद पर प्रभारी नियुक्त किए जाएंगे। सूत्रों की मानें तो पहले से संभाल रहे तीनों पद की चाह बनाए हुए हैं अवधेश कुमार। सूत्र बताते हैं कि विभागीय सचिव को तीनों पद के लिए बड़ा ऑफर अवधेश कुमार द्वारा दिये जाने की चर्चा जोरों पर है। अवधेश कुमार ने अपनी ऊंची पहुंच और पैरवी के बल पर किसी भी अपने समकक्ष वाले अभियंता की सेवा ग्रामीण में नहीं आने दी है, ताकि कोई भी बाधा उत्पन्न नहीं हो।

# तीर धनुष मेरे-पिता से गिरता तो राम का अपमान होता

## तेजस्वी यादव का सीएम नीतीश पर तंज, कहा- उनकी उम्र का दिख रहा असर

**पटना।** के गांधी मैदान में रावण दहन के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हाथ से तीर-धनुष छूट कर नीचे गिर गया, जिसके बाद इस मामले पर बिहार में सियासत तेज हो गई है। आरजेडी ने कहा कि यह घटना दर्शाती है कि नीतीश कुमार अपनी पार्टी जेडीयू के चुनाव चिन्ह तीर को बीजेपी में विलय करने की तैयारी कर रहे हैं। वहीं अब तेजस्वी यादव ने भी इसे लेकर सीएम नीतीश पर निशाना साधा है। तेजस्वी ने कहा, 'यही अगर मेरे और लालू यादव से हुआ होता तो राम का अपमान हो जाता। ऐसा कहा जाता कि तीर और धनुष फेंक दिया रावण पर बाण नहीं चलाया। हो सकता है उम्र का प्रभाव है दिखा है।' तेजस्वी के बयान पर बीजेपी ने पलटवार किया। पार्टी प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि नीतीश कुमार का पॉलिटिकल तीर हमेशा निशाने पर बैठता है। दरअसल, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के दूसरे चरण की यात्रा की आज से शुरू हो रही है। वे रात में ही बांका के लिए रवाना हो गए। इस दौरान उन्होंने राबड़ी आवास से निकलते समय मीडिया से बातचीत की। पत्रकारों ने तेजस्वी यादव से सीएम नीतीश के स्वास्थ्य से संबंधित सवाल पूछा। जिस पर नेता प्रतिपक्ष ने कहा, 'हमें तो चिंता है, वह हमारे चाचा जी हैं। व्यक्तिगत तौर पर हम तो उनका सम्मान करते ही हैं।' नीतीश के हाथ से गिरा तीर-धनुष, सोशल मीडिया पर वायरल पटना के गांधी मैदान में उट नीतीश कुमार की मौजूदगी



में रावण का दहन किया गया। रावण वध के लिए उट, राज्यपाल और डिप्टी उट ने तीर-धनुष उठाया। सभी चलाने वाले थे, इसी दौरान मुख्यमंत्री के हाथ से तीर धनुष गिर गया। यह पूरी घटना कैमरे में कैद हो गई और देखते ही देखते सोशल मीडिया पर बायरल हो गई।पिछले बार तीन, इस बार चारों सीटों पर जीतेंगे राजद की आज से यह यात्रा शुरू हो रही है। यह यात्रा 26 अक्टूबर तक चलेगी। इस दूसरे चरण में वह 12 जिलों के कुल 54 विधानसभा क्षेत्रों के कार्यकताओं से तेजस्वी यादव सीधा संवाद करेंगे। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा, 'यह यात्रा कार्यकताओं से संवाद का यात्रा है। इसमें जो भी पंचायत और ब्लॉक के अध्यक्ष हैं, उनसे हम लोग मुलाकात कर रहे हैं। ताकि पार्टी और संगठन को और मजबूत किया जाए। यह यात्रा पूरी हो जाए इसके बाद एक बार लोगों के बीच भी यात्रा निकालेंगे।' चार सीटों पर उपचुनाव को लेकर तेजस्वी यादव ने कहा, 'पिछले बार तीन सीटों पर चुनाव हमने जीता था। इस बार चार के चारों सीटों पर चुनाव जीतेंगे, जिस तरीके से नकारात्मक सरकार चल रही है। कोई काम नहीं हो रहा है, मेरे जाने के बाद से ही लोगों को नौकरी नहीं लगी है। मैने 3.50 लाख पद प्रक्रियाधीन कराए थे। अभी तक उन लोगों को नौकरी नहीं लगी है।' स्मार्ट मीटर पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि यह स्मार्ट मीटर नहीं बल्कि चीटर मीटर है। लोग काफी ज्यादा परेशान है, जल्द इसको लेकर भी लोगों के बीच जाएंगे।'तेजस्वी ने आगे कहा, 'बिहार में 2012 के बाद स्थिर सरकार नहीं है। जब तक स्थिरता नहीं होगी तब तक विकास नहीं होगा। आप हमारे मुख्यमंत्री को ही देख लीजिए, अब अधिकारियों ने उनका बोलना भी बंद करवा दिया है। एक कमरे में 5 मिनट के लिए बैठक होती है। हजारों करोड़ों रुपए की योजना की शुरूआत हो जाती है।'हिंदू स्वाभिमान यात्रा पर भी साधा निशाना केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के हिंदू स्वाभिमान यात्रा निकाले जाने को लेकर तेजस्वी यादव ने कहा, 'सभी धर्म का सम्मान होना चाहिए। केवल नफरत फैलाने की राजनीति नहीं होनी चाहिए। लोगों के पास तो उपलब्धि है नहीं।

## संक्षिप्त डायरी

### मारवाड़ी युवा मंच ने डांडिया का किया आयोजन



**सहरसा।** में पहली बार मारवाड़ी युवा मंच ने डांडिया का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व मंत्री सह बीजेपी विधायक आलोक रंजन झा, पूर्व विधायक किशोर कुमार मुन्ना और सहरसा नगर निगम की मेयर बैन प्रिया, उप मेयर गुड्डू हयात ने सम्मिलित रूप से दीप जलाकर किया। आयोजित कार्यक्रम में शहर की सैकड़ों महिलाएं शामिल हुई। बाहर से आए कलाकारों ने नृत्य संगीत के धुन महिलाओं ने डांडिया खेला और जमकर इंजॉय किया। पहली बार मारवाड़ी युवा मंच के बैनर तले डांडिया में शहर के कई गणमान्य महिलाओं ने इस में हिस्सा लिया गया।बच्ची, युवतियों और महिलाओ ने डांडिया खेलती नजर आयी। बिहार के पूर्व मंत्री सह बीजेपी के विधायक आलोक रंजन ने कहा कि मारवाड़ी समाज को सबसे पहले धन्यवाद देते है कि ऐसे कार्यक्रम के आयोजन से समाज में एक दूसरे के भेदभाव खत्म होता है और विजयादशमी के बाद ऐसे कार्यक्रम से अच्छे माहौल बनते है।

### नालंदा में बोलेरो ने बुजुर्ग को रौंदा, मौत



**नालंदा।** में मंगलवार को सड़क हादसे में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। मामला चिकसौरा थाना क्षेत्र अंतर्गत निरिया गांव के समीप की है। मृतक की पहचान चिकसौरा थाना क्षेत्र के खोखना गांव निवासी स्व.शिवनंदन चौधरी के (65) वर्षीय पुत्र लक्ष्मण चौधरी के रूप में की गई है। देर शाम परिजन शव के पोस्टमर्टम को लेकर बिहार शरीफ सदर अस्पताल पहुंचे। मृतक के परिजन ने बताया कि लक्ष्मण चौधरी सोमवार को अपने ससुराल निरिया गांव आए थे। जहां उनके ससुराल में पूजा-पाठ के बाद बलि दी गई थी। जहां वह प्रसाद ग्रहण कर मंगलवार की सुबह अपने घर लौट रहे थे। तभी गांव के बाहर बोलेरो ने उन्हें कुचल दिया। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इलाज के क्रम में देर शाम उनकी मौत हो गई। इसके उपरांत स्थानीय पुलिस को घटना की जानकारी दी गई।चिकसौरा थानाध्यक्ष बबन कुमार ने बताया कि इलाज के क्रम में बुजुर्ग की मौत हो गई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। फिलहाल पुलिस पर मामले की जांच में जुट गई है। वाहन चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### 5 साइबर अपराधियों को किया गिरफ्तार

**नालंदा।** जिले में पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई में 5 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इस गिरोह में साला-बहनोई सहित कई राज्यों में सक्रिय अपराधी शामिल थे। पुलिस ने इनके पास से बड़ी संख्या में फर्जी एटीएम कार्ड, सिम कार्ड और मोबाइल फोन बरामद किए हैं। मानपुर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की। सदर डीएसपी वन ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ युवक बाइक पर फर्जी सिम और एटीएम कार्ड लेकर आ रहे हैं। जानकारी के आधार पर धनकी मोड़ के पास एक बाइक पर सवार तीन युवकों को रोका गया। तलाशी के दौरान उनके पास से बड़ी मात्रा में फर्जी एटीएम कार्ड, सिम कार्ड और अन्य संदिग्ध दस्तावेज बरामद हुए। इन तीनों की निशानदेही पर दो अन्य साथियों को भी गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार अपराधियों में नवादा जिले के पृथ्वी राज कुमार, मोनू कुमार उर्फ आशिक राज, पंकज कुमार तथा नालंदा के मंटू कुमार और प्रदीप कुमार शामिल हैं।

ये लोग विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर फर्जी विज्ञापन और लॉटरी जीतने के झांसे देकर बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल सहित कई राज्यों के लोगों को ठगते थे। पुलिस ने इस गिरोह से कुल 19 फर्जी एटीएम कार्ड, 15 फर्जी सिम कार्ड, दो बाइक और पांच मोबाइल फोन बरामद किए हैं। यह मामला साइबर अपराध की बढ़ती चुनौतियों को रेखांकित करता है, जिसमें अपराधी नए-नए तरीके अपनाकर आम लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं।

# रसेल वाइपर सांप का मुंह पकड़कर व्यक्ति पहुंचा अस्पताल

**भागलपुर।** में मंगलवार की रात एक अधेड़ रसेल वाइपर सांप को गले में लटकाते हुए मायागंज अस्पताल पहुंच गया। रसेल वाइपर सांप एशिया का सबसे खतरनाक सांप है। जीरोमाइल थाना क्षेत्र के मीराचक में प्रकाश मंडल घर जा रहे थे। इसी दौरान सांप ने उसे दाहिने हाथ में डस लिया। इसके बाद प्रकाश मंडल ने सांप को कंधे पर लटकाया और इलाज के लिए मायागंज अस्पताल पहुंच गए। वे सांप के मुंह को पकड़े थे। कुछ देर बाद



सांप के साथ फर्श पर लेट गए। डॉक्टर ने मरीज के पास जाने से इनकार कर दिया। इधर, इलाज में काफी लेट हो जाने के कारण मरीज की स्थिति गंभीर हो गई। फिलहाल इलाज मायागंज अस्पताल में चल रहा है। दुनिया के पांच सबसे जहरीले सांपों में से एक रसेल वाइपर है। इससे भागलपुर में गंगा किनारे बसे लोग परेशान हैं। मंगलवार रात में भी एक व्यक्ति इस सांप के शिकार हुए। वे काफी देर तक हाथ में सांप को पकड़े इमरजेंसी वार्ड की गली में खड़े रहे। उसके साथ आए व्यक्ति उन्हें संभाल रहे थे। डॉक्टर ने कहा कि इलाज करना मुश्किल होगा, जबतक कि सांप हटाया नहीं जाता है। वहीं, कुछ लोग यह कह रहे थे कि देखिएगा कहीं हाथ से सांप छूट न जाए। किसी तरह से हाथ से सांप छुड़ाकर बंद किया, तो प्रकाश का इलाज शुरू हो सका। रात करीब 12 बजे तक उसका इलाज चल रहा था।

# गोपनीय शाखा के लापता क्लर्क स्टेनो छत्तीसगढ़ से बरामद



**गया।** डीएम दफ्तर की गोपनीय शाखा के लापता क्लर्क स्टेनो छत्तीसगढ़ के दुर्ग से बरामद, कहा अपनी मर्जी से आए गया में जिले के डीएम दफ्तर की गोपनीय शाखा के आशु लिपिक पंकज कुमार लापता थे। जिन्हें गया पुलिस ने छत्तीसगढ़ के दुर्ग रेल थाना की मदद से सकुशल बरामद कर लिया है। पंकज का मोबाइल सोमवार की सुबह 10:00 बजे के बाद से बंद था। 10:00 बजे के आसपास उनका लोकेशन रामपुर थाना क्षेत्र में मिला था। उसके बाद से उनका लोकेशन ट्रेस नहीं हो रहा था। पंकज कुमार किस हाल में है कहां है इस बात की जानकारी न तो उनके घर वालों को थी और न ही उनके ऑफिस वालों को। पंकज कुमार की पत्नी संगीता कुमारी ने रामपुर पुलिस स्टेशन में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। हालांकि रिपोर्ट दर्ज कराने में पीड़ित परिवार को सिविल लाइंस और रामपुर थाने का कुछ देर के लिए चक्कर काटना पड़ा। क्वाटर से ऑफिस के लिए निकले थे दसअसल में पंकज कुमार सोमवार सुबह अपने क्वाटर सेवा नगर से ऑफिस के लिए निकले थे। उसके बाद से ही वे लापता चल रहे थे। सोमवार देर शाम तक जब पंकज कुमार घर नहीं लौट सके थे तो उनके घर वालों की चिंता बढ़ने लगी थी। उन्होंने आस पड़ोस और उनके दोस्तों से जानकारी ली थी पर कहीं से कोई पता नहीं चल सका था। मंगलवार शाम तक पंकज नहीं मिले तो उनकी पत्नी ने रामपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। खास बात यह कि पंकज की स्कूटी डीएम कोठी परिसर में पाई गई थी लेकिन उनका कोई अता पता नहीं चल रहा था। पंकज को लाया जा रहा एसएसपी आशीष भारती ने प्रेस रिलीज जारी कर बताया है कि आशु लिपिक जो लापता थे। उनकी सकुशल बरामदगी हो गई है। पुलिस की विशेष टीम छानबीन में जुट गई थी। जांच पड़ताल के दौरान पता चला कि पंकज को साउथ बिहार एक्सप्रेस ट्रेन में सफर करते हुए देखा गया है। इस पर गया पुलिस ने दुर्ग रेल थाना की मदद से उन्हें बरामद कर लिया गया है। दुर्ग रेल पुलिस को पंकज ने बताया है कि वह अपनी मर्जी से दुर्ग तक आए। एसएसपी ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। पंकज को वापस लाया जा रहा है। गया आने बाद उनसे पूछताछ के बाद ही विशेष जानकारी शेयर की जा सकेगी।

# अवैध ई-टिकट बनाने के आरोप में एक दलाल गिरफ्तार



**कटिहार।** रेल मंडल अंतर्गत रेलवे सुरक्षा बल के ईस्ट पोस्ट कमांडर राकेश कुमार के नेतृत्व में आरपीएफ ने मंगलवार को एक दर्जन रेलवे के अवैध ई-टिकट बनाने के आरोप में एक दलाल को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। आरपीएफ ईस्ट पोस्ट में 143 रेलवे एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार युवक 24 वर्षीय मो. मकसूद अलम कोढा, कटिहार जिला का निवासी है। जिसके पास से आरपीएफ के सब इंस्पेक्टर अनुज कुमार ने लगभग 20 हजार के 12 ई-टिकट में दो प्रीमियम तत्काल टिकट के साथ लैबटॉप, मोबाइल फोन आदि को बरामद करते हुए जब्त किया है। जिसे बाद में न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। 6 ट्रेनों में हुई जांच

आरपीएफ के सीपीडीएस टीम ने आरपीएफ कमांडेंट के निर्देश पर विशेष ड्राइव चलाया गया। आयोजित विशेष ड्राइव के दौरान आरपीएफ की विशेष टीम के प्रभारी सैयद एहसान अली के नेतृत्व में ट्रेन में महिला और विकलांग बोगी में चढ़े और रेल क्षेत्र में अनाधिकृत प्रवेश करने के आरोप में कटिहार से एनजेपी के बीच ट्रेन नंबर 15715, 13164, 15483, 15945, 19306, 15910 सहित अलग-अलग लगभग आधे दर्जन ट्रेनों को बारीकी से चेक किया गया। जिसमें कुल 22 लोगों को विभिन्न रेलवे एक्ट के तहत पकड़ कर मामला दर्ज किया गया। आयोजित विशेष ड्राइव में सीपीडीएस टीम प्रभारी सैयद एहसान अली के नेतृत्व में एक शातिर मोबाइल चोर को भी यात्री के दो चोरी के मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार कर रेल पुलिस को आगे की कार्रवाई के लिए सुपुर्द किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार पकड़े गए 20 वर्षीय व्यक्ति मो सबा कुमार अररिया जिला निवासी है। मौके पर आरपीएफ पोस्ट कमांडर राकेश कुमार के साथ आरपीएफ सीपीडीएस टीम प्रभारी सैयद एहसान अली, सहित आर पी एफ और रेल पुलिस के कई अधिकारी व जवान मौजूद थे ।


# पुलिस से मारपीट और पथराव पर 35 नामजद



**भोजपुर।** जिले के धोबहा थाना क्षेत्र के सलेमपुर में मूर्ति विसर्जन जुलूस के दौरान जाति आधारित गाना बजाने का विरोध करने को लेकर विवाद हुआ था। जिसमें पुलिस पर पथराव करने और मारपीट के आरोप में 35 नामजद समेत 20-25 अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी की गई है। थानाध्यक्ष संजीव कुमार के बयान पर हुई प्राथमिकी में हेमतपुर व सलेमपुर गांव के दोनों पक्षों को आरोपित किया गया है। आरोपियों पर अश्लील गाना बजाने, सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने और ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को घायल किए जाने का आरोप है। पकड़े गए आरोपियों में मुखिया समीर सिंह उर्फ मिथुन सिंह, रमेश सिंह, दीपक सिंह, रितेश यादव, अमित कुमार सिंह और विष्णु बजरंग सिंह शामिल है। सभी पकड़े गए आरोपी एक पक्ष के हैं, जो धोबहा के हेमतपुर गांव के निवासी हैं। दूसरे पक्ष से अभी गिरफ्तारी नहीं हुई है। इस दौरान सदर एएसपी परिचय कुमार ने सलेमपुर गांव पहुंचकर घटना की जांच की। कुछ लोगों से पूछताछ भी की गई। गाना बजाने को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़े थे मालूम हो कि सोमवार की शाम दुर्गा पूजा की समाप्ति के बाद हेमंतपुर गांव से मूर्ति विसर्जन करने को लेकर पूजा कमेटी के सदस्य और ग्रामीण गाना बजाते बलुआं-केवटिया गंगा घाट की ओर जा रहे थे कि जाति आधारित गाना बजाए जाने को लेकर सलेमपुर डेरा और हेमतपुर गांव के कुछ लोगों के बीच विवाद हो गया था।

# आत्महत्या के लिए मजबूर हुए रिटायर एयर फोर्स ऑफिसर






**पूर्णिया।** में इंडियन एयरफोर्स के रिटायर्ड ऑफिसर सिस्टम के आगे लाचार हो गए। अब आत्महत्या करने को मजबूर हैं। जमीन के म्यूटेशन के लिए वे 6 माह से अंचल कार्यालय का चक्कर काट रहे। उन्होंने सीओ पर 8 हजार रुपए मांगने के आरोप लगाया है। पीड़ित ऑफिसर ने सीओ पर तु-तराक करने और गाली-गलौज का भी आरोप लगाया है। हालांकि सीओ संजीव कुमार ने इन आरोपों को बेबुनियाद बताया है। पीड़ित की पहचान हरदा के ठाढ़ा गांव निवासी भूदेव यादव के रूप में हुई है। वे इंडियन एयरफोर्स से जूनियर वॉरंट ऑफिसर के पद से रिटायर्ड हैं। सीओ पर मनमानी और प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए रिटायर्ड ऑफिसर भूदेव यादव ने हाथों में तख्तियां लेकर अपनी जमीन पर प्रदर्शन किया। रिटायर्ड ऑफिसर ने तख्ती पर लिखा- अंचलाधिकारी पूर्णिया पूर्व संजीव कुमार की प्रताड़ना से तंग आकर मैं भूतपूर्व सैनिक भूदेव यादव (कैंसर पीड़ित) आत्महत्या करने जा रहा हूं। दाखिल खारिज के एवज में सीओ मनमाने रकम की मांग करते हैं। यादव जाति का होने के कारण तू-तड़ाक और गाली-गलौज से बात करते हैं। सेवानिवृत्त ऑफिसर भूदेव यादव ने बताया कि हरदा में उनकी 19 डिसमिल जमीन है। इसी के म्यूटेशन के लिए 24 अप्रैल को अप्लाई किया था। ऑनलाइन आवेदन मिलने पर पूर्णिया पूर्व प्रखंड के सीओ संजीव कुमार ने सभी कागजातों की जांच की और जमीन से जुड़े कागजातों की वेरिफाइड कॉपी जमा करने को कहा। मैंने जमा कर दिया। इसके बाद कभी सीओ और कभी उनके कर्मचारी टालते रहे। वे अंचल कार्यालय और सीओ दफ्तर के चक्कर लगाते थक गए। उन्होंने अपना परिचय भी दिया और बताया कि वे कैंसर से पीड़ित हैं, उनकी मदद की जाए। मगर किसी को कोई फर्क नहीं पड़ा। DCLR के पास भी लगाई गुहार इससे थक हारकर वे उळछफ के पास गए और मामला संज्ञान में लाते हुए मदद मांगी। इस पर DCLR ने कागजातों की जांच की और फिर फोन पर सीओ को म्यूटेशन क्लियर करने को कहा। मगर सीओ ने DCLR के निर्देश को भी ताक पर रखा और अब तक म्यूटेशन को लटकाए रखा है। इसके बाद वे फिर अंचल कार्यालय गए और सीओ संजीव कुमार से मिलकर म्यूटेशन क्लियर करने का आग्रह किया। बताया कि वे कैंसर से पीड़ित हैं। उन्हें इस तरह दौड़ाकर परेशान न किया जाए। इस पर वे भड़क गए और तू-तड़ाक पर आ गए। इन्हीं सब से तंग आकर अब उन्होंने ये फैसला किया है कि वे खुद को खत्म कर लेंगे। क्योंकि अब उनमें सही काम कराने के लिए सिस्टम का सामना करने की ताकत नहीं रही। इस माह के अंत तक काम हो जाएगा पूर्णिया पूर्व के सीओ संजीव कुमार ने कहा कि कागजातों की जांच की जा रही है। त्योहार के कारण थोड़ी देरी हो रही है। मगर इस महीने के अंत तक क्लियर कर दिया जाएगा। जो आरोप लगाए गए हैं, उनमें थोड़ी बहुत भी सच्चाई नहीं है।



# कोणार्क सूर्य मंदिर के शिखर पर लगे पत्थर के बारे में जो बताया जाता है वह कितना सच है

ओडिशा के कोणार्क शहर में प्रतिष्ठित सूर्य मंदिर यूनेस्को की विश्व धरोहरों में शामिल हैं। वैसे तो इस मंदिर का निर्माण हजारों वर्षों पूर्व हुआ माना जाता है लेकिन कई इतिहासकार मानते हैं कोणार्क सूर्य मंदिर का निर्माण 1253 से 1260 ई. के बीच हुआ था। भारत के सुप्रसिद्ध मंदिरों में शुमार कोणार्क सूर्य मंदिर में सूर्य देव को रथ के रूप में विराजमान किया गया है तथा पत्थरों को उत्कृष्ट नक्काशी के साथ उकेरा गया है। स्थानीय लोग यहां सूर्य-भगवान को बिरंचि-नारायण भी कहते थे।

### कोणार्क सूर्य मंदिर की खासियत

केसरी वंश के राजा द्वारा निर्मित इस मंदिर की शिल्पकला दर्शनीय है। मंदिर का निर्माण सूर्य के काल्पनिक रथ का रूप देकर किया गया है। सूर्य मंदिर चौकोर परकोटे से घिरा है। इसके तीन तरफ ऊंचे-ऊंचे प्रवेशद्वार हैं। पूरब दिशा में मुख्य द्वार है जिसके सामने समुद्र से सूर्य उदय होता दिखाई पड़ता है। इसमें सूर्य भगवान को अपने विशाल चौबीस पहियों तथा सात घोड़ों के रथ पर सवार होकर दिनभर की यात्रा के लिए निकलते हुए दिखाया गया है। रथ के सात घोड़ों को सूर्य के प्रकाश के सात रंगों तथा चौबीस पहियों की परिक्रमा के प्रतीक रूप में दिखाया गया है। कोणार्क सूर्य मंदिर ओडिशा के स्वर्णकाल तथा कलिंग शैली की शिल्पकला का प्रतीक है। इस मंदिर की दीवारों पर पत्थर की नक्काशी की हुई अनेक आकर्षक प्रतिमाएं हैं। सूर्य भगवान के रथ की अलंकृत नक्काशी वाला यह बेजोड़ मंदिर भव्यता में अद्भुत है।

### कोणार्क मंदिर से जुड़ी अजब कथा

कई कथाओं में इस प्रकार का उल्लेख मिलता है कि कोणार्क सूर्य मंदिर के शिखर पर एक चुम्बकीय पत्थर लगा है जिसके प्रभाव से, कोणार्क के समुद्र से गुजरने वाले सागरपोत इस ओर खिंचे चले आते हैं, जिससे उन्हें भारी क्षति हो जाती है। एक अन्य कथा में उल्लेख मिलता है कि शिखर पर लगे इस पत्थर के कारण पोतों के चुम्बकीय दिशा निरूपण यंत्र सही दिशा नहीं बता पाते थे इसलिए कुछ आक्रांता इस पत्थर को निकाल कर ले गये जिससे मंदिर को नुकसान हुआ था। हालांकि यह सब कही-सुनी बातें हैं इसका कोई ऐतिहासिक साक्ष्य उपलब्ध नहीं है।

### कोणार्क मंदिर देखने कैसे आएं

यदि आप भी कोणार्क सूर्य मंदिर आना चाहते हैं तो भुवनेश्वर और पुरी से यहां आसानी से आ सकते हैं। ओडिशा पर्यटन विकास निगम की ओर से यहां भ्रमण की भी व्यवस्था कराई जाती है। वैसे कोणार्क में रहने की भी पर्याप्त व्यवस्था है। पर्यटक चाहें तो भुवनेश्वर से यहां आकर भ्रमण कर के उसी दिन वापस लौट सकते हैं। कोणार्क में रहने के लिए पर्यटन विभाग के लाज, टूरिस्ट बंगला और निरीक्षण भवन भी हैं।

### कोणार्क का समुद्र तट भी अवश्य देखें

कोणार्क का समुद्र तट विश्व के सुंदरतम तटों में से एक माना गया है। यहां समुद्र के रेतीले गुट का आनंद उठाया जा सकता है। समुद्र की खूबसूरती निहारते हुए उठती-गिरती लहरों को देखना मंत्रमुग्ध कर देता है। यह एक सुंदर पिकनिक स्थल भी है। समुद्र तट सूर्य मंदिर से तीन किलोमीटर दूर है। इसके अलावा कोणार्क की दुर्लभ कलाकृतियों का संग्रह देखने के लिए मंदिर के पास ही स्थित संग्रहालय भी जा सकते हैं।






# गुजरात का यह मंदिर दिन में दो बार हो जाता है गायब, जानिए क्या है रहस्य

भारत में कई हिस्सों में भगवान शिव के कई प्राचीन मंदिर हैं जहाँ दूर-दूर से लोग दर्शन करने के लिए आते हैं। लेकिन आज हम आपको भगवान शिव के एक ऐसे अनोखे मंदिर के बारे में बताने जा रहे हैं जो दिन में दो बार गायब हो जाता है। जी हाँ, गुजरात में स्थित स्तंभेश्वर मंदिर को 'गायब मंदिर' भी कहा जाता है। देश-विदेश से शिव भक्त अपनी मनोकमना पूर्ण होने की कामना के साथ इस मंदिर में आते हैं। आइए जानते हैं भगवान भोलेनाथ के इस अद्भुत मंदिर के बारे में -

### वडोदरा के पास स्थित है स्तंभेश्वर मंदिर

स्तंभेश्वर मंदिर गुजरात के जम्बूसार तहसील में कवि कंबोई गांव में स्थित है। यह मंदिर वडोदरा से लगभग 40 किलोमीटर दूर स्थित होने के कारण वडोदरा के पास सबसे लोकप्रिय दार्शनिक स्थलों में से एक है। यह मंदिर लगभग 150 साल पुराना है और इसे %गायब मंदिर% भी कहा जाता है। सालभर मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहता है। खासतौर पर सावन के महीने में इस मंदिर में हजारों की संख्या में श्रद्धालु दूर-दूर से महादेव के दर्शन करने के लिए यहां आते हैं।

### स्कंद पुराण में मिलता है उल्लेख

स्कन्द पुराण में दिए गए उल्लेख के अनुसार स्तम्भेश्वर मंदिर को




भगवान कार्तिकेय के ताड़कासुर नाम के राक्षस को नष्ट करने के बाद स्थापित किया था।

कहा जाता है कि राक्षस ताड़कासुर भगवान शिव का बहुत बड़ा भक्त था। उसने भगवान को प्रसन्न करने के लिए घोर तपस्या कीऔर भोलेनाथ ने उसकी भक्ति से प्रसन्न होकर उसे एक वरदान मांगने को कहा। तब ताड़कासुर ने आशीर्वाद माँगा कि भगवान शिव के छह दिन के पुत्र के अलावा कोई भी उसे मार न सके। उसकी इच्छा पूरी होने के बाद, ताड़कासुर ने तीनों लोकों में हाहाकार मचा दिया। तब ताड़कासुर के अत्याचार को समाप्त करने के लिए भगवान शिव ने अपने तीसरे नेत्र की ज्वाला से भगवान कार्तिकेय की रचना की। ताड़कासुर को मारने वाले भगवान कार्तिकेय भी उसकी शिव भक्ति से प्रसन्न थे। इसलिए, प्रशंसा के संकेत के रूप में, उन्होंने उस स्थान पर एक शिवलिंग स्थापित किया जहां ताड़कासुर का वध किया गया था।

एक अन्य संस्करण के अनुसार, ताड़कासुर को मारने के बाद भगवान कार्तिकेय खुद को दोषी महसूस कर रहे थे क्योंकि ताड़कासुर राक्षस होने के बाद भी भगवान शिव का भक्त था। तब भगवान विष्णु ने कार्तिकेय को यह कहते हुए सांत्वना दी कि आम लोगों को परेशान करके रहने वाले राक्षस को मारना गलत नहीं है। हालाँकि, भगवान कार्तिकेय शिव के एक महान भक्त को मारने के अपने पाप से मुक्त होना चाहते थे। इसलिए, भगवान विष्णु ने उन्हें शिव लिंग स्थापित करने और क्षमा के लिए प्रार्थना करने की सलाह दी।

### मंदिर के गायब होने के पीछे है यह वजह

स्तंभेश्वर मंदिर के गायब होने के पीछे की वजह प्राकृतिक है। दरअसल, यह मंदिर समुद्र के किनारे से कुछ मीटर की दूरी पर स्थित है। इसलिए दिन में समुद्र का स्तर इतना बढ़ जाता है कि मंदिर जलमग्न हो जाता है। फिर कुछ जो देर में जल का स्तर घट जाता है जिससे मंदिर फिर से दिखाई देने लगता है से प्रकट होता है। चूंकि समुद्र का स्तर दिन में दो बार बढ़ जाता है इसलिए मंदिर हमेशा सुबह और शाम के समय कुछ देर के लिए गायब हो जाता है। इस नज़ारे को देखने के लिए श्रद्धालु दूर-दूर से इस मंदिर में आते हैं।



# बिना तेल और घी के जलता है दीया, तिरुपति बालाजी मंदिर से जुड़े चमत्कारी रहस्यों के बारे में कितना जानते हैं आप?

भारत में एक ऐसा मंदिर मौजूद है जहाँ भगवान स्वयं विराजमान है। यह मंदिर है भगवान तिरुपति बालाजी का जिन्हें भगवान विष्णु का अवतार माना जाता है। तिरुपति वेंकटेश्वर बालाजी मन्दिर भारत के सबसे प्रसिद्ध तीर्थस्थलों में से एक है। तिरुमला की पहाड़ियों पर बना श्री वैंकटेश?वर बालाजी मंदिर आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले के तिरुपति में स्थित है। यह मंदिर समुद्र तल से 3200 फीट ऊंचाई पर स्थित है और तिरुपति के सबसे बड़े आकर्षण का केंद्र है। कहा जाता है जो भी व्यक्ति एक बार यहाँ दर्शन कर ले उसके भाग खुल जाते हैं। इस मंदिर की लोकप्रियता से हर कोई वाकिफ है पर क्या आप मंदिर के चमत्कारी रहस्यों के बारे में जानते हैं। आज हम आपको इन्हीं रहस्यों के बारे में बताने वाले हैं-

मान्यता है कि जब भगवान की पूजा की जाती है तो उनकी मूर्ति मुस्कुराने लगती है। भगवान तिरुपति वेंकटेश्वर बालाजी की मूर्ति में माता लक्ष्मी भी समाहित है। मान्यता है कि भगवान तिरुपति वेंकटेश्वर की मूर्ति इस मंदिर में स्वयं प्रकट हुई थी।

कहा जाता है भगवान तिरुपति वेंकटेश्वर बालाजी की मूर्ति पर लगे हैं बाल असली हैं। यह बाल कभी भी उलझते नहीं हैं और हमेशा मुलायम रहते हैं।

जब आप मंदिर के गर्भ गृह के अंदर जायेंगे तो ऐसा लगेगा कि भगवान श्री वेंकेटेश्वर की मूर्ति गर्भ गृह के मध्य में स्थित है, पर जब आप गर्भ गृह से बाहर आकर मूर्ति को देखेंगे तो प्रतीत होगा कि भगवान की प्रतिमा दाहिनी तरफ स्थित है।

तिरुपति वेंकटेश्वर बालाजी मंदिर समुद्र तल से 3200 फीट ऊंचाई पर स्थित है लेकिन फिर भी भगवान की मूर्ति से समुद्र की आवाजें सुनाई देती हैं। यहाँ के लोगों का मानना है कि भगवान की यह मूर्ति समुद्र से प्रकट हुई थी इसलिए इससे समुद्र की आवाज सुनाई देती है।

तिरुपति वेंकटेश्वर बालाजी मंदिर के द्वार पर एक छड़ी रखी हुई है। इस छड़ी को लेकर अनेक पौराणिक कथाएं प्रचलित है। एक कथा के अनुसार जब भगवान विष्णु धरती पर माता लक्ष्मी को ढूंढ़ने आये थे तो यह छड़ी उन्हें उनका पता बता रही थी।

ऐसी मान्यता है कि यह वहीं छड़ी है जिससे बचपन में भगवान वेंकटेश्वर जी को चोट लगी थी। चोट का निशान आज भी उनकी मूर्ति के चेहरे पर है। इसलिए हर शुक्रवार उनके चेहरे पर चन्दन का लेप लगाया जाता है।

श्री तिरुपति वेंकटेश्वर बालाजी मंदिर में श्रृंगार, प्रसाद के चढ़ाये जाने वाली सामग्री तिरुपति बालाजी के गांव से आती है। यह गांव मंदिर से 23 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है और यहाँ बाहरी व्यक्ति के प्रवेश पर प्रतिबंध है।

श्री वेंकेटेश्वर बालाजी मंदिर में एक ऐसा दीया रखा हुआ है जो हमेशा जलता रहता है और चौंकाने वाली बात यह है कि इस दीपक में कभी भी तेल या घी नहीं डाला जाता। दीपक को सबसे पहले किसने और कब प्रज्वलित किया था यह बात अब तक रहस्य बनी हुई है।



# सर्दियों में लेना है स्नोफॉल का मजा तो जरूर जाएं भारत की इन 5 खूबसूरत जगहों पर

भारत में कई ऐसी जगहे हैं जो अपनी खूबसूरत वादियों और सर्दियों में बर्फबारी के लिए दुनियाभर में मशहूर हैं। अगर आप अपना विंटर वेकेशन प्लान कर रहे हैं और इस बार परिवार के साथ बर्फबारी का लुत्फ उठाना चाहते हैं तो आज हम आपको ऐसी जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं आप स्नोफॉल का मजा ले सकते हैं-

**शिमला:** स्नोफॉल का जिक्र होते ही हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला का नाम सबसे पहले जहन में आता है। यह स्नोफॉल के लिए पूरी दुनिया में मशहूर है। यहां के हरे भरे पहाड़, ऊंची चोटियां ठंड के दिनों में बर्फ से पूरी तरह ढंककर और भी खूबसूरत दिखते हैं। शिमला को लॉन्ग मून नाइट्स यानी लंबी चांदनी रातों का मौसम भी कहा जाता है। दिसंबर से फरवरी के बीच यहां बर्फबारी का आनंद लिया जा सकता है। इस मौसम में आप यहां स्कींग का भी मज़ा ले सकते हैं। शिमला में आइस स्केटिंग दिसंबर से फरवरी तक होती है।

**गुलमर्ग:** धरती के स्वर्ग जम्मू-कश्मीर में स्थित गुलमर्ग बेहद खूबसूरत जगह है और यहां बर्फबारी का आनंद लेने का अनुभव बहुत खास होता है। सर्दियों के मौसम में गुलमर्ग में चारों तरफ बस बर्फ ही बर्फ दिखती है और इसकी खूबसूरती में चार चांद लग जाते हैं। सर्दियों के मौसम में गुलमर्ग में स्कीइंग करने वालों की भी भीड़ जुटती है। यहां की कुदरती खूबसूरती आपका मन मोह लेगी।

**औली:** उत्तराखंड का सबसे पुराना शहर औली बेहद सुंदर है। बर्फबारी के समय यह किसी स्वपनलोक सा दिखता है। औली भी अपनी प्राकृतिक सुंदरता के साथ-साथ स्कीइंग के लिए मशहूर है। यहां देवदार पेड़ों की लंबी कतार है। बर्फ से ढके जंगलों के बीच सैर करके आप अपनी यात्रा को यादगार बना सकते हैं।


**कुफरी:** शिमला के अलावा हिमाचल प्रदेश में स्थित कुफरी भी स्नोफॉल के दौरान बहुत सुंदर दिखता है और लोग यहां स्कींग के लिए आते हैं। सर्दियों के मौसम में यहां सैलानियों की काफी भीड़ जुटती है। यहां लोग पहाड़ों के बीच रोमांच का मज़ा लेते हैं। हाइकिंग, स्कीइंग, खूबसूरत नजारे, देवदार के लंबे-लंबे पेड़ और सुहानी सर्द हवा का मज़ा लेना है तो कुफरी ज़रूर जाएं।

**कुल्लू-मनाली:** पॉप्युलर हनीमून डेस्टिनेशन कुल्लू मनाली में भी बर्फबारी का मज़ा लिया जा सकता है। हिमाचल प्रदेश का यह हिल स्टेशन भी लोगों के बीच काफी लोकप्रिय है। रोमांच के शौकीनों की तो यह पहली पसंद है। दिसंबर जनवरी में आकर यहां आप भी स्नोफॉल का आनंद ले सकते हैं।

# भारत /न्यूजीलैंड : बारिश की भेंट चढ़ा पहले दिन का खेल, बेंगलुरु में टॉस तक भी नहीं हो सका

**बेंगलुरू (एजेंसी)।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच बुधवार 16 अक्टूबर से तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का आगाज हो गया है। लेकिन बारिश के कारण बेंगलुरु के एम ए चिन्नास्वामी स्टेडियम में होने वाले टेस्ट का पहला दिन बाधित हो गया। यहां टॉस तक भी नहीं हो पाया। भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 चक्र का हिस्सा है।

मौसम विभाग ने पूरे दिन बारिश की भविष्यवाणी की है, जिसके कारण भारतीय खिलाड़ी खुद को एक्टिव रहने के लिए इनडोर नेट्स में प्रैक्टिस कर रहे हैं। भारतीय टीम के खिलाड़ी विराट कोहली यशस्वी जायसवाल मैदान पर नजर आए थे। हालांकि, रिपोर्ट के मुताबिक वह अपने किट के साथ इंडोर नेट्स में गए और कुछ समय बिताया। लंच के बाद भी बारिश होने के कारण पहले दिन का खेल रद्द करनापड़ा। इससे पहले बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज के दौरान दूसरे टेस्ट मैच में भी बारिश के कारण मैच तय नहीं हो सका। हालांकि, पहले दिन टॉस हुआ था और कुछ ओवर का मैच हुआ था लेकिन फिर दो दिन तक बारिश की वजह से खेल नहीं हो सकता था। लेकिन अंतिम दो दिन में भारत ने दमदार प्रदर्शन करते हुए मैच अपने नाम किया था।



## 'भारत के बारे में बात करने पर प्रतिबंध है', पाकिस्तान ए क्रिकेट टीम के कप्तान का खुलासा



**लाहौर (एजेंसी)।** पाकिस्तान ए टीम के कप्तान मोहम्मद हारिस ने सनसनीखेज खुलासा किया है कि पुरुष टी20 इमर्जिंग टीम एशिया कप के लिए उनकी टीम को ड्रेसिंग रूम में भारत के बारे में बात करने पर प्रतिबंध है। पाकिस्तान शाहीन 19 अक्टूबर को अपने टूर्नामेंट के पहले मैच में भारत ए से भिड़ेगी। उनके ग्रुप में यूएई और ओमान दो अन्य टीमें हैं।

हारिस ने सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में कहा, 'आपको एक बात बताऊं। पहली दफा होगा के इस ड्रेसिंग रूम में भारत पर बात करने पर पाबंदी है।' 23 वर्षीय हारिस ने सीनियर पाकिस्तान टीम के लिए अब तक 6 वनडे और 9 टी20 मैच खेले हैं, ने कहा कि अगर खिलाड़ी केवल भारत के खिलाफमैच के बारे में बात करते हैं तो इससे उन पर अतिरिक्त दबाव बनता है।

उन्होंने कहा, 'हमें (सिर्फ) भारत के बारे में नहीं सोचना है, हमें दूसरी टीमों के बारे में भी सोचना है। मैं (सीनियर) पाकिस्तान टीम में रहा हूं, पिछला विश्व कप भी खेला है। इससे इतना दबाव बनता है कि मानसिक रूप से आप भारत, भारत के बारे में सोचते रहते हैं। हमें दूसरी टीमों का भी सामना करना है। इसलिए इस टीम पर फिलहाल (भारत के बारे में बात करने पर) प्रतिबंध है। हमने अभी तक ड्रेसिंग रूम में भारत के बारे में बात नहीं की है। सिर्फभारत ही नहीं, हमें दूसरी टीमों का भी सम्मान करना है।'

टूर्नामेंट में भारत की अगुआई मध्यक्रम के बल्लेबाज तिलक वर्मा करेंगे जो सीनियर टीम के लिए पहले ही चार वनडे और 16 टी20 मैच खेल चुके हैं। सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा को वर्मा की जगह उप-कप्तान नियुक्त किया गया है।

## आईसीसी रैंकिंग: रैंकिंग में जो रूट को हुआ फायदा, 'स्पेशल-20' क्लब में हुई एंट्री



**दुबई (एजेंसी)।** आईसीसी ने खिलाड़ियों की ताजा रैंकिंग जारी की है। इंग्लैंड के दिग्गज बल्लेबाज जो रूट ने अब आईसीसी टेस्ट रैंकिंग के एक स्पेशल 20 क्लब में एंट्री की है। भारत के स्टार क्रिकेटर विराट कोहली पहले से ही लिस्ट में विराजमान हैं। दरअसल, रूट ने क्रिकेट इतिहास में 20 पुरुष बैटर्स द्वारा हासिल की गई करियर की सर्वश्रेष्ठ टेस्ट रेटिंग हैं। कोहली 15वें नंबर पर हैं। वह 937 रेटिंग अंकों तक पहुंच चुके हैं। ऑस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज डॉन ब्रैडमैन 961 रेटिंग अंकों के साथ टॉप पर हैं।

आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजों की लेटेस्ट रैंकिंग की बात करें तो जो रूट टॉप पर हैं। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट में दोहरा शतक जड़ा था। उन्होंने मुल्तान में 375 गेंदों में 17 चौके जड़े और 262 रन की पारी खेली। ये रूट के टेस्ट करियर का सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर है। रूट ने दोहरा शतक जमाने के बाद रेटिंग अंकों में इजाफा किया है। इससे पहले उनके हाईएस्ट रेटिंग अंक 923 थे। रूट ने रैंकिंग में 100 से ज्यादा अंकों की बढ़त हासिल की।

वहीं न्यूजीलैंड के केन विलियमसन 829 अंक के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। उनके साथ इंग्लैंड के हैरी ब्रूक 829 अंक भी हैं। ब्रूक ने मुल्तान में तिहरा शतक (317) जमाया था उन्होंने 11 स्थान की छलांग लगाई। कोहली सातवें नंबर पर हैं।

## महिला टी20 विश्व कप के पहले सेमीफाइनल में आज ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच होगा मुकाबला




**दुबई (एजेंसी)।** आईसीसी महिला टी20 विश्वकप क्रिकेट सेमीफाइनल के लिए चार टीमें तय हो गयी हैं। इसमें सेमीफाइनल मुकाबलों की शुरुआत गुरुवार 17 अक्टूबर से होगी। इसमें पहला सेमीफाइनल ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच होगा। इसमें ऑस्ट्रेलिया की टीम ग्रुप ए में थी जबकि दक्षिण अफ्रीका ने ग्रुप बी से सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच मुकाबला 17 अक्टूबर को खेला जाएगा। दोनों टीमें इस मैच के लिए दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में मैदान पर उतरेंगी। ग्रुप ए में ऑस्ट्रेलिया की टीम लीग स्टेज में अपने चारों मैच जीतकर अंक तालिका में पहले स्थान पर रही थी। वहीं दक्षिण अफ्रीका ने चार में से अपने तीन मुकाबलों को जीता था और वह अंक तालिका में दूसरे स्थान पर रही थी। वहीं दूसरा सेमीफाइनल न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज के बीच खेला जाएगा। ये मैच 18 अक्टूबर को शारजाह क्रिकेट मैदान पर खेला जाएगा। इसमें न्यूजीलैंड की टीम ने ग्रुप ए में चार में से अपने तीन मैच जीते थे। वह 6 अंक लेकर ऑस्ट्रेलिया के बाद वह अंक तालिका में दूसरे स्थान पर रही थी। वहीं वेस्टइंडीज की टीम ग्रुप बी की टॉप टीम है। वेस्टइंडीज ने भी अपने चार में से तीन मैच जीते थे, लेकिन बेहतर रन रेट के कारण अंक तालिका में वह दक्षिया अफ्रीका के बराबर अंक होते हुए वह पहले स्थान पर रही। सेमीफाइनल में जीतने वाली टीम रविवार, 20 अक्टूबर को खेले जाने वाले फाइनल में पहुंचेगी। फाइनल मैच दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में होगा।

## मयंक ओर नितीश को शीघ्र ही टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू का अवसर मिलेगा : रोहित

बेंगलुरु। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि आने वाले समय में तेज गेंदबाज मयंक यादव और ऑलराउंडर नितीश कुमार रेड्डी को भी टेस्ट पदार्पण का अवसर मिलेगा। मयंक और नितीश दोनों ही बांग्लादेश के खिलाफ हाल ही में संपन्न तीन मैचों की सीरीज में भारत की टी20 टीम में शामिल थे ओर इसमें इन दोनो का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा। दूसरे टी20 मैच में नितीश ने 34 गेंदों पर 74 रन बनाकर प्रभावित किया। इसमें 3 विकेट भी शामिल थे। वहीं मयंक ने भी अच्छी गेंदबाजी करते हुए तीन मैचों में सात से कम की इकॉनमी रेट से चार विकेट लिए। इन दोनों को प्रसिद्ध कृष्णा और हर्षित राणा के साथ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए रिजर्व खिलाड़ियों में शामिल किया गया है। रोहित ने कहा कि, मैं समझता हूं कि इन दोनो ने ही अब तक बहुत अधिक नहीं खेला है। हम बेंच स्ट्रेंथ बनाना चाहते हैं।

## डेब्यू टेस्ट में शतक लगाने वाले गुलाम को बाबर आजम ने बधाई दी

मुल्तान। पाकिस्तान के अनुभवी बल्लेबाज और पूर्व कप्तान बाबर आजम ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन शानदार शतक लगाने वाले बल्लेबाज कामरान गुलाम की जमकर प्रशंसा की है। गुलाम को बाबर आजम की जगह इस मेच में शामिल किया गया था। गुलाम ने इंग्लैंड के गेंदबाजों के सामने अच्छा खेल दिखाते हुए 224 गेंदों पर 11 चौकों और 1 छक्के की मदद से 118 रन बनाए। बाबर ने सोशल मीडिया पर गुलाम को उनकी उपलब्धि के लिए बधाई दी औरलिखा - अच्छा खेला कामरान। कामरान ने अपने डेब्यू पर शानदार शतक लगाकर पाक टीम को पांच विकेट पर 259 के स्कोर तक पहुंचाया। इस नये बल्लेबाज ने खराब फॉर्म में चल रहे बाबर की जगह चौथे नंबर पर बल्लेबाजी की और इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमकण का अच्छे से सामना किया। वही दिन के अंत में मोहम्मद रिजवान और सलमान आगा क्रमशः : 37 और पांच रन बनाकर नाबाद थे। जब मेजबान टीम टॉस जीतकर 19 पर दो विकेट खोकर दबाव में थी तब कामरान ने सैम अयूब के साथ तीसरे विकेट के लिए 149 रन जोड़े जिन्होंने करियर की सर्वश्रेष्ठ 77 रन की पारी खेली और रिजवान के साथ पांचवें विकेट के लिए 65 रन की साझेदारी की। उन्होंने स्पिनर जो रूट की गेंद पर चौका लगाकर शतक तक पहुंचने में 280 मिनट का समय लिया और अपने डेब्यू टेस्ट में शतक बनाने वाले पाकिस्तान के 12वें बल्लेबाज बन गए।

## लियोनेल मेसी ने तोड़ा क्रिस्टियानो रोनाल्डो का रिकॉर्ड, संन्यास को लेकर कही बड़ी बात



फुटबॉल जगत में पिछले दो दशकों से अर्जेंटीना के लियोनल मेसी और पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो के बीच प्रतिद्वंद्विता चल रही है। दोनों अंतर्राष्ट्रीय और प्रोफेशनल फुटबॉल में एक दूसरे के रिकॉर्ड तोड़ते आ रहे हैं। इस रिकॉर्ड तो तोड़ने के बाद मेसी ने अपने रिटायरमेंट को लेकर भी बड़ी बात कही। वर्ल्ड कप क्वालिफायर मैच में लियोनेल मेसी की अर्जेंटीना बोलिविया का सामना कर रही थी। इस मैच में उन्होंने 6-0 से जीत हासिल की जिसमें मेसी की हैट्रिक का अहम रोल था। 37 साल के मेसी ने 19वें, 84वें और 86वें मिनट में गोल किए। अर्जेंटीना के दो गोल मेसी के पास पर हुए। उन्होंने लोटारो मार्तिनेज और जूलियन अल्वारेज के लिए गए गोल में एसिस्टेंट की भूमिका निभाई थी। ये मेसी के करियर की 10वीं अंतर्राष्ट्रीय हैट्रिक थी। इस मामले में उन्होंने क्रिस्टियानो रोनाल्डो की बराबरी की। वह दूसरे ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने 10 हैट्रिक लगाई है। दोनों सबसे ज्यादा हैट्रिक लगाने वाली खिलाड़ी हैं। लियोनेल मेसी ने मैच को लेकर कहा, यहां आकर लोगों का प्यार महसूस करके बहुत अच्छा लगता है जिस तरह से वे मेरा नाम पुकारते हैं उससे मैं बहुत प्रभावित होता हूं। ये मुझे प्रेरित करता है। मैं जहां हूं वहां खुश रहना पसंद करता हूं। अपनी उम्र के बावजूद, जब मैं यहां आथा हूं तो मैं खुद को एक बच्चे की तरह महसूस करता हूं क्योंकि मैं इस टीम के साथ सहज हूं।

## नीतू, डिविलियर्स और कुक आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल




**दुबई (एजेंसी)।** टेस्ट क्रिकेट की एक पारी में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी (53 रन पर आठ विकेट) करने वाली भारत की पूर्व स्पिनर नीतू डेविड बुधवार को आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) हॉफ ऑफ फेम में शामिल होने वाली देश की दूसरी महिला क्रिकेटर बनीं। दक्षिण अफ्रीका के महान बल्लेबाज एबी डिविलियर्स और इंग्लैंड के दिग्गज बल्लेबाज एलिस्टेयर कुक को भी हॉल ऑफ फेम में जगह मिली।

भारतीय महिला टीम की चयन समिति की मौजूदा अध्यक्ष नीतू को पूर्व कप्तान डाइना इडुल्जी को शामिल किए जाने के एक साल बाद आईसीसी हॉल ऑफ फेम में जगह मिली है। बाएं हाथ की स्पिनर नीतू ने भारत के लिए 100 से अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच (10 टेस्ट और 97 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय) खेले। एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 47 साल की नीतू 141 विकेट के साथ भारत की दूसरी सबसे सफल गेंदबाज हैं। वह 50 ओवर के प्रारूप में 100 विकेट के आंकड़े को छूने वाली देश की पहली महिला गेंदबाज भी रहीं।

विश्व कप 2005 की सबसे सफल गेंदबाज नीतू ने भारत को पहली बार फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी। नीतू ने आईसीसी की विज्ञप्ति में कहा, 'आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल होना बेहद सम्मान की बात है जिसे मैं राष्ट्रीय टीम की ओर से खेलने वाले किसी भी खिलाड़ी के लिए सर्वोच्च मान्यता मानती हूं।'' उन्होंने कहा, 'यह इस महान खेल के लिए जीवन भर के समर्पण के बाद आता है और यह मेरे लिए इस मुकाम तक पहुंचने की एक बहुत ही विशेष यात्रा है।''

नीतू ने कहा, 'अब तक के सबसे महान खिलाड़ियों के साथ हॉल ऑफ फेमर माना जाना शानदार है और मैं इस विशिष्ट क्लब का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं।' नीतू ने 1995 में 17 साल की उम्र में नेल्सन में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना पहला अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेला। उन्होंने 1995 में ही जमशेदपुर में इंग्लैंड के खिलाफ भारत की दो रन की करीबी हार के दौरान 53 रन देकर आठ विकेट चटकाए जो आज भी महिला टेस्ट में एक पारी में सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत गेंदबाजी प्रदर्शन है। नीतू ने 10 टेस्ट में 41 विकेट चटकाए जबकि 97 एकदिवसीय मुकाबलों में 16.34 के औसत से 141 विकेट हासिल किए। नीतू ने 2006 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया लेकिन दो साल बाद अपना फैसला बदलते हुए एकदिवसीय प्रारूप में एशिया कप और भारत के इंग्लैंड दौरे पर खेलीं।

दूसरी तरफ कुक ने 250 से अधिक अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने 2018 में इंग्लैंड की ओर से सबसे अधिक टेस्ट रन और शतक बनाने वाले खिलाड़ी के रूप में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा। वह कप्तान के रूप में भी काफी सफल रहे। डिविलियर्स ने 14 साल के अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में तीनों प्रारूपों में 20 हजार से अधिक अंतरराष्ट्रीय रन बनाए। मैदान के चारों तरफ शॉट खेलने की क्षमता के लिए डिविलियर्स को 'मिस्टर 360' भी कहा जाता है।

उन्होंने दक्षिण अफ्रीका की ओर से एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे तेज अर्धशतक, शतक और 150 रन का रिकॉर्ड बनाया और उन्हें खेल के इतिहास के सबसे आक्रामक बल्लेबाजों में शुमार किया जाता है। आईसीसी हॉल ऑफ फेम जनवरी 2009 में शुरू किया गया जो वैश्विक संचालन संस्था के शताब्दी समारोह का हिस्सा था। इन खिलाड़ियों को शामिल किए जाने का जश्न इस सप्ताह दुबई में विशेष कार्यक्रमों की श्रृंखला के जरिए मनाया जाएगा जो महिला टी20 विश्व कप के समापन के दौरान होगी।

## एमबाप्पे के खिलाफ चल रही बलात्कार मामले की जांच, मामले पर फुटबॉलर के प्रतिनिधियों ने दी प्रतिक्रिया




स्टॉकहोम। फ्रांस के फुटबॉल स्टार काइलियान एमबाप्पे के प्रतिनिधियों ने स्वीडन के मीडिया में छपी उस रिपोर्ट को 'झूठी और गैर जिम्मेदाराना' बताया है जिसमें कहा गया है कि उनके खिलाफ बलात्कार के एक मामले में जांच चल रही है। सूत्रों का हवाला दिए बिना स्वीडन के कई मीडिया ने रिपोर्ट दी है कि रीयाल मैड्रिड के स्टार स्ट्राइकर एमबाप्पे के खिलाफ बलात्कार के मामले की जांच चल रही है। रिपोर्ट के बाद स्वीडन के अभियोजकों ने मंगलवार को छोटा सा बयान जारी किया कि पुलिस के पास बलात्कार की एक शिकायत आई है लेकिन इसमें किसी का नाम नहीं लिया गया। बयान में कहा गया, 'रिपोर्ट के अनुसार यह घटना स्टाकहोम के एक होटल में 10 अक्टूबर 2024 की है।' एमबाप्पे की मीडिया टीम ने कहा, 'ये आरोप बिल्कुल झूठे और गैर जिम्मेदाराना है। काइलियान एमबाप्पे अपनी प्रतिष्ठा और सम्मान पर किसी तरह की आंच आना बर्दाश्त नहीं करेंगे।' अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर भी एमबाप्पे ने लिखा, 'फेक न्यूज।'

## दिल्ली कैपिटल्स में पोंटिंग का उत्तराधिकारी कौन ? 40 वनडे खेला यह दिग्गज आगे आया

नई दिल्ली - भारत के बाएं हाथ के पूर्व खिलाड़ी हेमंग बदानी दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच बनने की दौड़ में सबसे आगे चल रहे हैं जबकि तेज गेंदबाज मुनाफ पटेल का नाम फ्रेंचाइजी के सहयोगी स्टाफ में भूमिका के लिए चर्चा में है। दिल्ली कैपिटल्स ने कुछ सप्ताह पहले ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग को उनकी उपलब्धता संबंधी समस्याओं के कारण मुख्य कोच के रूप में हटा दिया था। पोंटिंग 2018 से टीम के साथ थे। इंडियन प्रीमियर लीग के एक सूत्र ने नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर बताया कि दिल्ली कैपिटल्स का प्रबंधन स्तरीय घरेलू कोच ढूंढ रहा है और हेमंग तथा मुनाफ का नाम सामने आया है। अभी अंतिम फैसला नहीं किया गया है लेकिन मुनाफ गेंदबाजी कोच हो सकते हैं। अधिकांश अन्य फ्रेंचाइजी की तरह दिल्ली कैपिटल्स के भी आगामी भव्य नीलामी से पहले तीन खिलाड़ियों को रिटेन (अपने साथ बरकरार रखने) करने की उम्मीद है। टीम कप्तान ऋषभ पंत (18 करोड़ रुपये), ऑलराउंडर अक्षर पटेल (14 करोड) और बाएं हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव (11 करोड़) को रिटेन कर सकती है। पांच खिलाड़ियों को रिटेन करने पर 75 करोड़ रुपए खर्च होंगे इसलिए यह माना जा रहा है कि पिछले साल के स्टार खिलाड़ी जेक-फ्रेजर मैकगर्क और दक्षिण अफ्रीका के ट्रिस्टन स्टब्स को टीम राइट टू मैच (आरटीएम) कार्ड के जरिए चुन सकती है, बशर्ते उनकी कीमत टीम के बजट के भीतर हो। बदानी का नाम मुख्य कोच के रूप में आने का कारण अगले दो वर्षों के लिए प्रबंधन में बदलाव का मामला हो सकता है। टीम के सह-मालिकों में से एक जीएमआर अब टीम का संचालन करेगा। दूसरा सह-मालिक जेएसडब्ल्यू है। माना जाता है कि दोनों सह-मालिकों के बीच दो-दो साल तक टीम का प्रबंधन करने पर सहमति है। बदानी इससे पहले सनराइजर्स हैदराबाद में ब्रायन लारा के साथ काम कर चुके हैं लेकिन अगर उन्हें यह काम मिलता है तो यह उनके लिए बहुत बड़ा मौका होगा। तमिलनाडु के पूर्व बल्लेबाज बदानी ने 2001-2004 के बीच भारत के लिए चार टेस्ट और 40 एकदिवसीय मैच खेले जिसमें 2001 की द्विपक्षीय श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय शतक उनके करियर का मुख्य आकर्षण रहा।

## रोहित नीलामी में उतरे तो कई टीमें लगाएंगी बोली - हरभजन



मुम्बई। पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह ने भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि अगर वह आईपीएल 2025 सत्र के लिए नीलामी में शामिल होते हैं तो नीलामी का आकर्षक और बढ़ जाएगा। रोहित को मुम्बई इंडियंस ने 2024 आईपीएल सत्र में कप्तानी से हटा दिया था। ऐसे में माना जा रहा है कि वह इस बार नीलामी में उतर सकते हैं। टीम को 5 बार खिताब जिताने के बाद भी जिस प्रकार उन्हें हटाया गया उससे रोहित नाराज माने जा रहे हैं। हरभजन ने कहा कि अगर रोहित नीलामी के लिए अपना नाम देते हैं तो फ्रेंचाइजी को उनके लिए बोली लगाते देखना एक अच्छा अनुभव होगा। यह देखना दिलचस्प होगा कि मुंबई इंडियंस उन्हें रिटेन करती है या नहीं। अगर वह नीलामी पूल में प्रवेश करते हैं, तो वह बोली को विशेष बना देंगे, क्योंकि बहुत सी टीमें उनके नाम पर बोली लगाएंगी। मुम्बई के साथ तीन आईपीएल खिताब जीतने वाले भज्जी ने रोहित की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि उनमें अभी काफी क्रिकेट बचा है। उन्होंने कहा कि रोहित एक नेता और खिलाड़ी के रूप में काफी अच्छे हैं। वह एक उच्च गुणवत्ता वाले क्रिकेटर और एक मैच विजेता हैं। ऐसे में अगर रोहित नीलामी में उतरते हैं तो उन्हें मोटी रकम मिलेगी। नीलामी देखना रोमांचक होगा। रोहित को एक दशक पहले साल 2013 सत्र के बीच में मुंबई ने कप्तान बनाया तब रिकी पोंटिंग ने अपना पद छोड़ दिया था। रोहित ने पूरी तरह से फ्रेंचाइजी की किस्मत बदल दी और टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे सफल कप्तानों में से एक बन गए। इस बीच, उन्होंने आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 में भारत की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम को सफलता दिलाई। अब देखना दिलचस्प होगा कि क्या मुंबई उन्हें 18वें सीजन से पहले रिलीज करता है या नहीं।

## आईओए हमारे सुझावों पर ध्यान नहीं देता, खिलाड़ी आयोग की प्रमुख मैरीकोम ने कहा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के खिलाड़ी आयोग की अध्यक्ष महान मुक्केबाज एमसी मैरीकोम ने कहा है कि उन्होंने राष्ट्रीय ओलंपिक समिति को सुझाव देना बंद कर दिया है क्योंकि उनकी बातों पर ध्यान नहीं दिया जाता। मैरीकोम उन 10 शीर्ष खिलाड़ियों में शामिल थीं जिन्हें नवंबर 2022 में आईओए खिलाड़ी आयोग में चुना गया था। आईओए में इस समय खींचतान चल रही है जिसमें पदाधिकारियों का एक वर्ग अध्यक्ष पीटी उषा के कामकाज के तरीके पर सवाल उठा रहा है। उषा ने हालांकि अपने खिलाफ सभी आरोपों से इनकार किया है।

आईओए में चल रहे सत्ता संघर्ष के बारे में पूछे जाने पर मैरीकोम ने पीटीआई से कहा, ''मैं आईओए के कामकाज में शामिल नहीं हूं। हमने आईओए के साथ कई बातें साझा की, लेकिन उन्होंने मेरी बात नहीं सुनी। वे मेरे सुझावों को नहीं सुनते। मैं राजनीति नहीं जानती और मैं किसी को दोष नहीं देना चाहती।'' भारतीय मुक्केबाज पेरिस ओलंपिक से पदक के बिना लौटे और मैरीकोम इस नतीजे से बेहद निराश थीं।

41 वर्षीय मैरीकोम ने अफसोस जताया कि ओलंपिक से पहले भारतीय मुक्केबाजी महासंघ में किसी ने उनकी मदद नहीं मांगी। उन्होंने कहा, ''मैं यह नहीं बता सकती कि क्या गलत हुआ क्योंकि उन्होंने मुझे आमंत्रित ही नहीं किया। वे मेरे अनुभव का इस्तेमाल कर सकते थे। मैं मुक्केबाजों को उनकी कमजोरियां और मजबूत पक्ष बता सकती हूं।'' लंदन ओलंपिक 2012 की कांस्य पदक विजेता मैरीकोम को लगता है कि जब तक कोचिंग संरचना में सुधार नहीं किया जाता तब तक पदक नियमित रूप से नहीं आएंगे।

## दिल्ली के तापमान में गिरावट शुरू... हवा की गुणवत्ता में भी सुधार

नई दिल्ली । दिल्ली में तापमान में गिरावट शुरू हुई है। वहीं हवा की गुणवत्ता में कुछ सुधार हुआ है। इस बीच,पराली जलाने की घटनाओं में कमी आई है। इस साल की शुरुआत से 15 अक्टूबर तक पराली जलाने की 2,399 घटनाएं दर्ज की गईं, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 2,791 घटनाएं दर्ज की गई थीं। दिल्ली में खराब होती वायु गुणवत्ता के मद्देनजर राष्ट्रीय राजधानी में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) के पहले चरण के तहत प्रतिबंध लागू हो गए हैं। एक अधिकारी ने बताया कि सर्दियों में विशेष प्रदूषण रोधी उपायों के अंतर्गत ग्रैप के पहले चरण के तहत प्रतिबंध का उद्देश्य निर्माण स्थलों पर धूल को कम करना, उचित अपशिष्ट प्रबंधन और सड़कों की नियमित सफाई के माध्यम से प्रदूषण को नियंत्रित करना है ग्रैप के पहले चरण में प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों की सख्त जांच, बेहतर यातायात प्रबंधन और उद्योगों, बिजली संयंत्रों और ईंट भट्ठों में उत्सर्जन नियंत्रण को अनिवार्य बनाया गया है। इसके तहत 500 वर्ग मीटर या उससे ज्यादा के आकार के प्राइवेट कंस्ट्रक्शन और डेमोलिशन प्रोजेक्ट्स पर रोक। दिल्ली के 300 किलोमीटर के दायरे में पॉल्यूशन फैलाने वाली इंडस्ट्रियल यूनिट और थर्मल पावर प्लांटों पर कार्रवाई पटाखों के प्रोडक्शन, स्टोरेज, और बिक्री पर रोक। 10-15 वर्ष पुराने डीजल/पेट्रोल वाहन पर रोक। खुले में कचरा जलाने पर रोक। खुले स्थानों पर कूड़ा-कचरा फैलाने पर रोक।

## मुंबई में 10 मंजिला इमारत में आग.... तीन की मौत, तीन घायल

मुंबई । मुंबई के अंधेरी वेस्ट में 10 मंजिला इमारत में बुधवार सुबह भीषण आग लग गई। आग में झुलसने से तीन लोगों की मौत हुई है। वहीं, तीन अन्य लोग घायल हो गए। घायलों की पहचान चंद्रप्रकाश सोनी (74), कांता सोनी (74) और 42 वर्षीय पेलुबेटा के रुप में हुई है। घायलों को कूपर अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जानकारी के अनुसार, आग लगने की सूचना पर दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंची। फिलहाल अभी तक आग पर काबू नहीं पाया जा सका है। मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियों, हाइड्रेंट, टर्नटेबल सीढ़ी और एक एम्बुलेंस मौजूद हैं। आग एक आवासीय फ्लैट तक ही सीमित है और अधिकारी स्थिति पर करीब से नजर रख रहे हैं। फिलहाल आग पर काबू पाया जा रहा है।

## मां ने रात में कंघी करने से रोका... बेटी फांसी पर झूली

शहडोल । माता-पिता का समझाना आज कल बच्चों को इतना बुरा लगाता हैं कि अपनी जान तक की परवाह नहीं करते। ऐसा ही कुछ मध्य प्रदेश के शहडोल जिले से बेहद ही हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां एक युवती ने बालों में कंघी करने से मां के द्वारा मना करने पर सुसाइड किया। मामला छतीसगढ़ बार्डर पर स्थित झिकबिजुरी चौकी क्षेत्र के पथरिया टोला के जंगल का है। ग्राम कुटेला के रहने वाली एक 20 वर्षीय युवती आरती उर्फ गुड्डी को मां ने देर शाम बालों में कंघी करने से मना किया। मां की यह बात युवती को इतनी नागवारा गुजरी कि वह नाराज होकर घर से बाहर निकल गई। इसके बाद पथरिया टोला के जंगल में एक पेड़ में फांसी का फंदा बनाकर झूल गई। हालांकि पुलिस को घटनास्थल के पास कुछ आपत्तिजनक चीजें भी मिली है, जिससे ऐसा लग रहा है कि युवती के सुसाइड की वजह कुछ और भी हो सकती है। फिलहाल युवती के सुसाइड का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है। वहीं, मामले में शहडोल एडिशनल एसपी अभिषेक दिवान का कहना है कि युवती के सुसाइड की जानकारी लगने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है। प्रथम दृष्टया मृतका की माता द्वारा बताया गया है कि रात में कंघी करने से मना किया था जिसके बाद वह कही चली गई। इसके बाद उसका फांसी के फंदे झूलता शव मिला है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

## छत्तीसगढ़ के ग्राउंड वॉटर में मिला यूरेनियम, खतरनाक बीमारियों का बड़ा खतरा

रायपुर। एक रिसर्च में छत्तीसगढ़ के कई जिलों में ग्राउंड वाटर में जहरीले यूरेनियम की खतरनाक मात्रा का खुलासा हुआ है। दुर्ग, राजनांदगांव, कांकेर, बेमेतरा, बालोद और कवर्धा के कई गांवों के पानी में यूरेनियम की मात्रा तय मानक से तीन गुना ज्यादा पाई गई है। भिलाई इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीआईटी) के रसायनशास्त्र विभाग की इस रिसर्च में पाया कि पानी में यूरेनियम की मात्रा 30 पीपीबी से ज्यादा नहीं होनी चाहिए, लेकिन इन इलाकों के पानी में यह मात्रा 86 से 105 पीपीबी पाई है। इससे अगले कुछ सालों में कैंसर, किडनी और त्वचा संबंधी गंभीर बीमारियों का खतरा पैदा हो सकता है। बीआईटी की टीम ने 6 जिलों के गांवों में पानी के सैंपल की जांच की। बालोद जिले के देवतराई गांव का पानी सबसे ज्यादा दूषित पाया, जिसमें यूरेनियम की मात्रा 89 पीपीबी थी।

## मुर्शिदाबाद में टीएमसी नेता की गोली मारकर हत्या, क्षेत्र में तनाव, पुलिस बल तैनात

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के बहरामपुर में एक टीएमसी नेता की गोली मारकर हत्या कर दी गई इसके बाद क्षेत्र में तनाव फैल गया है। मृतक की पहचान प्रदीप दत्ता के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि दत्ता जब सुबह की मॉर्निंग वॉक पर निकले थे, तभी अज्ञात हमलावरों ने उन पर गोलियां बरसाई। हमलावरों ने दत्ता पर बहुत पास से सात गोलियां चलाई। बताया जा रहा है कि गोली चलने की आवाज सुनकर लोग अपने घर से बाहर आ गए और देखा कि दत्ता खून से लथपथ थे। उन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बहरामपुर में पुलिस बल मौके पर पहुंचा। वहीं पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई है और हत्या के पीछे का कारण जानने की कोशिश कर रही है। वहीं हमलावरों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। जिला पुलिस अधिकारी ने बताया घटना की जानकारी हासिल करने स्थानीय लोगों से पूछताछ की जा रही है।

# नीतीश के साथ फिर गठबंधन के सवाल पर बोले तेजस्वी यादव, अब सवाल ही नहीं, उनका समय खत्म हो गया है

**पटना (एजेंसी)**। राजद नेता तेजस्वी यादव ने बुधवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ गठबंधन की अटकलों को खारिज कर दिया और दावा किया कि थके हुए जदयू अध्यक्ष के लिए समय आ गया है। जनवरी में जब कुमार अचानक भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए में लौट आए तो यादव को उपमुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था। तेजस्वी ने कहा कि बिहार में दिन-ब-दिन कानून-व्यवस्था की स्थिति पर नजर डालें तो...ऐसा कोई विधानसभा क्षेत्र नहीं है, जहां हत्या, लूटपाट, अपहरण और बलात्कार जैसे अपराध नहीं होते हों।

राजद नेता ने दावा किया कि बड़ी मुश्किल से एफआईआर दर्ज होती है, जांच शून्य होती है, पीड़ित परिवार को कभी न्याय नहीं मिलता और आरोपी छूट जाता है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि बिहार में कानून व्यवस्था की स्थिति भयावह हो गई है। उन्होंने कहा कि सीएम नीतीश कुमार अब बिहार नहीं चला पा रहे हैं, थक चुके हैं, उनकी स्थिति हम देख सकते हैं। बांका जिले में पत्रकारों से बात करते हुए, राजद नेता ने उन्हें चुनौती दी कि वे केंद्र में अपने प्रभाव का इस्तेमाल करके जाति जनगणना करवाएं, साथ ही राज्य के लिए विशेष दर्जा और हाल की बाढ़ से तबाह हुए क्षेत्रों के लिए राहत पैकेज भी हासिल करें।

एक सवाल के जवाब में, अब विपक्ष के नेता, यादव ने कहा अब नीतीश कुमार के साथ हाथ मिलाने का सवाल ही नहीं उठता। उनका समय समाप्त हो गया है। वह थक गए हैं और अब बिहार पर शासन करने में सक्षम नहीं हैं। विशेष रूप से, यादव की पार्टी, जिसका नेतृत्व उनके पिता लालू प्रसाद कर रहे हैं, की जद (यू) के साथ दो साझेदारियाँ रही हैं, दोनों ही अल्पकालिक रहीं। दोनों पार्टियों ने पहली बार 2015 में गठबंधन किया था, जब गठबंधन ने विधानसभा चुनावों में शानदार जीत दर्ज की थी, हालांकि कुमार दो साल बाद एनडीए में वापस चले गए।



## योगी सरकार के मंत्री के नाम पर पोती कालिख, गेट पर लिख चोर-बेईमान !

लखनऊ । उत्तर प्रदेश की राजधानी में योगी सरकार के एक राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के आवास पर चोर-बेईमान लिखा गया है। इतना ही नहीं उनके आवास पर राज्यमंत्री के नेम प्लेट पर कालिख तक पोत दी गई है। यह सबकुछ कांग्रेस के नेताओं ने किया। दरअसल, कांग्रेस के नेता आक्रोशित हैं। बताया जा रहा है कि राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) की तरफ से कांग्रेस नेता एवं राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी को लेकर टिप्पणी की गई थी। जिसके विरोध में राज्यमंत्री के घर पर चोर-बेईमान लिखा गया है। उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह के आवास पर बुधवार को कांग्रेस नेता अनिल यादव पहुंचे। अनिल यादव ने सबसे पहले राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह के आवास पर चोर बेईमान लिखा, उसके बाद आवास पर लगे नेम प्लेट (नाम पट्टिका) पर कालिख पोत दी। खास बात यह रही कि यह सब करते हुये कांग्रेस नेता का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। गौरतलब है कि प्रियंका गांधी वायनाड से चुनाव लड़ने जा रही हैं, कांग्रेस ने उन्हें वायनाड लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाया है। इसी पर राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने टिप्पणी कर दी। उन्होंने यह टिप्पणी अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर की है। उन्होंने लिखा है कि अन्तत: लड़की लड़ नहीं पाई और भाग ही गई वहां जहां लड़ना न पड़े। बूढ़ी जो हो गई। वहीं कालिख पोते जाने की जानकारी जब मंत्री के आवास पर मौजूद लोगों को हुई तो उन्होंने आनन-फानन में चोर-बेईमान लिखा हुआ को मिटा दिया है।

## महाराष्ट्र चुनाव से पहले अजित पवार को लगा बड़ा झटका, एनसीपी के 600 से अधिक कार्यकर्ताओं ने छोड़ी पार्टी

**मुंबई (एजेंसी)**। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले अजित पवार को मंगलवार को बड़ा झटका लगा। पुणे शहर इकाई से राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के 600 से अधिक पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने इस्तीफा दे दिया। आक्रोशित कार्यकर्ता पुणे शहर अध्यक्ष दीपक मानकर को एमएलसी पद नहीं देने के राज्यपाल के फैसले का विरोध कर रहे थे। यह घटनाक्रम उसी दिन हुआ जब भारत निर्वाचन आयोग ने राज्य विधानसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा की।

मानकर के समर्थक मंगलवार शाम पुणे शहर के नारायणपेठ इलाके में राकांपा कार्यालय में एकत्र हुए और एक बैठक की, जहां उन्होंने अपने इस्तीफे की घोषणा की। सामूहिक इस्तीफे में शहर उपाध्यक्ष, विधानसभा क्षेत्र प्रमुख, विभिन्न सेल प्रमुख और पार्टी कार्यकर्ता जैसे प्रमुख नाम शामिल थे। विशेष रूप से, शहर इकाई ने राज्यपाल के कोटे से पार्टी को आवंटित तीन एमएलसी सीटों में से एक पर मानकर की नियुक्ति की मांग की थी। हालाँकि, राकांपा ने राजनीति में मौजूदा पारिवारिक संबंधों वाले लोगों को फिर से नामांकित करने का फैसला किया। उन्होंने निराशा



और मोहभंग व्यक्त करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और डिप्टी सीएम अजीत पवार को सौंपने के लिए एक ज्ञापन भी तैयार किया।

उन्होंने कहा कि मानकर ने पुणे शहर में राकांपा को मजबूत किया है और इसलिए वह एमएलसी सीट के हकदार हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस अपमान से भविष्य में पार्टी कमजोर होगी। अपने ज्ञापन में नेताओं ने कहा, 'हमें विश्वास था कि अजित पवार पार्टी कार्यकर्ताओं को न्याय दिलाएंगे। हालांकि, दीपक मानकर को एमएलसी सीट से वंचित कर हमारा भरोसा तोड़ दिया गया है।' इस बीच, एनसीपी पुणे शहर के उपाध्यक्ष दत्ता सागरे ने कहा, 'हमारे शीर्ष नेतृत्व द्वारा पुणे शहर के अध्यक्ष दीपक मानकर को राज्यपाल के कोटे से एमएलसी पद से वंचित किए जाने के विरोध में आज 600 पार्टी कार्यकर्ताओं ने अपने पदों से इस्तीफा दे दिया।'

## सलमान खान को माफ कर देगा बिश्नोई समाज... शर्तें मान लें

**जोधपुर (एजेंसी)**। बीते 26 साल से अभिनेता सलमान खान और बिश्नाई समाज के बीच तनातनी चल रही है। वजह ये है कि 1998 में सलमान खान ने काले हिरन का शिकार किया था। इससे विश्नाई समाज नाराज है। समाज का कहना है कि सलमान खान झूठ न बोलें, पानी छानकर पिए,भगवान बिष्णु का आराधना और प्रार्थना सहित 29 नियमों का पालन करें तो पूरा विवाद खत्म हो जाएगा।

फिल्म हम साथ-साथ हैं की शूटिंग के दौरान जोधपुर के कांकाणी गांव में काले हिरण के शिकार के मामले में सलमान खान सहित कई फिल्मी हस्तियों पर आरोप लगाए गए थे। यह मामला अभी भी न्यायालय में विचाराधीन है, लेकिन अब सवाल उठता है कि क्या बिश्नोई समाज सलमान खान को माफ कर सकता है? अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र बूड़िया ने इस विषय पर अहम बयान दिया है।

देवेंद्र बूड़िया का कहना है कि अगर सलमान खान अपने कृत्य के लिए समाज से माफी मांगते हैं और मुकाम में आकर अपनी गलती को स्वीकार करते हैं, तो बिश्नोई समाज के 29 नियमों के तहत उन्हें माफ किया जा सकता है। बिश्नोई समाज के दसवें नियम में यह प्रावधान है कि गलती करने वाले को क्षमा किया जा सकता है। यह नियम समाज के धर्मगुरु भगवान जंभेश्वर जी द्वारा स्थापित किया गया था, जिसके अनुसार दया और क्षमा के भाव से अपराधी को माफ करने की व्यवस्था है।

बिश्नोई समाज प्रकृति प्रेम और शांति का प्रतीक माना जाता है, और अपने 29 नियमों के माध्यम से यह समाज न केवल धार्मिक अनुशासन बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी को भी बढ़ावा देता है। महिपाल बिश्नोई, जो इस घटना से जुड़े रहे, ने बताया कि 1998 की उस रात गांव वालों ने गोली की आवाज सुनी थी और बाद में दो काले हिरणों का शव पाया गया। समाज के लोगों ने एक जिप्सी को घटनास्थल से भागते देखा, जिसमें सलमान खान और उनके साथी मौजूद थे। बिश्नोई समाज का मानना है कि प्रकृति और जीवों की रक्षा करना उनका धर्म है। हालांकि, देवेंद्र बूड़िया के बयान के बाद यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या सलमान खान माफी मांगेंगे और क्या समाज उन्हें क्षमा करेगा।

### इन नियमों का करना होगा पालन

सुबह स्नान करना और शुद्धता बनाए रखना, शील, संतोष, और शुद्धता का पालन करना,

सुबह-शाम संध्या और प्रार्थना करना, शाम को आरती करना और भगवान विष्णु के गुण गाना, सुबह हवन करना, पानी छानकर पीना और शुद्ध वाणी बोलना, ईंधन और दूध छानकर लेना,



क्षमा और सहनशीलता का पालन करना, दया और नम्रता से जीवन जीना,


चोरी न करना, निंदा न करना, झूठ न बोलना, वाद-विवाद से बचना, अमावस्या का व्रत रखना, विष्णु भजन करना, सभी प्राणियों पर दया रखना, पेड़ों को नहीं काटना, अपने हाथ से खाना पकाना, बैल को बधिया (नपुंसक) न करना, नशे (अमल), तंबाकू, भांग और शराब का सेवन न करना, मांस का सेवन न करना, नीले रंग के कपड़े न पहनना।

## अब मणिपुर में होगी शांति, मैतेई, कुकी और नगा के बीच बनी सहमति, केंद्रीय गृहमंत्रालय ने बुलाई थी विधायकों की बैठक

नई दिल्ली । मणिपुर में जारी हिंसा के बीच शांति की पहली हुई। केंद्रीय गृह मंत्रालय की पहल पर मणिपुर के मैतेई, कुकी और नगा समुदायों के 20 विधायक दिल्ली पहुंचे। बैठक पहले गृह मंत्रालय में तय थी, लेकिन बाद में उन्हें खान मार्केट स्थित आईबी दफ्तर ले जाया गया। मंगलवार को बैठक में आईबी के पूर्वोत्तर के संयुक्त निदेशक राजेश कांबले, बीजेपी के समन्वयक संबित पात्रा, केंद्र के सुरक्षा सलाहकार एके मिश्रा और अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में पहले कुकी, फिर मैतेई और बाद में नगा नेताओं से बातचीत की गई, जिसमें उन्होंने अपनी-अपनी मांगें केंद्र के सामने रखी। इसके बाद सभी नेताओं को एकत्रित कर संकल्प दिलाया कि मणिपुर में न तो कोई गोली चलेगी और न ही किसी की जान जाएगी। तीनों समुदायों के प्रतिनिधियों ने इस पर सहमति जताई और एक-दूसरे से हाथ मिलाया। सूत्रों के मुताबिक मणिपुर में हालात को सुधारने के लिए नगा लोगों का अहम रोल था। राज्य में 2016 में सात नए जिले बनाए गए थे, जिन्हें कुकी बहुल कहा जाता है, हालांकि यहां नगा भी रहते हैं। नगा संगठन, यूनाइटेड नगा काउंसिल, इन जिलों को वापस लेने और 1972 की स्थिति को बहाल करने की मांग कर रहा है। 11 सितंबर को गृह मंत्रालय से 15 दिन में इस मुद्दे को हल करने की चेतावनी दी थी। कुकी जनजाति ने तीन मुख्य मांगें उठाई जिसमें सीएम एन. बीरेन सिंह को हटाना, कुकी इलाकों में अलग प्रशासन की मांग और हथियारबंद समूहों को गैर-कानूनी घोषित करना। इन मांगों पर अंतिम निर्णय कुकी काउंसिल की बैठक में लिया जाएगा, जिसमें आगे की रणनीति तय की जाएगी।

## बंगाल खाड़ी में उठा तूफान आज पुडुचेरी और नेल्लोर तट से टकराने की आशंका

**कोलकाता (एजेंसी)**। बंगाल की दक्षिण-पश्चिम खाड़ी में दबाव का क्षेत्र चक्रवाती तूफान में बदल गया है और गुरुवार सुबह पुडुचेरी और नेल्लोर के बीच तूफान के तट से टकराने की आशंका है और इससे दक्षिण तट और रायलसीमा के कई स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना है। आंध्र प्रदेश आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मौसम विभाग ने कहा कि तूफान के गुरुवार सुबह पुदुचेरी और नेल्लोर के बीच तट के पास टकराने की उम्मीद है। तट के किनारे हवाएं चल रही हैं जिनके 40-60 किमी/घंटा की गति होने की उम्मीद है।



चेन्नई और तमिलनाडु के कई इलाकों में विगत दिवस हुई भारी बारिश से शहर में आवागमन पूरी तरह से ठप हो गया। रिहायशी इलाकों और सड़कों पर घुटनों तक पानी भर गया। बारिश के कारण यातायात थम सा गया है। सार्वजनिक परिवहन सेवाएं बाधित हो गई और कई घरेलू उड़ानें रद्द करनी पड़ी हैं। दक्षिणी रेलवे ने जलभराव के चलते चेन्नई सेंट्रल-मैसूर कावेरी एक्सप्रेस सहित चार एक्सप्रेस ट्रेनों को रद्द कर दिया है। कई ट्रेनों का मार्ग परिवर्तित किया गया है कुछ को चेन्नई सेंट्रल रेलवे स्टेशन से पहले ही रोक दिया था। कई घरेलू उड़ानें रद्द की गईं हैं क्योंकि पर्याप्त संख्या में यात्री नहीं आए। आईएमडी के मुताबिक चिह्नित निम्न दबाव क्षेत्र एक अवसाद में बदल गया है और गुरुवार सुबह चेन्नई तट को पार करने की उम्मीद है।

आईएमडी ने कहा कि तिरुवल्लूर, कांचीपुरम, चेंगलपट्टू और चेन्नई जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश और एक या दो स्थानों पर मूसलाधार भारी बारिश होने की संभावना है। कर्नाटक के राजस्व मंत्री कृष्णा बायरे गौड़ा ने कहा कि भारी बारिश के पूर्वानुमान के बाद बेंगलुरु में आपदा प्रतिक्रिया बल के जवानों को तैनात किया गया है। उन्होंने कहा कि किसी भी जरुरत के लिए 40 कर्मियों को तैनात किया जा रहा है। हमने तत्काल प्रतिक्रिया के लिए अग्निशमन और आपातकालीन सेवाओं को स्टैंडबाय पर रखा है। शहर के नागरिक निकाय बृहत बेंगलुरु महानगर पालिका (बीबीएमपी) ने आठ क्षेत्रों में 24 घंटे चालू रहने वाले विशेष नियंत्रण कक्ष स्थापित किए हैं और बारिश से संबंधित समस्याओं की रिपोर्ट करने एक हेल्पलाइन नंबर 1533 भी चालू किया है। जिस पर सूचना दी जा सकती है।

## बिहार में ग्लोबल डिजिटल हेल्थ समिट ने जीता नवाचार पुरस्कार

एजेंसी

**पटना :** बिहार सरकार के स्वास्थ्य विभाग की पहल, भव्या परियोजना, ने ग्लोबल डिजिटल हेल्थ समिट 2024 में प्रतिष्ठित नवाचार पुरस्कार जीता। भव्या परियोजना यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज प्राप्त करने और बिहार में स्वास्थ्य सिस्टम को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह डिजिटल तकनीकों का उपयोग करके स्वास्थ्य सेवाओं की रियल टाइम निगरानी, डेटा विश्लेषण के माध्यम से निर्णय लेने को बढ़ावा देने और समग्र स्वास्थ्य सेवा दक्षता में सुधार करने में सक्षम बनाता है। ये नवाचार न केवल बिहार के लिए परिवर्तनकारी हैं, बल्कि यह एक एसे मॉडल के रूप में काम करता हैं कि डिजिटल स्वास्थ्य कैसे साक्ष्य-आधारित निर्णयों को चला सकता है, स्वास्थ्य परिणामों में सुधार कर सकता है और गुणवत्तापूर्ण देखभाल तक समान पहुंच सुनिश्चित कर सकता है। रोडिक कंसल्टेंट्स, अग्रणी इंजीनियरिंग एवं डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर कंसल्टिंग कंपनी, ने बिहार के स्वास्थ्य परिदृश्य को बदलने के लिए डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, परियोजना प्रबंधन और डेटा-संचालित समाधानों में अपनी विशेषज्ञता का उपयोग करके इस अभूतपूर्व डिजिटल प्लेटफॉर्म को अपनाने में तेजी लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बिहार स्वास्थ्य विभाग के लिए प्रबंधित सेवा प्रदाता के रूप में, रोडिक कंसल्टेंट्स ने बिहार के 38 जिलों में 13,000 राज्य सरकार द्वारा संचालित स्वास्थ्य सुविधाओं में अस्पताल सूचना प्रबंधन प्रणाली के निर्बाध एकीकरण को सुनिश्चित किया है। पूरे राज्य में चालू इस प्लेटफॉर्म में 20 से अधिक मॉड्यूल शामिल हैं, जिसमे रोगियों का पंजीकरण, ओपीडी/आईपीडी प्रबंधन, डॉक्टर की शेड्यूलिंग, फामेर्सी, रेडियोलॉजी और लैब जानकारी उपलब्ध है। यह केंद्रीकृत नियंत्रण केंद्र स्वास्थ्य सूंचकांकों और सुविधाओं के प्रदर्शन की निगरानी करता है, जिससे स्वास्थ्य प्रबंधन के लिए एक सक्रिय, नागरिक-केंद्रित दृष्टिकोण सक्षम होता है। इस नए कीर्तिमान पर बोलते हुए, रोडिक कंसल्टेंट्स के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक, राज कुमार, ने कहा, यह पुरस्कार नवाचार और सार्वजनिक स्वास्थ्य के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है, और बिहार सरकार के साथ हमारे सहयोग की शक्ति को दशार्ता है। स्वास्थ्य सेवा प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करके और पहुंच में सुधार करके, हमने इस परियोजना को उत्कृष्टता और प्रभाव के साथ जीवंत किया है। हमें विश्वास है कि यह पहल न केवल सार्वजनिक स्वास्थ्य में सुधार करेगी बल्कि एक अधिक न्यायसंगत और लचीली स्वास्थ्य सेवा प्रणाली भी बनाएगी।

## सुप्रीम कोर्ट ने वायु प्रदूषण को लेकर हरियाणा और पंजाब को फटकार लगाई

**-आदेश का पालन नहीं हुआ तो मुख्य सचिव पर होगी अवमानना की कार्रवाई**

**-दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण से लोग हो रहे परेशान**

**नई दिल्ली (एजेंसी)**। सुप्रीम कोर्ट ने वायु प्रदूषण के बढ़ते स्तर को लेकर हरियाणा और पंजाब को फटकार लगाई है। बुधवार को सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि आदेश का पालन नहीं हुआ तो हरियाणा के मुख्य सचिव के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई की जाएगी।

सुप्रीम कोर्ट ने अपने पहले आदेश का पालन नहीं किए जाने को लेकर बुधवार 16 अक्टूबर को हरियाणा और पंजाब सरकार को जबरदस्त फटकार लगाई है। कोर्ट ने चेतावनी दी और कहा कि यदि उसके आदेश का पालन नहीं किया गया तो हरियाणा के मुख्य सचिव के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई की जाएगी। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने सवाल किया कि आखिर पराली जलाने वालों के खिलाफ मुकदमा चलाने और नाममात्र को जुर्माना लगाकर लोगों को छोड़ने से राज्य क्यों कतरा रहा है? इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा सरकार को एक सप्ताह का समय देने की बात कहते हुए कहा कि यदि आदेश का पालन नहीं किया गया तो मुख्य सचिव के खिलाफ अवमानना का मामला दर्ज करेंगे। कोर्ट के इस सवाल पर कि आप लोगों पर मुकदमा चलाने से क्यों कतराते हैं? हरियाणा के वकील ने बताया कि हमने इस साल करीब 17 के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं।

### कानून का उल्लंघन करने वालों पर एक भी मुकदमा नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने जहां यह कहा कि आयोग का कोई भी सदस्य वायु प्रदूषण से निपटने के लिए योग्य नहीं है वहीं इस बात को लेकर हैरानी भी जताई कि कोर्ट के आदेश का पालन नहीं किया गया यहां तक कि कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अभी तक एक भी मुकदमा नहीं चलाया गया है। कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि सब कुछ महज कागजों पर चल रहा है। पराली जलाने वालों को रोकने में असफल रहने के चलते सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा के मुख्य सचिव को अगली सुनवाई के दौरान कोर्ट में पेश होने का आदेश भी दे दिया।

### नाममात्र का जुर्माना और कुछ नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि आप तो नाममात्र का जुर्माना ले रहे हैं। हद यह है कि इसरो आपको बता रहा कि आग कहां लगी थी और आप कहते हैं कि आपको कुछ नहीं मिला। कोर्ट ने कहा कि कानून उल्लंघन के 191 मामले आए और आपने सिर्फ नाममात्र का जुर्माना लिया। एनसीटी क्षेत्र अधिनियम के तहत आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों की अवहेलना की गई है। इस पर हरियाणा सरकार की ओर से पेश हुए वकील ने गलती स्वीकार करते हुए कहा कि मैं अपनी ओर से हुई चूक या गलती को स्वीकार करता हूं। इस पर कोर्ट का कहना था कि यह कोई राजनीतिक मामला नहीं है यदि मुख्य सचिव किसी के इशारे पर काम कर रहे हैं तो उनके खिलाफ भी हम समन जारी करेंगे।

इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार को फटकार लगाई और कहा कि पंजाब सरकार ने भी पराली जलाने पर रोक के आदेश पर कुछ नहीं किया। विगत 03 सालों में पंजाब ने एक भी व्यक्ति पर मुकदमा नहीं चलाया। नाममात्र का जुर्माना लगा रहे हैं और कुछ नहीं किया गया। धान की पराली जलाई जा रही है और आप वायु प्रदूषण निवारण अधिनियम 1981 के तहत कुछ करना ही नहीं चाहते। वायु लगातार प्रदूषित हो रही है। सुप्रीम कोर्ट ने पराली जलाने पर रोक लगाने में असफल रहने पर पंजाब सरकार के मुख्य सचिव को भी अगले बुधवार 23 अक्टूबर को सुनवाई में अदालत में व्यक्तिगत तौर पर पेश



होने के आदेश दिए हैं।

पंजाब और हरियाणा को फटकार लगाने के साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग को भी आदेश दिया कि हरियाणा और पंजाब के जिन अधिकारियों ने कोर्ट के आदेश का पालन नहीं किया उनके खिलाफ वो कारवाई करे। दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते वायु प्रदूषण से लोगों का जीना मुहाल हो जाता है, ऐसे में सुप्रीम कोर्ट ने इस बार सख्ती दिखाई है, ताकि समस्या का समाधान निकाला जा सके।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रधान संपादक-देवेंद्र सिंह*** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**